Page 2



ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय दल के प्रदर्शन पर गर्व...

# हरियाणा मेल

सही खबर- भेदी नजर



haryanamail.in @haryanamail

मंगलवार, 4 अगस्त, 2026

गुरुग्राम , वर्ष -14, अंक - 60, पृष्ठ-12, मूल्य : 3.00 रूपए

RNI NO. : HARHIN/2012/47672

2047 के लक्ष्य के साथ तैयार... 12 Page

### बांकीपुर उपचुनाव में जन सुराज की ऐतिहासिक दस्तक

# भाजपा का 31 साल पुराना किला ढहा

## रणनीतिकार से विधायक बने प्रशांत किशोर; 19,324 वोटों से भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार को हराया, राजद की रेखा कुमारी तीसरे स्थान पर

- **प्रशांत किशोर को 64,151 और भाजपा को मिले 44,827 वोट**
- **जन सुराज पार्टी की पहली चुनावी जीत, प्रशांत ने भी जीता जीवन का पहला चुनाव**
- **1995 से भाजपा के कब्जे वाली सीट पर बदला जनादेश, बिहार की राजनीति में नई हलचल**



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**पटना।** वर्षों तक देश के बड़े राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर ने सोमवार को अपने पहले ही चुनाव में बिहार की राजनीति में बड़ा उलटफेर कर दिया। जन सुराज पार्टी के संस्थापक ने पटना की प्रतिष्ठित बांकीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा के 31 वर्षों से कायम मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार को 19,324 वोटों के अंतर से हराकर न केवल विधानसभा में प्रवेश किया, बल्कि अपनी पार्टी के लिए भी पहली राजनीतिक सफलता दर्ज कराई।

चुनाव आयोग के अनुसार प्रशांत किशोर को 64,151 वोट मिले, जबकि नीरज कुमार को 44,827 मत प्राप्त हुए। राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार रेखा कुमारी 14,273 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कुल वैध मतों में किशोर को 49.23 प्रतिशत वोट मिले, जबकि भाजपा का वोट शेयर 34.40 प्रतिशत रहा। 32 राउंड की मतगणना के बाद उन्हें विजेता घोषित किया गया।

बांकीपुर सीट वर्ष 1995 से भाजपा का मजबूत गढ़ रही थी। लंबे समय तक यहां से विधायक रहे नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद सीट खाली हुई थी। उपचुनाव में भाजपा ने नीरज कुमार को उम्मीदवार बनाया, लेकिन मतदाताओं ने इस बार बदलाव को प्राथमिकता दी।

**रणनीति बनाने वाला स्वयं बना विजेता**

प्रशांत किशोर की यह जीत ऐतिहासिक मानी जा रही है। देशभर में कई चुनावों की रणनीति बना चुके किशोर पहली बार खुद चुनावी मैदान में उतरे और उन्होंने एक कठिन सीट को चुना। उन्होंने घर-घर संपर्क, स्थानीय मुद्दों और युवाओं की अपेक्षाओं को अपने अभियान का केंद्र बनाया, जिसका उन्हें सीधा लाभ मिला।

वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी थी और पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा था। ऐसे में बांकीपुर की जीत ने पार्टी को विधानसभा में पहला प्रतिनिधित्व दिलाया और किशोर की सक्रिय राजनीति में मजबूत एंट्री कराई।

**राजद का आधार भी खिसका**

इस चुनाव परिणाम ने राजद के लिए भी चिंता बढ़ा दी है। जहां त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद थी, वहीं राजद उम्मीदवार महज 10.95 प्रतिशत वोट तक सिमट गईं। प्रशांत किशोर ने शहरी और युवा मतदाताओं के साथ-साथ भाजपा विरोधी वोटों को अपने पक्ष में जोड़कर मुकाबले को सीधा बना दिया। कम मतदान के बावजूद करीब आधे वोट हासिल करना उनकी बड़ी सफलता माना जा रहा है। इस सीट पर कुल मतदान 34.24 प्रतिशत रहा।

**तीन महीने में बदलाव का वादा**

जीत के बाद प्रशांत किशोर ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि तीन महीने के भीतर क्षेत्र में बदलाव दिखेगा। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनके दरवाजे पूरे बिहार के लोगों के लिए खुले रहेंगे। जीत के बाद समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया और उन्होंने रोड शो कर जनता का अभिवादन किया।

प्रशांत किशोर ने इस जीत को जनता के संदेश के रूप में बताते हुए कहा कि बिहार के लोग बेहतर शिक्षा, रोजगार और मजबूत नेतृत्व चाहते हैं।

भाजपा ने स्वीकार किया जनादेश


बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें जीत की बधाई दी। भाजपा नेतृत्व ने भी हार स्वीकार करते हुए समीक्षा की बात कही है। पार्टी के लिए यह हार इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बांकीपुर उसकी सबसे सुरक्षित सीटों में मानी जाती थी।

यह परिणाम फिलहाल सत्ता संतुलन को नहीं बदलता, लेकिन बिहार की राजनीति में तीसरे विकल्प के रूप में प्रशांत किशोर की मौजूदगी जरूर दर्ज करता है। आने वाले चुनावों में इस जीत की वास्तविक परीक्षा होगी।

### चौटाला सरकार के समय हुई भर्ती को मिली ढाई दशक बाद राहत

## 27 साल पुराने जेबीटी भर्ती विवाद का अंत

- **3206 शिक्षकों की नौकरी पर लटकी तलवार हटी**
- **हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं का किया निपटारा**



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने करीब 27 साल पुराने जेबीटी भर्ती मामले में लंबित सभी याचिकाओं का निपटारा कर दिया है। इसके साथ ही वर्ष 1999 में पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के कार्यकाल में भर्ती हुए 3206 जेबीटी शिक्षकों की नौकरी पर मंडरा रहा खतरा भी खत्म हो गया है। इसी भर्ती मामले में ओम प्रकाश चौटाला को जेल जाना पड़ा था।

हाईकोर्ट की जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस अमरिंदर सिंह ग्रेवाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार के समाधान प्रस्ताव के आधार पर सभी लंबित अपीलों का निपटारा किया। सरकार की ओर से एडीशनल एडवोकेट जनरल संजीव कौशिक ने अदालत को बताया कि दो दशक से अधिक समय से सेवा दे रहे शिक्षकों की नियुक्तियों को अब प्रभावित नहीं किया जाएगा।

सरकार ने अदालत को बताया कि 8 जनवरी 2014 के एकल पीठ के फैसले के अनुसार नई समेकित मेरिट सूची तैयार करना अब व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। कई जिलों की मूल इंटरव्यू सूची उपलब्ध नहीं है, कुछ अधूरी हैं और कई रिकॉर्ड में साक्षात्कार के अंक दर्ज नहीं हैं। करीब 25 वर्ष बीत जाने के कारण पूरी मेरिट सूची का पुनर्निर्माण संभव नहीं रह गया है। सरकार ने कहा कि भर्ती के तहत नियुक्त कई शिक्षक लगातार सेवा दे रहे हैं और कुछ सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। ऐसे में उनकी सेवाएं समाप्त करने से प्रशासनिक कठिनाइयां बढ़ेंगी और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। इसलिए उनकी सेवाएं बरकरार रखने का फैसला किया गया है।

वहीं, 8 जनवरी 2014 के फैसले से लाभ पाने वाले 221 याचिकाकर्ताओं की शैक्षणिक मेरिट के आधार पर समीक्षा की गई, जिनमें करीब 160 अभ्यर्थी चयन योग्य पाए गए। इन्हें उपलब्ध रिक्त पदों पर भविष्य प्रभाव से नियुक्ति दी जाएगी। हालांकि इन्हें पिछली तिथि से वरिष्ठता, बकाया वेतन, एरियर या अन्य वित्तीय लाभ नहीं मिलेंगे। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था केवल लंबे समय से लंबित विवाद के समाधान के लिए विशेष कदम है और इसे भविष्य के किसी अन्य मामले में नजीर नहीं माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता पिछली तिथि से लाभ के लिए सरकार के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।

### नीट विवाद और अन्य मुद्दों पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने

## संसद में फिर संग्राम, मानसून सत्र चढ़ा हंगामे की भेंट

- **हंगामे के बीच कई विधेयक पारित, विपक्ष ने उठाए सवाल**
- **गतिरोध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों में सहमति की कोशिश जारी**
- **सरकार ने विपक्ष पर कार्यवाही बाधित करने का लगाया आरोप**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच जारी टकराव सोमवार को भी देखने को मिला। नीट विवाद, छात्रों से जुड़े मुद्दों और अन्य विषयों को लेकर विपक्ष ने सदन में जोरदार हंगामा किया। इस बीच राज्यसभा में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 को विपक्ष के भारी विरोध और नारेबाजी के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

इस संशोधन विधेयक का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में भुगतान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और सरल बनाना है। सरकार के अनुसार इससे छोटे उद्यमों को भुगतान में होने वाली देरी की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही, नियमों के अनुपालन को आसान बनाया जाएगा और कारोबारियों पर अनावश्यक प्रशासनिक बोझ कम होगा। विधेयक में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के पक्ष में दिए गए मध्यस्थता निर्णयों को लागू कराने की प्रक्रिया को भी तेज करने का प्रावधान किया गया है।

दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी को विधेयक पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा। चर्चा शुरू होते ही विपक्ष ने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को नियम 267 के तहत पहले बोलने की अनुमति देने की मांग की। लगातार हंगामे के बाद खरगे को अपनी बात रखने का अवसर दिया गया।

खरगे ने अपनी बात रखते हुए राम जन्मभूमि का उल्लेख किया, जिस पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मंत्री विधेयक पर चर्चा शुरू कर चुके हैं और सदन को उसी विषय पर आगे बढ़ना चाहिए। कांग्रेस सांसद अजय माकन ने कहा कि अपने लंबे संसदीय अनुभव में उन्होंने पहली बार देखा है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया जा रहा। उन्होंने छात्रों से जुड़े मुद्दों का भी उल्लेख किया, जिस पर पीठ ने स्पष्ट किया कि विधेयक से असंबंधित बातें कार्यवाही का हिस्सा नहीं होंगी।

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सदस्यों को कई अवसर दिए गए, लेकिन उन्होंने विधेयक से जुड़े विषयों पर चर्चा नहीं की। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने गृह मंत्री की मौजूदगी की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास सहित कई सदस्यों ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया, लेकिन हंगामे के बीच कार्यवाही आगे बढ़ाई गई।

विधेयक पर चर्चा में कई सांसदों ने भाग लिया। इनमें बीजद के डॉ. संत्रुप्त मिश्रा, वाईएसआरसीपी के गोल्ला बाबूराव, एआईएडीएमके के एम. थंबीदुरई, एनसीपी के राजेंद्र हीरालाल जैन, तेदेपा के मस्तान राव यादव, बीआरएस के रविचंद्र वड्डीराजू, यूपीपीएल के प्रमोद बोरो, भाजपा के संजय सेठ और बसपा के रामजी शामिल रहे।

## भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में बरी

- **राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला**
- **दिल्ली पुलिस ने दर्ज किए थे गंभीर आरोप**



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता बृजभूषण शरण सिंह व भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर को आज बरी कर दिया । एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने दोनों को बरी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 2 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अदालत ने सात जुलाई 2023 को दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस ने 15 जून 2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए थे। कोर्ट ने 10 मई 2024 को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

केस की सुनवाई के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने याचिका दाखिल कर कहा था कि वह 7 सितंबर 2022 को घटना वाले दिन भारत में नहीं थे। बृजभूषण ने इस तथ्य की दिल्ली पुलिस से जांच करने का आदेश देने की मांग की थी। उनकी मांग को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। कोर्ट ने 20 जुलाई 2023 को बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपी विनोद तोमर को जमानत दी थी।

## छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के लिए माफी मांगें प्रधानमंत्री: खरगे

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री संसद में विपक्ष के सवालों का जवाब देने से बच रहे हैं और छात्रों, राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपों समेत कई जनहित के मुद्दों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं।

खरगे ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी छात्रों को डराने और दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में बहस और जवाबदेही जरूरी है। प्रधानमंत्री को संसद में आकर विपक्ष के सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीट विवाद, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष जनता की आवाज उठा रहा है और सरकार से जवाब मांगता रहेगा।

### उत्तराखंड के हरिद्वार में कांवड़ियों की रिकॉर्ड आमद

## पांच दिन में एक करोड़ के पार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**हरिद्वार।** श्रावण मास के कांवड़ मेले में शिवभक्तों की आस्था चरम पर है। मेले के पांचवें दिन सोमवार को 32 लाख 25 हजार से अधिक कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। मेला कंट्रोल रूम में स्थापित पुलिस कंट्रोल रूम से सोमवार शाम प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अब तक गंगाजल लेकर प्रस्थान करने वाले शिवभक्तों की कुल संख्या एक करोड़ नौ लाख 10 हजार से अधिक हो गई है। सोमवार को हर की पैड़ी सहित हरिद्वार के विभिन्न घाटों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने गंगाजल भरकर अपनी कांवड़ यात्रा शुरू की।

श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए कांवड़ मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस, प्रशासन तथा अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैदी से तैनात हैं। सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक (एसटीएफ) निलेश आनंद भरणे तथा पुलिस उप महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) धीरेंद्र सिंह गुंज्याल ने हरिद्वार पहुंचकर मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला प्रशासन ने सभी शिवभक्तों से निर्धारित यात्रा मार्गों का पालन करने, पुलिस एवं प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने तथा स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित कांवड़ यात्रा के संचालन में सहयोग करने की अपील की है।

## हाई कोर्ट से पंजाब सरकार को झटका: दो सप्ताह में कर्मियों एवं पेंशनरों का डीए चुकाने का आदेश

- **छह लाख कर्मचारियों-पेंशनरों को राहत**
- **14,191 करोड़ का बोझ, भुगतान तक विज्ञापन व गैर-जरूरी खर्च पर रोक**
- **अदालत का सख्त रुख— देरी पर 6% ब्याज, मुख्य सचिव से अनुपालन रिपोर्ट मांगी**



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को बड़ा झटका देते हुए करीब छह लाख सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों का लंबित महंगाई भत्ता बकाया 15 दिनों के भीतर जारी करने का आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकार की लेटर्स पेटेंट अपील खारिज करते हुए एकल पीठ के पहले के फैसले को बरकरार रखा।

इस आदेश को लागू करने से पंजाब सरकार पर करीब 14,191 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ पड़ने का अनुमान है। उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव को भुगतान पूरा होने के बाद शपथपत्र दाखिल कर आदेश के पालन की जानकारी देने को भी कहा है।

अदालत ने लंबित बकाया चुकाए जाने तक पंजाब सरकार को बड़े विज्ञापन अभियानों और गैर-जरूरी योजनाओं पर खर्च करने से भी रोक दिया है। आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर लंबित राशि पर छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाया जा सकता है।

यह मामला राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को अखिल भारतीय सेवाओं तथा न्यायिक अधिकारियों के समान दर पर महंगाई भत्ता देने से जुड़ा है। इससे पहले एकल पीठ ने सरकार को लंबित डीए और महंगाई राहत का भुगतान करने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए कहा था कि एकल पीठ को इस मामले में आदेश पारित करने का अधिकार नहीं था।

फैसले के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने आदेश का स्वागत करते हुए सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अन्य योजनाओं के लिए धन उपलब्ध है, लेकिन कर्मचारियों और पेंशनरों का वैध बकाया लंबे समय से रोका गया था।

विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने भी फैसले का स्वागत किया और कहा कि इस मुद्दे को पंजाब विधानसभा में उठाया जाएगा। उन्होंने सरकार से अदालत के आदेश का पालन करते हुए बकाया राशि जल्द जारी करने की मांग की।

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने कहा कि पंजाब सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ खड़ी है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान अदालत के निर्देशों के अनुरूप भुगतान का समाधान निकालेंगे।

## जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शनों को लेकर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस मामले पर केंद्र सरकार का पक्ष लेकर कोर्ट को सूचित करने को कहा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र से कहा कि आप ये साफ करें कि क्या विरोध प्रदर्शनों के लिए कोई वैकल्पिक या उपयुक्त जगह हो सकती है। याचिका सतीश चंद कौशिक ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि जंतर-मंतर बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों और धरनों के लिए एक व्यावहारिक जगह नहीं है। इसके लिए कोई वैकल्पिक जगह होनी चाहिए। जंतर-मंतर पर बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है और वहां आंदोलन होने से स्थानीय लोगों को असुविधा होती है।

याचिका में कहा गया है कि जंतर-मंतर पर पीने के पानी, शौचालय, सीवरेज और भोजन आदि की बुनियादी सुविधाएं न के बराबर हैं। यहां विरोध प्रदर्शनों के चलते इलाके में यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। स्थानीय निवासियों, राहगीरों के अलावा इमरजेंसी सेवाओं पर भी बुरा असर पड़ता है।

## चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार व 13.23 किलो अफीम बरामद

- **पुलिस और सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना के आधार पर चलाए अभियान**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए चार सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई के दौरान हथियार, गोला-बारूद और 13.230 किलोग्राम अफीम भी बरामद की गई।

सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल पूर्व जिले के इरिलबुंग थाना क्षेत्र के खोंगमान जोन-5 ईस्ट से केसीपी (अपुनबा) के सक्रिय कैडर जॉयसन खंगेम्बाम उर्फ लोयुम्बा उर्फ टोंडोनबा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, वह कथित तौर पर रंगदारी वसूली की गतिविधियों में शामिल था।

इससे पहले रविवार को इंफाल पूर्व जिले के लामलाई थाना क्षेत्र के नोंगाडा थोंगखोंग से केसीपी (एमएफएल) के सक्रिय कैडर लौरेम्बाम रॉबिन्सन सिंह उर्फ बेनिन को पकड़ा गया। उसके कब्जे से दो .32 पिस्तौल, दो मैगजीन और नौ जिंदा कारतूस बरामद हुए।

चुराचांदपुर जिले के सांगाइकोट उपमंडल के टी. खुआंगखाई गांव में छापेमारी कर सेइखोगिन माटे को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से करीब 13.230 किलो अफीम बरामद हुई। वहीं, बिष्णुपुर जिले के कुम्बी थाना क्षेत्र से आरपीएफ/पीएलए के सक्रिय कैडर नगंगबाम नानाओ सिंह को भी गिरफ्तार किया गया।

सुरक्षा एजेंसियों ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रंप ने ईरान पर हमले की योजना रोकी, बातचीत के जरिए तनाव कम करने का दावा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई को रोकने का दावा किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान पर हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार था, लेकिन एक संभावित समझौते की रूपरेखा बनने के बाद उन्होंने कार्रवाई रद्द करने का फैसला किया।

रूस की अंतरराष्ट्रीय समाचार टेलीविजन नेटवर्क रशिया टुडे (आरटी)तथा तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के मुताबिक ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि प्रस्तावित समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े खतरे को खत्म करना शामिल है। उन्होंने दावा किया कि ईरान और कुछ मध्य-पूर्वी देशों के अनुरोध पर यह फैसला लिया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से नहीं देखी गई सैन्य शक्ति के साथ कार्रवाई के लिए तैयार था, लेकिन





शांति और क्षेत्रीय स्थिरता को देखते हुए हमला रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप के मुताबिक, इजराइल भी इस प्रक्रिया में अमेरिका के साथ है।

हालांकि, ईरान ने ट्रंप के दावों को खारिज किया है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। ईरानी सूत्रों ने कहा कि जब तक अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई जारी रखता है, तब तक जलडमरूमध्य पर मौजूदा स्थिति बनी रहेगी।

इससे पहले अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अमेरिका और इजराइल ईरान के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाने वाले बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे थे। संभावित हमलों में बिजली संयंत्रों और तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाए जाने की चर्चा थी। तनाव के बीच सऊदी अरब ने भी दोनों देशों से बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से बातचीत कर क्षेत्रीय अस्थिरता और खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर संभावित जवाबी हमलों को लेकर चिंता जताई थी।

इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत दोबारा शुरू करने को लेकर अभी तारीख और स्थान तय नहीं हुआ है।

पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान और कतर मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए दोनों देशों के संपर्क में हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि फिलहाल अमेरिका के साथ कोई सीधी बातचीत नहीं चल रही है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक तनाव कम करने के लिए पर्दे के पीछे मध्यस्थों के जरिए बातचीत जारी है।

संभावित वार्ता के लिए इस्लामाबाद और दोहा जैसे स्थानों पर विचार किया जा रहा है। शुरुआती बातचीत में परमाणु मुद्दे के बजाय युद्धविराम बनाए रखने, क्षेत्रीय तनाव कम करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर व्यवस्था बनाने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस मार्ग पर किसी भी तरह का संकट अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने वाला विधेयक लोकसभा में पारित




हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और न्यायिक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने संबंधी विधेयक सोमवार को बिना किसी चर्चा के पारित कर दिया। विधेयक में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का प्रावधान किया गया है। लोकसभा ने आज सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पारित किया। यह विधेयक सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में और संशोधन करता है। विधेयक चर्चा के लिए पेश किए जाने के दौरान विपक्ष लगातार विभिन्न मुद्दों पर हंगामा करता रहा। पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नटी की ओर से आग्रह के बाद भी हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच विधेयक को पारित कर दिया गया। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में कहा कि संशोधन न्यायिक क्षेत्र में सुधारों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान पीठों के गठन के कारण नियमित मामलों की सुनवाई के लिए उपलब्ध न्यायाधीशों की संख्या कम हो जाती है। ऐसे में अतिरिक्त न्यायाधीशों की आवश्यकता महसूस की गई। इस संबंध में लाए गए अध्यादेश को विधिक स्वरूप देने के लिए विधेयक सदन के समक्ष रखा गया है।

संविधान के अनुच्छेद 124 के अनुरूप समय-समय पर बदलती आवश्यकताओं के अनुसार उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाई जाती रही है। संविधान लागू होने के समय मुख्य न्यायाधीश सहित कुल आठ न्यायाधीशों का प्रावधान था। बाद में 1956 के कानून के माध्यम से यह संख्या बढ़ाई गई।

# राहुल गांधी ने छात्रों से की, प्रयागराज के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 8 अगस्त को आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए, आज कहा कि पेपर लीक, रुकी हुई भर्तियों और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस युवाओं की आवाज उठाना और उन्हें न्याय दिलाने का संघर्ष जारी रखेगी।

राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'जॉब नहीं मिलेगा, तो सिंहासन हिलेगा।' कोटा और देहरादून के बाद अब 'छात्रों की गूंज' प्रयागराज पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज वह शहर है, जहां लाखों युवा वर्षों से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वे आवेदन पत्र भरते हैं, परीक्षा शुल्क जमा करते हैं और लंबे समय तक भर्ती प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करते रहते हैं।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने युवाओं का वर्तमान छीन लिया है, जबकि लंबित भर्तियों ने उनके भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हाल में दिल्ली में अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया और पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया था। राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से 8 अगस्त को प्रयागराज में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## खबरें फटाफट

### बांग्लादेश में हिन्दू संत चिन्मय ब्रह्मचारी को उच्च न्यायालय से चार में से दो केस में जमानत मिली



**ढाका (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने देश के प्रमुख और युवा हिन्दू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को चार में से दो केस में जमानत प्रदान कर दी। ब्रह्मचारी लगभग 20 माह से जेल में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी पर भारत समेत कई देश कड़ा विरोध जता चुके हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने जमानत मिलने की पुष्टि की। भट्टाचार्य ने कहा कि चिन्मय के खिलाफ कुल छह केस दर्ज हैं। अब तक चार मामलों में जमानत मिल चुकी है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति केएम जाहिद सरवर और न्यायमूर्ति शेख अबू ताहिर की पीठ ने रविवार देरशाम जमानत आदेश पारित किया। वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि हालांकि, उन्हें तुरंत न्यायिक हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा, क्योंकि उन्हें अभी दो मामलों में जमानत नहीं मिली है। भट्टाचार्य ने कहा कि उनके मुवक्किल हिन्दू संत चिन्मय के खिलाफ छह केस दर्ज किए गए हैं। इनमें से चटगांव में वकील सैफुल इस्लाम की मौत से जुड़े हत्या के मामले में सुनवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर दर्ज राजद्रोह के मामले में चिन्मय की जमानत पर उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश लागू है। जिन दो केस में जमानत का इंतजार किया जा रहा है, उनकी याचिकाओं पर सुनवाई 16 अगस्त को होनी है। चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर, 2024 को ढाका में राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर दर्ज राजद्रोह के केस में गिरफ्तार किया गया था। तब से वह सलाखों के पीछे हैं।

### टेम्पो ट्रैवलर से टकराया ट्रेलर, एक ही परिवार की 3 महिलाओं की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ थाना क्षेत्र स्थित बोबासर पुलिया पर सोमवार को भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि 13 श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब सालासर बालाजी के दर्शन कर पुष्कर जा रही श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो ट्रैवलर की सामने से आ रहे ट्रेलर से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। मृतक और घायल सभी पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। डीवाईएसपी दरजाराम के अनुसार कोलकाता निवासी एक ही परिवार के 17 सदस्य किराये की टेम्पो ट्रैवलर से राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा पर आए थे। इसी दौरान सुजानगढ़ के निकट बोबासर पुलिया पर उनकी टेम्पो ट्रैवलर की सामने से आ रहे ट्रेलर से भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना देने के साथ राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पर एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा और डीवाईएसपी दरजाराम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे घायलों और मृतकों को बाहर निकाला। सभी 13 घायलों को एम्बुलेंस से राजकीय बगड़िया अस्पताल, सुजानगढ़ पहुंचाया गया, चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

### तिब्बती शरणार्थियों के नाम पर यात्रा दस्तावेज जारी करने के आरोप में विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव गिरफ्तार


**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव पुष्पराज भट्टराई को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने सोमवार को सिंहदरबार स्थित विदेश मंत्रालय के उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया। संयुक्त सचिव भट्टराई पर तिब्बती शरणार्थियों के नाम पर गैर-कानूनी तरीके से ट्रैवल डॉक्यूमेंट जारी करने का आरोप है। सीआईबी आज ही उन्हें काठमांडू जिला अदालत में पेश करने की तैयारी कर रही है। उनके खिलाफ पिछले सोमवार को ही मामला दर्ज किया गया था। सीआईबी के प्रवक्ता एसएसपी अनुपम शमशेर जबरा के अनुसार, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव भट्टराई पर वर्ष 2011 में तिब्बती शरणार्थी के नाम पर फर्जी लोगों के ट्रैवल डॉक्यूमेंट जारी करने का आरोप है।

# आग बुझाने के दौरान दो हेलीकॉप्टर टकराए, दो क्रू सदस्यों की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**एथेंस।** ग्रीस में जंगल की आग पर काबू पाने के अभियान के दौरान दो हेलीकॉप्टर हवा में ही आपस में टकरा गए, जिससे चालक दल के दो सदस्यों की मौत हो गई। हादसे में मारे गए लोगों में एक ग्रीक कोऑर्डिनेटर और एक डेनिश पायलट शामिल हैं।



फ्रांस के टेलीविजन नेटवर्क फ्रांस 24 तथा रूस के टेलीविजन नेटवर्क रशिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों हेलीकॉप्टर शुक्रवार से फैली एक बड़ी जंगल की आग को नियंत्रित करने के अभियान में लगे थे। टक्कर के बाद एक हेलीकॉप्टर आग की चपेट में आकर जमीन पर गिर गया, जबकि दूसरे हेलीकॉप्टर के क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। हादसे की वजह की जांच शुरू कर दी गई है।

दोनों हेलीकॉप्टर ऑस्ट्रेलियाई एरियल फायरफाइटिंग कंपनी मैकडरमॉट एविएशन से लीज पर लिए गए थे। शुरुआती वीडियो फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक हेलीकॉप्टर दूसरे के उड़ान मार्ग में आ जाता है, जिसके बाद टक्कर हो जाती है। अधिकारियों ने जांच पूरी होने तक इस मॉडल के हेलीकॉप्टरों की उड़ान रोक दी है।

ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों को बेहद कठिन परिस्थितियों में आग से लड़ने वाले अग्रिम योद्धा बताया। उन्होंने कहा कि देश इस समय गंभीर मौसम और तेज हवाओं के कारण बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है।

ग्रीस में पिछले एक सप्ताह में जंगल की आग की कम से कम 220 घटनाएं सामने आई हैं। एथेंस के पश्चिमी हिस्से में लगी बड़ी आग से निपटने के लिए करीब 500 फायरफाइटर और 23 विमान तैनात किए गए थे। हालांकि, तेज हवाओं के कारण राहत और बचाव अभियान में मुश्किलें आईं। कई बार विमानों के लिए समुद्र से पानी भरना भी जोखिम भरा हो गया।

यूरोप के कई देश इस समय भीषण जंगल की आग से जूझ रहे हैं। सूखे मौसम, तेज हवाओं और बढ़ते तापमान ने आग बुझाने के प्रयासों को और मुश्किल बना दिया है। ग्रीक अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिन भी चुनौतीपूर्ण रह सकते हैं क्योंकि कई क्षेत्रों में आग का खतरा अभी बना हुआ है।

# केंद्र ने वाहनों में वी-टू-वी संचार प्रणाली लागू करने का मसौदा जारी किया

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में सड़क सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने मोटर वाहनों में वाहन-से-वाहन (वी-टू-वी) संचार प्रणाली चरणबद्ध तरीके से अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन का मसौदा अधिसूचना जारी कर सुझाव एवं आपत्तियां मांगी हैं।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि प्रस्ताव के अनुसार एक अक्टूबर 2027 से निर्मित एल, एम और एन श्रेणी के उन वाहनों पर एआईएस-230 मानक लागू होगा, जिनमें वी-टू-वी संचार प्रणाली लगी होगी। वहीं, एक अक्टूबर 2028 से निर्मित सभी एल, एम और एन श्रेणी के वाहनों में एआईएस-230 मानक के अनुरूप वी-टू-वी संचार प्रणाली लगाना अनिवार्य होगा।

मंत्रालय के अनुसार वी-टू-वी संचार प्रणाली के माध्यम से आसपास चल रहे वाहन वास्तविक समय में अपनी गति, स्थिति, दिशा और त्वरण जैसी जानकारियां एक-दूसरे से साझा कर सकेंगे। इससे अचानक ब्रेक लगने, आगे टक्कर की आशंका, असुरक्षित लेन परिवर्तन तथा आपातकालीन वाहनों के आने जैसी परिस्थितियों में समय रहते चालक या वाहन प्रणाली को चेतावनी मिल सकेगी।

पारंपरिक सुरक्षा प्रणालियां मुख्य रूप से वाहन में लगे सेंसर और चालक की प्रतिक्रिया पर निर्भर रहती हैं, जबकि वी-टू-वी प्रणाली चालक को सीधी दृष्टि से परे की जानकारी भी उपलब्ध करा सकेगी। इससे उन्नत चालक सहायता प्रणाली (एडीएएस), दुर्घटना रोकथाम, कनेक्टेड मोबिलिटी और भविष्य की बुद्धिमान परिवहन प्रणाली को मजबूती मिलेगी।

एआईएस-230 मानक में रेडियो प्रदर्शन, आवृत्ति स्थिरता, रिसीवर संवेदनशीलता, वैश्विक उपग्रह नौवहन प्रणाली (जीएनएसएस), विद्युत आपूर्ति, विद्युत-चुंबकीय अनुकूलता, साइबर सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा संबंधी प्रदर्शन मानकों को शामिल किया गया है। यह मानक 5.875 गीगाहर्ट्ज से 5.925 गीगाहर्ट्ज आवृत्ति बैंड (सी-वीटूएक्स) तकनीक पर आधारित ऑन-बोर्ड यूनिट के लिए तैयार किया गया है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत आपातकालीन ब्रेक चेतावनी, आगे टक्कर की चेतावनी, गलत दिशा में वाहन चलने की सूचना तथा आपातकालीन वाहन चेतावनी जैसी सुरक्षा सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। दूरसंचार विभाग ने 10 जून 2026 की अधिसूचना के माध्यम से 5.875 से 5.925 गीगाहर्ट्ज आवृत्ति बैंड के उपयोग को लाइसेंस की अनिवार्यता से मुक्त कर दिया है। वी-टू-वी प्रणाली के विकास और क्रियान्वयन के लिए गठित कार्यबल ने भी सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए 5.9 गीगाहर्ट्ज आवृत्ति बैंड के उपयोग की सिफारिश की थी। मंत्रालय ने कहा कि मसौदा नियमों पर 30 दिन के भीतर प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी।

# ई20 पेट्रोल पर सरकार के जवाब से नए सवाल खड़े हुए : जयराम रमेश

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने ई20 पेट्रोल को लेकर केंद्र सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि 29 जुलाई को संसद में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा दिए गए जवाब से जितने सवालों के उत्तर मिले, उससे कहीं अधिक नए सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर ई20 को पूरी तरह सुरक्षित बता रही है, जबकि दूसरी ओर उपभोक्ताओं के अनुभव और विभिन्न तकनीकी दस्तावेज कई अहम चिंताएं सामने रखते हैं।

जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नितिन गडकरी ने संसद में कहा था कि



ई20 ईंधन को वर्षों के वैज्ञानिक परीक्षण के बाद लागू किया गया है और इससे वाहनों को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचने का कोई प्रमाण नहीं है, लेकिन पिछले कई महीनों से देशभर के वाहन मालिक और मैकेनिक माइलेज में कमी, इंजन के प्रदर्शन में गिरावट, 2023 से पहले बने वाहनों की ई20 के साथ अनुकूलता, कोल्ड-स्टार्ट की समस्या, इंजन के तेजी से घिसने, फ्यूल इंजेक्टर जाम होने, फ्यूल लाइन में जंग लगने तथा रबर के पुर्जों में दरार आने जैसी शिकायतें लगातार उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जून 2026 में 2023 से पहले बने पेट्रोल वाहनों के 44 हजार से अधिक मालिकों पर किए गए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण में बड़ी संख्या में लोगों ने ई20 लागू होने के बाद अपने वाहनों पर प्रतिकूल प्रभाव महसूस होने की बात कही है।

उन्होंने दावा किया कि सितंबर 2025 में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बायोफ्यूल से वाहनों को नुकसान पहुंचने संबंधी शिकायतों को पूरी तरह खारिज कर दिया था। इसके बावजूद जुलाई 2026 की ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) की रिपोर्ट और नीति आयोग के 2021 के एथेनॉल पॉलिसी रोडमैप में ई20 के उपयोग से जुड़े कुछ तकनीकी प्रभावों का उल्लेख किया गया है। इन दस्तावेजों में ई10 के लिए डिजाइन किए गए वाहनों में रबर के पुर्जों के तेजी से खराब होने, फ्यूल टैंक और अन्य धातु के हिस्सों में जंग लगने तथा कुछ श्रेणी के वाहनों में ईंधन दक्षता कम होने जैसी बातों का जिक्र है।

जयराम ने कहा कि ई20 को लेकर लोगों में जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग बढ़ रही है। सरकार को इस विषय पर उपलब्ध सभी वैज्ञानिक अध्ययन और आंकड़े सार्वजनिक करने चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं की आशंकाओं का तथ्यात्मक आधार पर समाधान हो सके।

# ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय दल के प्रदर्शन पर गर्व: प्रधानमंत्री मोदी




हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रातः एक्स पोस्ट में ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय दल के प्रदर्शन पर गर्व और खुशी जताते हुए विजेताओं को बधाई दी। भारत ने इन खेलों में 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदकों के साथ कुल 39 पदक अपने नाम किए हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, " इस बात की खुशी है कि भारत ने 39 मेडल जीते हैं, जिनमें 13 स्वर्ण पदक शामिल हैं। पदक जीतने वालों को बधाई। पूरे गेम्स के दौरान हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल, दृढ़ संकल्प और समर्पण दिखाया है। उनकी कड़ी मेहनत हमारे युवाओं को प्रेरित करती रहेगी। भविष्य की कोशिशों के लिए पूरे भारतीय दल को मेरी शुभकामनाएं। वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहें और देश का मान बढ़ाते रहें।"

उल्लेखनीय है कि भारतीय समयानुसार देररात स्कॉटलैंड में ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स का समापन हो गया। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर ऋषभ रिखीराम, शंकर महादेवन जैसे कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पदक तालिका में मेजबान स्कॉटलैंड और भारत संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 70 स्वर्ण पदकों के साथ कुल 171 पदक जीते और मेडल टैली में सबसे ऊपर रहा।

## आज का इतिहास

## इतिहास के पन्नों में 4 अगस्त

# एशिया के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर 'अप्सरा' की हुई शुरूआत

**भारतीय विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी के इतिहास में 04 अगस्त 1956 एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज है। इसी दिन भारत का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर 'अप्सरा' शुरू हुआ था। इसके साथ ही भारत न केवल परमाणु अनुसंधान के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा, बल्कि एशिया का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर स्थापित करने वाला देश भी बना।

भारत के परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉ होमी जहांगीर भाभा ने जनवरी 1954 में एटॉमिक एनर्जी इस्टैब्लिशमेंट, ट्रॉम्बे (एईईटी) की स्थापना की थी। उनका उद्देश्य देश में परमाणु ऊर्जा अनुसंधान को नई दिशा देना था। इसके लिए देशभर के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक



मंच पर लाकर अनुसंधान रिएक्टर विकसित करने की योजना बनाई गई।

15 मार्च 1955 को भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टर के निर्माण का औपचारिक निर्णय लिया गया। डॉ भाभा के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने एक ऐसे 'स्विमिंग पूल प्रकार' के रिएक्टर की परिकल्पना की, जिसकी क्षमता 01 मेगावाट थर्मल निर्धारित की गई।

रिएक्टर के निर्माण का कार्य ट्रॉम्बे स्थित वर्तमान भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) परिसर में शुरू हुआ। यह महाराष्ट्र के मुंबई में है। निर्माण के दौरान सबसे बड़ी चुनौती परमाणु ईंधन की उपलब्धता थी। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए भारत और ब्रिटेन के बीच समझौता हुआ, जिसके तहत ब्रिटेन ने रिएक्टर के लिए आवश्यक संवर्धित यूरेनियम उपलब्ध कराया।

भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अथक मेहनत से महज 15 महीनों में रिएक्टर का निर्माण पूरा हो गया। इसके बाद 04 अगस्त 1956 को 'अप्सरा' का सफलतापूर्वक संचालन शुरू हुआ। यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक विकास और तकनीकी क्षमता का प्रतीक बनी।

**जन्म**

1522 ई. - राणा उदयसिंह - मेवाड़ के शासक और महाराणा प्रताप के पिता।

1730 - सदाशिवराव भाऊ - भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध एक मराठा वीर थे।

**निधन**

1875 - हैंस क्रिश्चियन एंडरसन - डेनमार्क के लेखक और कवि।

1937 - काशी प्रसाद जायसवाल - भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुरातत्त्व के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान।

**महत्वपूर्ण अवसर**

विश्व स्तनपान दिवस (सप्ताह)।

## महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1666 - नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच नौसैनिक युद्ध हुआ।

1870 - ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।

1886 - कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया।

1914 - इंग्लैंड द्वारा जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।

1915 - जर्मन सेना ने वारसॉ पर कब्जा किया।

1930 - यूरोपीय देश बेल्जियम में आज ही के दिन बाल मजदूर कानून बनाया गया था।

1935 - गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।

1947 - जापान में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना हुई थी।

1956 - भारत ने अपना पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू किया था।

1967 - भारत में दुनिया का सबसे लंबा नागार्जुन सागर बांध बना।

1967 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

1997 - मो. खातमी द्वारा ईरान के नये राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।

2004 - 'नासा' ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावला नाम दिया।

## बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए 50 पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी और नागरिक केंद्रित बनाने के उद्देश्य से गुरुग्राम यातायात पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सोमवार को विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। पुलिस आयुक्त सिवाश कविराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में करीब 50 यातायात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। पुलिस उपायुक्त यातायात ने पुलिसकर्मियों को शहर की वर्तमान यातायात चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने और सड़कों पर वाहनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ निष्पक्ष और नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों, ई-चालान प्रणाली, ऑनलाइन चालान भुगतान और समय पर चालान का निस्तारण करने के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

# सात दिन में 22 हजार चालान, नियम तोड़ने पर कैमरे ने भेजा नमस्कार

- 1.12 करोड़ का जुर्माना, एनएच-48 और द्वारका एक्सप्रेसवे पर ड्रोन व कैमरों से निगरानी तेज

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की सड़कों पर यातायात नियमों को हल्के में लेना वाहन चालकों की जेब पर भारी पड़ रहा है। यातायात पुलिस ने 27 जुलाई से 2 अगस्त तक केवल सात दिनों में 22 हजार 492 चालान किए। इनमें मैदानी स्तर पर किए गए चालानों से वाहन चालकों पर एक करोड़ 12 लाख पांच हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यानी सड़क पर नियम तोड़ने वालों को पुलिस ने साफ संदेश दे दिया है कि अब चालान नहीं, नियम मानने पर ही सलाम मिलेगा। पुलिस के अनुसार 8,832 चालान सड़कों पर तैनात पुलिसकर्मियों ने किए, जबकि 13,660 चालान कैमरों में कैद उल्लंघनों के आधार पर जारी हुए। कैमरों ने सबसे अधिक 4,975 वाहन चालकों को गलत ढंग से लेन बदलते और 4,922 को नो एंट्री में प्रवेश करते पकड़ा। इसके अलावा ओवरस्पीडिंग के 1,406, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने के 863 और प्रदूषण नियमों के उल्लंघन पर 728 चालान हुए। मैदानी कार्रवाई में रॉन्ग साइड ड्राइविंग के 907, रॉन्ग पार्किंग के 857, चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने के 616 और पीछे बैठे व्यक्ति के बिना हेलमेट होने पर 597 चालान किए गए। नशे में वाहन चला रहे 564 लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। बिना सीट बेल्ट 305, ट्रिपल राइडिंग 122, खतरनाक यू-टर्न 121 और वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करने पर 28 चालान किए गए।

### द्वारका और मुंबई एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

एनएच-48, द्वारका एक्सप्रेसवे और मुंबई एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने विशेष निगरानी बढ़ा दी है। एनएचएआई के कैमरों और ड्रोन की मदद से लेन बदलने तथा तेज गति से वाहन चलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। वाहन चालक को भले ही आसपास पुलिसकर्मी दिखाई न दे, लेकिन कैमरे की नजर से बचना अब आसान नहीं है। चालान नहीं, सलाम मिलेगा अभियान के तहत सुरक्षा रथ के माध्यम से 13 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें 455 से अधिक नागरिकों और विद्यार्थियों को यातायात नियमों, डायल-112 तथा हेल्पलाइन नंबर 1095 की जानकारी दी गई। यातायात व्यवस्था में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए ट्रैफिक मित्र बनाए जा रहे हैं। अब तक 188 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से 800 से अधिक ट्रैफिक मार्शल तैयार किए जा चुके हैं। इनमें 39 ट्रैफिक मित्रों का प्रशिक्षण भी पूरा हो गया है। पुलिस ने नागरिकों से नियमों का पालन कर चालान के बजाय सलाम पाने की अपील की है।

# साइबर ठगी में फंसी रकम जल्द लौटाने पर जोर



- पीड़ितों से संवेदनशील व्यवहार और लंबित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** साइबर अपराध के पीड़ितों को शीघ्र राहत दिलाने और ठगी के बाद बैंकों में होल्ड कराई गई रकम वापस कराने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने कार्रवाई तेज करने का निर्णय लिया है। पुलिस उपायुक्त यातायात एवं साइबर प्रतीक गहलोत ने सोमवार को साइबर अपराध से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को बैंकों तथा संबंधित एजेंसियों से समन्वय कर पीड़ितों का पैसा जल्द वापस दिलाने के निर्देश दिए।

बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, प्रभावी जांच और लंबित शिकायतों के निस्तारण की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि साइबर ठगी की शिकायत मिलते ही उस पर त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि ठगी गई रकम को दूसरे खातों में भेजे जाने से पहले होल्ड कराया जा सके। जिन मामलों में राशि होल्ड हो चुकी है, उनमें जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अधिक से अधिक धनराशि पीड़ितों को वापस दिलाई जाए।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराध का शिकार व्यक्ति आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक तनाव से भी गुजरता है। ऐसे में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील, सहानुभूतिपूर्ण और सम्मानजनक व्यवहार करें। प्रत्येक पीड़ित को मामले की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और आगे की कार्रवाई के बारे में उचित मार्गदर्शन दिया जाए। पुलिस उपायुक्त ने लंबित साइबर शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण करने और जांच की गुणवत्ता बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

### शीघ्र न्याय दिलाने के निर्देश

बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त साइबर गौरव फोगाट, गुरुग्राम के चारों साइबर पुलिस थानों के थाना प्रबंधक, साइबर यूनिट प्रभारी और अनुसंधान अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को बेहतर समन्वय और जिम्मेदारी के साथ काम करते हुए साइबर अपराध पीड़ितों को शीघ्र न्याय एवं राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## खबरें फटाफट

### जीवन में संतुलन बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि साधना से आता है : बीके आशा




**गुरुग्राम।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सेक्टर-82 स्थित सेवाकेंद्र द्वारा प्रभात सेलिब्रेशंस में अनिश्चित संसार में आंतरिक संतुलन विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी बीके आशा दीदी ने अपना वक्तव्य दिया। बीके आशा दीदी ने कहा कि आंतरिक संतुलन बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि साधना से आता है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते इस दौर में आध्यात्मिकता ही मनुष्य का सच्चा सहारा है, जो हमें आंतरिक रूप से शक्तिशाली बनाती है। राजयोग के अभ्यास से न केवल सकारात्मक परिवर्तन आता है, बल्कि जीवन तनाव और भय से भी मुक्त होता है। उन्होंने आगे कहा कि आत्मा का मूल स्वरूप शांत है, लेकिन भौतिक आकर्षणों के प्रभाव में आकर इसकी शक्ति क्षीण हो गई है। राजयोग के निरंतर अभ्यास से आत्मा पुनः अपने वास्तविक स्वरूप में लौट आती है। योग से एक ऐसी शक्ति जागृत होती है, जिससे हम कठिन परिस्थितियों में घबराने के बजाय उन्हें साक्षी भाव से देखना सीख जाते हैं। इस विशेष अवसर पर अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता बीके शिवानी दीदी ने कहा कि बाहरी परिस्थितियां हमेशा हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन अपने विचारों और प्रतिक्रियाओं को सही दिशा देकर मन को शांत और स्थिर रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हम जैसा सोचते हैं, वैसी ही ऊर्जा अपने संबंधों और वातावरण में प्रवाहित करते हैं। इसलिए, हर परिस्थिति में दोष मढ़ने या चिंता करने के बजाय समाधान, स्वीकार्यता और सकारात्मक संकल्पों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने दिन की शुरूआत शुद्ध और शक्तिशाली विचारों के साथ करने तथा नियमित मेडिटेशन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव, आरवी अस्पताल की सीईओ डॉ. रेणु यादव, आरवी अस्पताल के सह-संस्थापक डॉ. विक्रम सिंह और फिल्बी रियल एस्टेट के संस्थापक संजय ककरालिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। संस्थान के सेक्टर-82 स्थित सेवा केंद्र की संचालिका बीके संध्या बहन ने मंच संचालन किया।

### जोरदार धमाके के साथ गिरा प्लास्टर, सहमे सोसाइटीवासी



**सोहना।** ग्लोबल हाइट्स सोसाइटी में एक फ्लैट की बालकनी की छत से प्लास्टर गिरने की घटना से निवासियों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि घटना के समय बालकनी में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सोसाइटीवासियों का आरोप है कि पिछले एक माह में आधा दर्जन से अधिक फ्लैटों में इसी तरह प्लास्टर गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन बिल्डर समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा। घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे टावर-10 के फ्लैट नंबर 803 में हुई। बालकनी की छत से अचानक प्लास्टर टूटकर नीचे रखी वाशिंग मशीन पर गिरा। तेज आवाज सुनकर परिवार के सदस्य घबराकर उठे और बालकनी का दरवाजा खोला तो पूरे फर्श पर प्लास्टर बिखरा पड़ा था। फ्लैट मालिक भगवती ने बताया कि हादसे में किसी को चोट नहीं लगी, लेकिन कुछ समय पहले यदि परिवार का कोई सदस्य बालकनी में होता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। सोसाइटी के निवासियों ने आरोप लगाया कि भवनों की मरम्मत को लेकर बिल्डर लगातार अनदेखी कर रहा है। निवासी राकेश के अनुसार मरम्मत कार्य पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। बिल्डर केवल 50 प्रतिशत राशि देने की बात कह रहा है, जबकि शेष खर्च निवासियों से मांगा जा रहा है। लोगों का कहना है कि सोसाइटी की अन्य समस्याओं पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। हो रही घटनाओं से परिवारों में बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। आरडब्ल्यूए प्रधान गजराज सिंह ने बताया कि बिल्डर ने अभी तक सोसाइटी को एसोसिएशन के हवाले नहीं किया है। हैंडओवर की मांग कई बार उठाई जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि बार-बार प्लास्टर गिरने से भवनों की गुणवत्ता और निवासियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिससे लोगों में रोष है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करने के साथ अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

# डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, रोड स्वीपिंग, वाहनों व मैनपावर का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

- पोर्टल आधारित रिपोर्ट के अनुसार होगा भुगतान
- एसडब्ल्यूएम मॉनिटरिंग पोर्टल से होगी ठोस कचरा प्रबंधन कार्यों की प्रभावी निगरानी के आदेश

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**गुरुग्राम।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) मॉनिटरिंग पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगमायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त निगमायुक्त, संयुक्त आयुक्त, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक, सफाई सुपरवाइजर तथा ठोस कचरा प्रबंधन कार्य से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एसडब्ल्यूएम मॉनिटरिंग पोर्टल की कार्यप्रणाली, पंजीकरण प्रक्रिया तथा पोर्टल के माध्यम से कार्यों की निगरानी और मूल्यांकन की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सभी एजेंसियां अपने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, रोड स्वीपिंग, कचरा परिवहन से जुड़े वाहनों एवं मैनपावर का पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करें तथा उन्हें क्षेत्रवार कार्य आवंटित करें। यह पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित है, जिससे सफाई कार्यों की वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी। प्रशिक्षण में स्पष्ट किया गया कि भविष्य में केवल उन्हीं वाहनों एवं मैनपावर का भुगतान किया जाएगा, जिनका एसडब्ल्यूएम मॉनिटरिंग पोर्टल पर पंजीकरण होगा तथा जिनके कार्य का रिकॉर्ड पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। पोर्टल पर दर्ज रिपोर्ट और कार्य निष्पादन के आधार पर ही भुगतान किया जाएगा। साथ ही एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पंजीकृत वाहन एवं मैनपावर केवल उन्हें आवंटित क्षेत्र में ही कार्य करें।

# समाधान शिविर से आमजन को मिल रही त्वरित राहत

- एसडीएम हितेंद्र कुमार ने सुनीं शिकायतें, अधिकतर का मौके पर निपटारा
- पारदर्शिता के लिए एटीआर पोर्टल पर एंट्री के निर्देश

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार व डीसी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को आयोजित शिविर में एसडीएम हितेंद्र कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न समस्याओं का सरल और समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना है। शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन सहित अन्य मामलों की सुनवाई की गई और अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकरण को दोबारा खोलने की आवश्यकता न पड़े। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है, जिससे लोगों को पारदर्शी सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं।

**मुख्य रूप से इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सपना यादव, डीडीपीओ नवनीत कौर, मेडिकल ऑफिसर प्रियंका, एटीपी ज्योति यादव, प्लानिंग ऑफिसर सचिन सिंह, डिप्टी डीईओ दीप्ति बोकन, गीता आर्या, एसडीओ सुमन कश्यप, इनवेस्टिगेटर संजय, एमिनेंट पर्सन सीएम विंडो सुषमा शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर-68 और 69 के बीच अधूरी सड़क पूरी करेगा जीएमडीए

- 25 .37 करोड़ की परियोजना में मुख्य सड़क, सर्विस रोड, ड्रेन और फुटपाथ का निर्माण

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**गुरुग्राम।** न्यू गुरुग्राम के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) सेक्टर-68 और 69 के बीच अधूरे पड़े 900 मीटर सड़क हिस्से का निर्माण करेगा। इस परियोजना पर 25.37 करोड़ खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत 900 मीटर लंबी मुख्य सड़क, उसके समानांतर 900 मीटर सर्विस रोड, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज नेटवर्क और दोनों ओर फुटपाथ बनाए जाएंगे। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.सी. मीणा ने बताया कि कार्य आवंटित होने के बाद परियोजना को एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क शहर के सड़क नेटवर्क में मौजूद एक महत्वपूर्ण मिसिंग लिंक को पूरा करेगी और आसपास के सेक्टरों के बीच कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। यह सड़क करीब दो किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का हिस्सा है। इसमें से लगभग 1.1 किलोमीटर सड़क का निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष 900 मीटर हिस्सा अधूरा है। इसके निर्माण के बाद पूरे कॉरिडोर पर बिना रुकावट यातायात संभव होगा। इससे सेक्टर-68, 69 और आसपास तेजी से विकसित हो रहे आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा। मीणा ने कहा कि परियोजना को वर्तमान और भविष्य की यातायात जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

# सावन का पहला सोमवार: शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

- आक, धतूरा, बेलपत्र, दूध और शहद से श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का अभिषेक
- सुख-शांति एवं समृद्धि की मांगी मन्नतें

**हरियाणा मेल ब्यूरो**




**गुरुग्राम।** श्रावण माह के पहले सोमवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों, शिवालयों तथा आश्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के बीच श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा।

शहर के भूतेश्वर मंदिर, घंटेश्वर मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, गुफावाला मंदिर, सेक्टर-९ए स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर, सेक्टर-4 के श्रीकृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, राम मंदिर, सदर बाजार स्थित हनुमान मंदिर, सूर्य विहार के माता वैष्णो देवी मंदिर, गीता भवन, बाबा प्रकाशपुरी आश्रम, गीता आश्रम, अर्जुन नगर के शिव मंदिर, सुदर्शन मंदिर और प्रेम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

प्रताप नगर स्थित श्रीराम मंदिर, गढ़ी हरसरू के माता वैष्णो देवी मंदिर और पटौदी क्षेत्र के इच्छापुरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा की। शिवभक्तों ने भगवान शिव का दूध, शहद और जल से अभिषेक कर आक, धतूरा और बेलपत्र अर्पित किए। मंदिरों में महिलाओं और युवतियों की विशेष भीड़ दिखाई दी। सेक्टर-९ए स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में मंदिर समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं की ओर से तैयार की गई विशाल शिवलिंग की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी रही। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिमा के दर्शन किए और भगवान शिव से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पंडित डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि शिव पुराण में श्रावण के सोमवार का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा करने पर श्रद्धालुओं को कई गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि शिव प्रसन्न होने पर भक्तों को सुख, शांति, विनम्रता और बुद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की ओर से सोमवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुमिता रांगी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सुमिता रांगी ने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पेड़ मानव जीवन और पर्यावरण के अस्तित्व का मुख्य आधार हैं। वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं होना चाहिए।

# कोई भी राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं के बिना खड़ा नहीं हो सकता: संजय दत्त

- कांग्रेस की सीधा संवाद बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने व एसआईआर पर बनाई रणनीति
- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रभारी संजय दत्त ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**गुरुग्राम।** कांग्रेस संगठन को धार देने और आगामी एसआईआर प्रक्रिया की तैयारी के लिए प्रदेश प्रभारी संजय दत्त व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गुरुग्राम में बैठक कर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुई इस बैठक में गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, पूर्व जनप्रतिनिधि, पूर्व प्रत्याशी, ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य फोकस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर रणनीति तय करना रहा।

बैठक में प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं के बिना खड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही कोई भी संगठन मजबूत बन सकता है। कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता इस कार्य में बेहतरी से काम कर रहे हैं। हमें और अधिक मेहनत करके अपने संगठन को मजबूती देनी है। संजय दत्त ने कहा कि गुरुग्राम जैसे शहरी क्षेत्र में कांग्रेस के पास संभावनाएं बहुत हैं। यहां के मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, बिजली-पानी और ट्रैफिक को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में वापसी का रास्ता बूथ से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि अगर हमें हरियाणा में सरकार बनानी है तो हमें हर बूथ पर अपनी पकड़ मजबूत करनी होगी।

एक-एक कार्यकर्ता अपने बूथ का चैंपियन बने। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ कमेटियों का गठन पूरा करें। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सरकार मतदाता सूची में गड़बड़ी कर सकती है। इसलिए कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को सतर्क रहना होगा। हर बूथ पर कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर वोटर लिस्ट चेक की जाए। नए वोट बनवाने, नाम कटने और गलत एंट्री को ठीक कराने के लिए अपने स्तर पर कैंप लगाए जाएं।

पंकज डावर ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर काम करे। सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी, युवा प्रदेशाध्यक्ष नीतीश कटारिया, इंटेक प्रदेशाध्यक्ष अमित यादव, अनुसूचित विभाग कार्यकारी अध्यक्ष ललित पंवार, बिजेंद्र रंगा, सुनीता सहरावत, सुबे सिंह यादव समेत कई नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसआईआर-2026: दावे एवं आपत्तियों के लिए विधानसभावार सुनवाई केंद्र किए गए निर्धारित: डीसी

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद मतदाताओं की सुविधा के लिए विधानसभा क्षेत्रवार दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने के लिए सुनवाई स्थल निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक नाम जोड़ने, नाम हटाने, नाम, पता अथवा अन्य विवरण में संशोधन संबंधी दावे एवं आपत्तियां निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से अपने संबंधित सुनवाई स्थल पर जमा करा सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 सितंबर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 3 अक्टूबर 2026 को होगा।

डीसी ने बताया कि सभी सुनवाई स्थलों पर आवेदन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे पहले मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें और यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो निर्धारित अवधि के भीतर उसका सुधार कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित न हो, इसके लिए समय रहते आवेदन करना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों की आयु 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है तथा जिनका नाम किसी भी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जुड़वा सकते हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, पता, फोटो अथवा अन्य विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म-8 निर्धारित अवधि के दौरान संबंधित सुनवाई स्थल पर जमा किया जा सकता है।

# बृज मंडल जलाभिषेक शोभा यात्रा में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नूंह।** सावन के पहले सोमवार के पावन अवसर पर नूंह स्थित नलेश्वर महादेव शिव मंदिर में आयोजित बृज मंडल जलाभिषेक शोभा यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज से पहुंचे हजारों शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर देश, प्रदेश और समाज की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। पूरे मंदिर परिसर और यात्रा मार्ग पर ₹हर-हर महादेव₹ तथा बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। साधु-संतों की अगुवाई में नलेश्वर महादेव शिव मंदिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज और धार्मिक प्रतीक लेकर भक्ति भाव से यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। बृज मंडल जलाभिषेक शोभा यात्रा में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम भी शामिल हुए। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सावन के पहले सोमवार और जलाभिषेक यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने देश और हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे तथा सरकार खिलाड़ियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं जींद से तीन बार विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सावन के पहले सोमवार पर भोलेनाथ के दर्शन का विशेष महत्व है। उन्होंने बृज मंडल जलाभिषेक शोभा यात्रा के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा और व्यवस्थागत इंतजामों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। दिल्ली से यात्रा में शामिल होने पहुंचीं ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट शबनम खान ने कहा कि भोलेनाथ के प्रति उनकी गहरी आस्था उन्हें यहां खींच लाई है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान मौसम में आए बदलाव को उन्होंने भगवान शिव की कृपा के रूप में महसूस किया।

मोहाली से भारतीय सेवा धर्म संसद से जुड़े स्वामी सुशील महाराज ने कहा कि भारत सभी धर्मों को प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का संदेश देता है। 52 पालों के अध्यक्ष अरुण जैलदार ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था ही उन्हें हर वर्ष इस यात्रा तक लेकर आती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में यात्रा बाधित हुई थी, लेकिन इस बार प्रशासन ने व्यापक और बेहतर व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया कि मुस्लिम समाज के लोग भी यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत कर रहे हैं, जो क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मजबूत मिसाल है।

## गंदा पानी रोकने को ग्रामीणों ने निकाली ट्रैक्टर यात्रा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**रेवाड़ी।** मसानी बैराज में जाने वाले सहाबी के गंदे पानी को रोकने की मांग को लेकर सोमवार को दर्जनों गांवों के लोगों ने ट्रैक्टर यात्रा निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। मसानी से शुरू हुई यात्रा जब रेवाड़ी पहुंची तो प्रशासन ने ट्रैक्टरों को राजेश पायलट चौक स्थित रेजांगला पार्क के पास रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी पैदल और अन्य वाहनों से जिला सचिवालय पहुंचे और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

सचिवालय में पहले सिटीएम ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने यह कहते हुए ज्ञापन देने से इनकार कर दिया कि वे अनुमति लेकर उपायुक्त को ही ज्ञापन सौंपने आए हैं।

ग्रामीण सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। करीब आधे घंटे बाद उपायुक्त अभिषेक मीणा स्वयं मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से ज्ञापन प्राप्त किया। रिटायर्ड रेंज ऑफिसर (वन विभाग) कमल यादव, विभिन्न गांवों के सरपंचों और प्रमुख लोगों के नेतृत्व में निकाली गई इस ट्रैक्टर यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। कमल यादव ने बताया कि मसानी बैराज के गंदे पानी से करीब 30 गांव प्रभावित हैं, जिनमें से 10 गांवों में हालात बेहद गंभीर हैं। दूषित पानी के कारण लोगों में घुटनों की समस्या, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित कई बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

## सावधान! एक जिप फाइल बैंक खाते के लिए बन सकती है बड़ा खतरा: एसपी

### बिना सत्यापन डाउनलोड या ओपन न करें जिप फाइल

**सुरेन्द्र इंदौरा, हरियाणा मेल**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए अज्ञात एवं संदिग्ध जिप फाइलों से सावधान रहने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधी आम नागरिकों और कर्मचारियों को निशाना बनाने के लिए फर्जी बिल, बैंक दस्तावेज, सरकारी नोटिस, कूरियर, पार्सल की सूचना, और आकर्षक नौकरी के ऑफर जैसे बहाने बनाकर मैसेज और ई-मेल के जरिए संदिग्ध जिप फाइलें भेज रहे हैं। इन फाइलों के अंदर खतरनाक वायरस, मैलवेयर या हानिकारक सॉफ्टवेयर छिपे हो सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति इन फाइलों को डाउनलोड या ओपन करता है, तो उसका मोबाइल या कंप्यूटर हैक हो सकता है। निजी जानकारी, बैंकिंग विवरण, पासवर्ड और ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी चोरी हो सकती है।



व्यक्ति साइबर ठगी और डेटा चोरी का शिकार हो सकता है।

#### सावधानियां एवं सुझाव

**अज्ञात स्रोतों से सावधान रहें:** एसपी ने कहा कि अंजान नंबर, अज्ञात ई-मेल, सोशल मीडिया या व्हाट्सएप से प्राप्त किसी भी जिप फाइल को डाउनलोड या ओपन न करें।

**सत्यापन करें:** फाइल भेजने वाले व्यक्ति अथवा संस्था की पहचान और फाइल की वास्तविक सत्यता की पुष्टि अवश्य करें।

**फर्जी संदेशों पर भरोसा न करें:** फर्जी बिल, नोटिस, कूरियर सूचना या आकर्षक ऑफर के साथ भेजी गई जिप फाइलों पर कतई भरोसा न करें।

**अज्ञात फाइलों को न खोलें:** जिप फाइल को अनज़िप करने पर यदि उसके अंदर ईएक्सई-एपीके या अन्य अनजान फाइल दिखे, तो उसे भूलकर भी ओपन या इंस्टॉल न करें।

**सॉफ्टवेयर अपडेट रखें:** अपने मोबाइल और कंप्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम, एंटीवायरस तथा सिक्योरिटी अपडेट्स को नियमित रूप से अपडेट रखें।

**तुरंत डिलीट व ब्लॉक करें:** यदि गलती से कोई संदिग्ध फाइल डाउनलोड हो जाती है, तो उसे खोलने के बजाय तुरंत डिलीट करें तथा संबंधित नंबर,ई-मेल को ब्लॉक व रिपोर्ट करें।

**गोपनीयता बनाए रखें:** किसी भी अनजान फाइल या लिंक के माध्यम से अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी पासवर्ड या अन्य निजी विवरण साझा न करें।

## खबरें फटाफट

### जिले में कांवड़ समापन तक बंद रहेंगी मीट की दुकानें



**पानीपत।** पानीपत के जिलाधीश डॉ. हरिश कुमार वशिष्ठ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार कांवड़ यात्रा की अवधि के दौरान जिला पानीपत के अधिकार क्षेत्र में सभी बूचड़खाने और मीट की दुकानें आगामी 11 अगस्त तक बंद रहेंगी। कावड़ यात्रा 11 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान, हरिद्वार और नीलकंठ से पवित्र गंगा जल लेने वाले भक्त सनौली में यमुना ब्रिज के रास्ते पानीपत जिले से होते हुए हरियाणा के अलग-अलग दूसरे जिलों में जाएँगे और जबकि, कई स्लॉटर हाउस और मीट की दुकानें मंदिरों के पास और कांवड़ यात्रा के रास्ते में हैं। सावन के समय ऐसी जगहों के चलने से धार्मिक भावनाएं बढ़ सकती हैं और सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक शांति भंग होने का खतरा है। इसलिए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 11 अगस्त तक स्लॉटर हाउस/मीट की दुकानों को बंद करना ज़रूरी है। आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक, पानीपत और कमिश्नर, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, पानीपत, इस ऑर्डर को सख्ती से लागू करने और पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को ज़रूरी निर्देश देंगे।

### पार्क में नशा करते 12 युवक पकड़े, उपचार के लिए अस्पताल भेजे गए



**सोनीपत।** सोनीपत में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने पार्क में नशा कर रहे 12 युवकों को पकड़कर सिविल अस्पताल के ओएसटी सेंटर में सोमवार को उपचार के लिए भर्ती कराया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि हुडा पार्क में कुछ युवक बैठकर नशा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही सेक्टर-27 थाना प्रभारी निरीक्षक सवित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी युवकों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उनकी काउंसलिंग कराई गई तथा चिकित्सकीय जांच के उपरांत नशा मुक्ति और उपचार के लिए सिविल अस्पताल, सोनीपत के ओएसटी सेंटर में भर्ती कराया गया। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार शुरू कर दिया गया है। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि सोनीपत पुलिस का उद्देश्य केवल नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि नशे की लत से प्रभावित युवाओं को उपचार, परामर्श और पुनर्वास उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें कानून के साथ सामाजिक सुधार पर भी समान रूप से ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा हो या नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा तस्करी की जानकारी हो तो तुरंत सोनीपत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। सोनीपत पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिएशन फॉर द नेशन 3.0 शुरू

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ रेनू सोलखे ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला की देखरेख में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जन जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन 3.0 की शुरुआत की गई है। यह अभियान अदालतों पर मुकदमों के बढ़ते बोझ को कम करने और आम जनता को सरल तथा सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित करता है।

डॉ. रेनू सोलखे ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमों को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे। इस अभियान के तहत 1 अगस्त, से 30 सितंबर तक उचित लंबित मुकदमों को समझौता केंद्र रेवाड़ी में भेजा जाएगा तथा 1 अक्टूबर, से 30 दिसंबर तक मुकदमों में मध्यस्थता केंद्र द्वारा समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्य के विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, विभाजन मामले, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य उपयुक्त सिविल मामले अदालतों द्वारा भेजे जाएंगे।

जिन लोगों के मुकदमे विभिन्न अदालतों में चल रहे हैं वे संबंधित अदालत द्वारा अपने मुकदमें समझौते के लिए समझौता केंद्र रेवाड़ी में भिजवा सकते हैं।

डॉ रेनू सोलखे ने यह भी बताया कि मध्यस्थता द्वारा मामले आसानी से तथा आपसी भाईचारे से सुलझाए जा सकते हैं।

इससे समय तथा धन दोनों की ही बचत होती है तथा आपस में भाईचारा बढ़ता है। डॉ. रेनू सोलखे ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220 062 चलाया हुआ है, जिस पर आम जन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## कॉमनवेल्थ में कांस्य जीतने वाले यशवीर का जोरदार अभिनंदन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**रोहतक।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले एथलीट यशवीर का सोमवार को शहर में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भिवानी जिले के देवसर गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले यशवीर के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य लोग पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका सहित अन्य लोगों ने यशवीर को नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया और उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

सम्मान समारोह में यशवीर ने कहा कि उनके लिए यह बेहद खुशी और गर्व का क्षण है कि पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश के लिए पदक जीतने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे लगातार मेहनत, अभ्यास और परिवार तथा प्रशिक्षकों का सहयोग है, उनका लक्ष्य आने वाले वर्षों में देश के लिए बड़े अंतरराष्ट्रीय पदक जीतना है। यशवीर ने कहा कि अब उनका अगला लक्ष्य अगले साल होने वाली वर्ल्ड चौंपियनशिप है। इसके लिए वह अभी से अपनी तैयारियों को और मजबूत कर रहे हैं।

## 27 सितंबर की रैली से पहले INLD की सक्रियता पर निगाहें

### क्या गांव-गांव पहुंचेंगे कार्यकर्ता?

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**नांगल चौधरी।** आगामी 27 सितंबर को आयोजित होने वाले जननायक चौधरी देवीलाल के जन्मदिवस एवं सम्मान दिवस रैली को लेकर हल्का नांगल चौधरी में इंडियन नेशनल लोकदल की संगठनात्मक गतिविधियों पर राजनीतिक जानकारों और आम लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

क्षेत्र में चर्चा है कि हाल के समय में INLD के कार्यकर्ता सार्वजनिक रूप से अधिक सक्रिय दिखाई नहीं दिए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या पार्टी कार्यकर्ता केवल अखबारों में फोटो और प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रहेंगे, या फिर गांव-गांव जाकर पुराने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से संपर्क कर उन्हें दोबारा संगठन से जोड़ने तथा रैली के लिए सक्रिय करने का अभियान चलाएंगे।



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि किसी भी बड़ी रैली की सफलता संगठन की जमीनी सक्रियता पर निर्भर करती है। अब सभी की निगाहें आने वाले दिनों पर हैं कि हल्का नांगल चौधरी में INLD कार्यकर्ता किस तरह की सक्रियता दिखाते हैं और 27 सितंबर की रैली को सफल बनाने के लिए मैदान में किस स्तर तक उतरते हैं।

## विदेश भेजने के नाम पर कबूतरबाजों ने की लाखों की ठगी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर-29 थाने में कबूतरबाजी, मानव तस्करी और धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। स्टडी वीजा पर अमेरिका भेजने की चाहत में एक परिवार को शातिर ट्रैवल एजेंटों ने ठगी का शिकार बनाया।

एजेंटों ने सीधे अमेरिका भेजने का झांसा देकर पीड़ित परिवार से 35 लाख रुपए में सौदा तय किया, लेकिन स्टडी वीजा पर भेजने के बजाय युवक को डंकी के जरिए ब्राजील, बोलीविया, पेरू, कोलंबिया और मेक्सिको के खौफनाक जंगलों से प्रताड़ित करते हुए ले जाया गया। अमेरिका पहुंचने पर युवक को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर डिटेंशन कैंप में बंद कर दिया । पुलिस अधीक्षक कार्यालय पानीपत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कबूतरबाजी, मानव तस्करी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। एसपी को दी गई शिकायत में विकास नगर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उनका भतीजा विशाल पढ़ाई के लिए अमेरिका जाना चाहता था। इस सिलसिले में संजीव ने अपनी कॉलोनी में रहने वाले रोबिन से बात की।

## बिजली कर्मचारियों ने किया तीन घंटे सांकेतिक कार्य का बहिष्कार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**सोनीपत।** सोनीपत में हरियाणा के बिजली निगमों में 11 से 13 अगस्त तक प्रस्तावित राज्यव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोनीपत और गोहाना के बिजली कर्मचारियों ने तीन घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार कर सोमवार को आंदोलन की शुरुआत की। कर्मचारियों ने सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्य बहिष्कार कर अपनी मांगों के समर्थन में सभा की और आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि बिजली निगमों के निजीकरण, पैरेलल लाइसेंस व्यवस्था लागू करने और नया कृषि वितरण निगम बनाने के प्रस्ताव के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है। उनका कहना है कि इन प्रस्तावों से बिजली व्यवस्था और कर्मचारियों



के हित प्रभावित होंगे। इसलिए सरकार से इन्हें वापस लेने की मांग की जा रही है। नेताओं ने बताया कि 11 से 13 अगस्त तक होने वाली राज्यव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम तय किया गया है। पहले दिन मंडल स्तर पर बैठक और प्रदर्शन किया गया।

अगले दिन उपमंडल स्तर पर कर्मचारियों से संपर्क किया जाएगा, जबकि तीसरे चरण में पंचायतों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन और हड़ताल में शामिल होने का आमंत्रण दिया जाएगा।

## कांवड़ यात्रा: सुरक्षा, शांति एवं यातायात संचालन हेतु पुलिस प्रशासन की विशेष एडवाइजरी

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**नांगल चौधरी।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के निर्देशानुसार जिला पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**1. वाहन चालकों के लिए मुख्य निर्देश**

**गति पर नियंत्रण:** कांवड़ यात्रा मार्ग पर वाहनों की गति धीमी रखें और पूरी सतर्कता बरतें।

**ओवरटेकिंग से बचें:** कांवड़ियों के जत्थे को ओवरटेक करने की जल्दबाजी न करें, धैर्य बनाए रखें।

**रूट डायवर्जन का पालन:** पुलिस द्वारा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

**ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती:** नशे



में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कानूनन सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**2. कांवड़ यात्रियों / श्रद्धालुओं के लिए नियम एवं सीमाएं**

कांवड़ लेन का प्रयोग: पैदल श्रद्धालु हमेशा सड़क के बाएं ओर बनाई गई समर्पित कांवड़ लेन में ही चलें।

कांवड़ व झांकी की ऊंचाई: बिजली के तारों से सुरक्षा हेतु पैदल कांवड़/झांकियों की ऊंचाई 6 से 10 फीट तक ही सीमित रखें।

**वाहनों एवं छतों पर सफर:** किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री न बैठें। बस, ट्रक या अन्य वाहनों की छतों पर यात्रा करना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

**डीजे एवं साउंड सिस्टम की सीमा:** डीजे की आवाज तय डेसिबल सीमा के भीतर रखें।

रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर/डीजे बजाना पूर्णतः वर्जित है।

भड़काऊ, अश्लील या धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गीतों पर पूरी तरह रोक रहेगी।

**3. सुरक्षा, हथियार एवं यातायात अनुशासन**

धारदार वस्तुओं/हथियारों पर रोक: यात्रा में त्रिशूल, लाठी, भाले, तलवार, गंडासा, हॉकी आदि किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र खुले में ले जाना मना है।

**ज्वलनशील पदार्थ:** वाहनों में एलपीजी सिलेंडर या अन्य ज्वलनशील सामान ले जाना प्रतिबंधित है।

## मुरथल कैफे में फायरिंग, मारपीट और तोड़फोड़

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**सोनीपत।** सोनीपत के मुरथल स्थित एक कैफे में पार्टी समाप्त होने के बाद शनिवार की आधी रात फायरिंग, मारपीट और तोड़फोड़ हो गई है। घटना में दो कर्मचारी घायल हो गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैफे संचालक अनिल आंतिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक अगस्त को सेक्टर तेईस, सोनीपत निवासी सुमित दहिया ने रफ्तार कैफे का पार्टी हॉल बुक कराया था। रात करीब बारह बजे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी वह अपने पांच साथियों के साथ कैफे की छत पर बैठकर शराब पीता रहा। उस समय अधिकांश स्टाफ जा चुका था और केवल कुछ कर्मचारी ही मौजूद थे। शिकायत के अनुसार देर रात कुछ युवक नीचे आए और कर्मचारियों से खाना बनाने की मांग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। इसी दौरान एक युवक ने कर्मचारियों को जान से मारने की नीयत से पिस्तौल से फायर किया। हालांकि गोली किसी कर्मचारी को नहीं लगी। इसके बाद आरोपितों ने कैफे में तोड़फोड़ की और घटना के साक्ष्य मिटाने की नीयत से सीसीटीवी की डीवीआर अपने साथ ले गए।


शिकायत में आरोप है कि होटल में काम करने वाले रितिक, गोल्डी और वरुण ने मारपीट के दौरान आरोपितों का साथ दिया। साथ ही फायरिंग के बाद गोली का खाली खोल उठाकर फायर करने वाले युवक को दे दिया। घटना की सूचना रात करीब तीन बजे मिलने पर कैफे संचालक मौके पर पहुंचे। घायल कर्मचारियों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार कर्मचारी महेश के होंठ, आंख और चेहरे पर तीन चोटें मिलीं, जबकि राहुल के सिर, हाथ, गर्दन और दोनों घुटनों सहित शरीर के कई हिस्सों पर पांच चोटें दर्ज की गईं। सूचना मिलते ही मुरथल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण विशेषज्ञ दल से कराया गया। पुलिस का कहना है कि शिकायत, मेडिकल रिपोर्ट और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## गौरक्षक दल के सदस्य बताकर कैंटर चालक को लूटा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा और नारा के बीच खुद को गोरक्षक दल के सदस्य बताकर तीन युवकों ने एक कैंटर चालक से मारपीट करते हुए करीब पचास हजार रुपये की नकदी लूट ली। पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। मतलौडा थाना पुलिस को दी गई शिकायत में जींद निवासी पीड़ित मन्नू ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है। उसने और उसके छोटे भाई टिंकू ने मिलकर अपने भाई के नाम पर एक आयशर कैंटर खरीदा हुआ है। दो अगस्त की रात वह और उसका भाई टिंकू कांदला (उत्तर प्रदेश) से केले खाली करके गाड़ी से वापस अपने गांव आ रहे थे। कैंटर को मन्नू चला रहा था, जबकि उसका भाई टिंकू केबिन के पीछे वाली सीट पर सोया हुआ था। पीड़ित के अनुसार, रात को जब वह असंध-पानीपत हाईवे पर गांव मतलौडा और नारा के बीच गौशाला के पास पहुंचे, तो एक बाइक पर सवार तीन युवक उनकी गाड़ी की ड्राइवर साइड आए। उन्होंने आवाज लगाकर कहा कि वे गोरक्षक दल से हैं और गाड़ी रोककर चेकिंग करवाएं।



हाईवे पर गड्ढे अधिक होने के कारण मन्नू गाड़ी को धीरे-धीरे चलाता रहा और डर के मारे उसने गाड़ी नहीं रोकी। इस पर गुस्साए बाइक सवार तीनों युवकों ने दादी सती मंदिर गांव नारा से थोड़ा आगे बीच सड़क पर बाइक खड़ी करके रास्ता रोक लिया और पत्थर उठाकर कैंटर की खिड़की के शीशे पर दे मारा, जिससे शीशा चकनाचूर हो गया। शीशा टूटने की आवाज सुनकर भाई टिंकू जग गया। मन्नू ने भाई से केबिन में ही रुकने को कहा और खुद चेकिंग कराने नीचे उतरा। गाड़ी के पीछे पहुंचते ही तीनों युवकों ने मन्नू को सड़क पर गिरा दिया और थप्पड़-मुक्कों व लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी।

# नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

## फरीदाबाद को 16वें वित्त आयोग के तहत 3600 करोड़ की बड़ी सौगात, जल संरचना परियोजनाओं को मिलेगी नई गति

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




- लाइसेंस कॉलोनियों में एसटीपी और ऑनलाइन मॉनिटरिंग अनिवार्य, संयुक्त जांच के आदेश
- मंत्री राजेश नागर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र में सड़क, पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, सफाई और सामुदायिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसियों की है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए।

समीक्षा बैठक में मंत्री राजेश नागर ने एचएसवीपी, नगर निगम फरीदाबाद, एफएमडीए, डीटीपी, डीएचबीवीएन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा, उपायुक्त आयुष सिन्हा, एचएसवीपी एडमिनिस्ट्रेटर धीरज तथा एडीसी अंजलि श्रोत्रिया भी उपस्थित रहे।

बैठक में सेक्टर-37 सहित विभिन्न सेक्टरों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में पंप ऑपरेटरों के पुनर्विन्यास के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए और किसी भी सेक्टर में पानी की समस्या लंबित न रहे। सड़क एवं अवसंरचना संबंधी मुद्दों पर चर्चा करते हुए मंत्री राजेश नागर ने विशेष रूप से सेक्टर-37, सेक्टर-73, सेक्टर-75, सेक्टर-76, सेक्टर-81, सेक्टर-84 और सेक्टर-85 सहित ग्रेटर फरीदाबाद के कई क्षेत्रों में टूटी सड़कों, गड्ढों और जलभराव की शिकायतों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जिन सड़कों का हैंडओवर अभी तक नहीं हुआ है, उनकी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय की जाए और एक सप्ताह के भीतर क्षतिग्रस्त सड़कों की सूची तैयार कर मरम्मत कार्य की समयसीमा निर्धारित की जाए।

मंत्री राजेश ने यह भी स्पष्ट किया कि लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में 24 मीटर चौड़ी आंतरिक सड़कों, पार्कों तथा अन्य सामान्य क्षेत्रों के रखरखाव की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित डेवलपर की होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेवलपर्स द्वारा रखरखाव, सफाई, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी और अन्य सुविधाओं की स्थिति का संयुक्त निरीक्षण किया जाए तथा कमियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से टिगांव क्षेत्र की सड़कों, स्ट्रीट लाइटों और जलभराव की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में ग्रेटर फरीदाबाद की कई आवासीय सोसाइटियों में कॉमन एरिया मेंटेनेंस शुल्क, बिजली कनेक्शन विच्छेदन तथा निवासियों पर कथित दबाव बनाए जाने संबंधी शिकायतों पर भी गंभीर चर्चा हुई। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि यदि उपभोक्ताओं ने नियमित रूप से बिजली बिलों का भुगतान किया है तो बिना वैधानिक प्रक्रिया के बिजली कनेक्शन काटना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पार्कों, सामुदायिक केंद्रों और धार्मिक स्थलों से संबंधित मामलों पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि लेआउट प्लान में चिन्हित सामुदायिक स्थलों का भौतिक सत्यापन कराया जाए।

## पार्षद व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तक नगर निगम कर्मचारियों की जारी रहेगी हड़ताल: शास्त्री

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** निगम फरीदाबाद में एक्स ई एन (कार्यकारी अभियंता) डालचंद शर्मा के साथ कथित दुर्व्यवहार एवं हाथापाई की घटना के विरोध में नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। कर्मचारी संगठनों ने स्पष्ट घोषणा की कि दोषी पार्षद दीपक यादव एवं उसके अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। दोषी पार्षद दीपक यादव पर एफ आई आर दर्ज करवाने के लिए आज निगम कर्मचारियों ने निगम आयुक्त आवास का घेराव किया उसके बाद बल्लभगढ़ असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और एफआईआर दर्ज करवाने में निगम कर्मचारियों को सफलता मिल गई है। गौरतलब है कि 27 जुलाई को एक्स ई एन डालचंद शर्मा के साथ कथित दुर्व्यवहार, अभद्र व्यवहार और हाथापाई के मामले में वार्ड-42 के पार्षद दीपक यादव, वार्ड-40 के पार्षद पवन यादव, धर्मेंद्र यादव तथा अन्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132, 221 तथा 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दीपक यादव एवं एक्स ई एन डालचंद शर्मा विवाद को लेकर आज नगर निगम आयुक्त, महापौर तथा नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं म्युनिसिपल कॉरपोरेशन फेडरेशन के प्रतिनिधियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। निगम आयुक्त एवं महापौर ने आपसी बातचीत से समाधान निकालने का प्रस्ताव रखा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि वे बातचीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई तथा पीड़ित अधिकारी एवं कर्मचारियों को न्याय मिलना अनिवार्य है।

बैठक में निगम आयुक्त धीरेंद्र प्रताप खड़गटा, महापौर डॉ. प्रवीण बत्रा, अतिरिक्त निगम आयुक्त गौरव आंतिल, अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह, एक्स ई एन डालचंद शर्मा, संजीव गुप्ता सहित कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन फेडरेशन के प्रधान रमेश जागलान, नरेश बैसला, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप बोहोत, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलवीर, बालगुहेर नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव अनूप चंडालिया, जिला सचिव अनिल चंडालिया सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति और भाजपा की पहचान है : सोहन पाल



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री श्री गोपाल शर्मा का फरीदाबाद महानगर जिला कार्यालय, सेक्टर-2 पर जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि "कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति और भाजपा की पहचान है।" उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है और कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन तथा अथक परिश्रम के बल पर ही संगठन निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि श्री गोपाल शर्मा के संगठनात्मक अनुभव, समर्पण और कार्यशैली का लाभ पूरे हरियाणा भाजपा संगठन को मिलेगा।

### साइबर ठगों को फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**हथीन।** सीआईए होडल ने साइबर ठगों को फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के कुल 100 फर्जी एयरटेल सिम कार्ड तथा एक महिंद्रा थार गाड़ी बरामद की गई है। सीआईए होडल प्रभारी पीएसआई अमित कुमार ने बताया कि स्टाफ में तैनात एएसआई मुबारिक अली टीम के साथ, बस अड्डा होडल पर साइबर क्राइम की रोकथाम हेतु गश्त व चेकिंग में मौजूद थे। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक (कैफ तथा सुभान पुत्र इरशाद), जो दिल्ली से फर्जी सिम कार्ड खरीदकर साइबर ठगों को बेचने का काम करते हैं, आज एक काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी में सवार होकर फर्जी सिम बेचने के उद्देश्य से पुन्हाना मोड होडल से पुन्हाना की तरफ जाएंगे। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रोहता पट्टी मोड पुन्हाना रोड के पास नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध महिंद्रा थार गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर चालक ने गाड़ी वापस मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए गाड़ी को घेरकर रोक लिया और उसमें सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। काबू किए गए दोनों से जब उनका नाम पता पूछा तो गाड़ी चालक ने अपना नाम मोहम्मद कैफ पुत्र रहीस निवासी पैमा रोड पुन्हाना थाना शहर पुन्हाना, जिला नूंह ,हाल आबाद मुस्तफाबाद, नई दिल्ली और दूसरे ने अपना नाम सुभान मालिक पुत्र इरशाद मालिक निवासी गांव जानसट, तहसील जानसट, जिला मुजफ्फरनगर(यूपी) हाल आबाद मुस्तफाबाद, नई दिल्ली बताया।

### हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**हथीन।** उटावड थाना क्षेत्र में एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 141 ग्राम स्मैक/हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ प्रभारी उप निरीक्षक हनीश खान ने बताया कि एएसआई सिराजुद्दीन के नेतृत्व में उटावड चौक पर गश्त व चेकिंग के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक एक मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ स्मैक/हेरोइन लेकर सप्लाई करने के लिए गुडावली से उटावड रोड की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ टीम द्वारा घुडावली-उटावड रोड पर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद गुडावली की ओर से एक मोटरसाइकिल (नंबर HR-96C-8954) आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल चालक ने गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को मौके पर ही काबू कर लिया।

## फंदे पर लटका मिला नाबालिग का शव

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** सेक्टर-14 स्थित एक मकान में 15 वर्षीय घरेलू सहायिका का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। किशोरी का शव मकान की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। मूलरूप से हरदोई यूपी की रहने वाली कुसुमलता ने बताया कि वह बीपीटीपी पुल के पास रहते है। वह सेक्टर 14 में काफी समय से घरों का काम करती आ रही है। 2 महीने पहले सेक्टर 14 के मकान नंबर 29 में उसकी 15 साल की बेटी महिमा में काम करना शुरू किया था, उसकी बेटी 24 घंटे मकान पर ही रहती थी। मकान के तीसरे फ्लोर पर उसको रहने के लिए कमरा दिया गया था। पुलिस के मुताबिक सेक्टर 14 के जिस मकान में ये घटना हुई है, वह कपड़े के कारोबारी राजीव जैन का मकान है।

बताया जा रहा है कि घटना के समय वह घर पर मौजूद नही थे। वह अपने परिवार के साथ यहां पर रहते है। मकान तीन मंजिला बना हुआ है और महिमा को रहने के लिए एक कमरा सबसे ऊपर दिया हुआ था। उन्होंने बताया कि रविवार महिमा घर पर आई हुई थी। महिमा का भाई को करीब 4 बजे महिमा का भाई उसको घर से बाइक पर सेक्टर 14 मकान के बाहर छोडक़र गया था। करीब साढ़े 5 बजे उसके पास कॉल आया कि महिला की मौत हो गई है। महिला की मां ने बताया कि जब वह यहां पर पहुंचे, तो महिला के गले में फांसी का फंदा लगा हुआ था। पुलिस उसके शव को वहां से लेकर चली गई। मां ने बताया कि वह महिमा की शादी की तैयारी कर रहे थे। परिवार द्वारा उसकी सगाई भी कर दी गई थी। मामले की सूचना मिलते ही सेक्टर 14 पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतका के शव को शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। जहां से शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। जांच अधिकारी मोहम्मद जमशेद ने बताया कि कि मामले की जांच की जा रही है।

## 6 से 8 अगस्त को फिर होगी सफाई कर्मचारियों की तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हथीन।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका हथीन के सफाई कर्मचारी 6 अगस्त से फिर हड़ताल पर जाएंगे। इसकी जानकारी देते हुए यूनियन प्रधान दीपक टांक ने बताया की 1 मई से 13 मई तक हरियाणा के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल की थी और नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा और हरियाणा सरकार के बीच 13 मई को समझौता हुआ और हरियाणा सरकार ने 30 जून तक मांगों के पत्र जारी करने का आश्वासन दिया था । जिन में मुख्य मांग पालिका रोल सफाई कर्मचारियों को पक्के करने की थी। मगर 31 जुलाई तक भी सरकार ने मांगों के पत्र जारी नहीं किए हैं, एक भी सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं किया गया है, सरकार ने बहुत बड़ा धोखा किया है। इसी को मध्य नजर रखते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने यह फैसला किया है कि 6,7,8 अगस्त को तीन दिवसीय काम बंद हड़ताल की जाएगी और अगर फिर भी सरकार ने मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किए तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल के रूप में बदली जा सकती है।

## पुलिस ने बिट्टू बजरंगी को किया घर में नजरबंद

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी को पुलिस ने सोमवार को घर पर हाउस अरेस्ट कर लिया। वह आज नूंह में शिव मंदिर पर जल चढ़ाने के लिए जाने वाला था, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा उसको मंजूरी नहीं दी गई है। देर रात से ही पुलिस की एक टुकड़ी उसके घर के बाहर तैनात कर दी गई। बता दें कि साल 2023 में नूंह में 31 जुलाई को नल्हड़ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक यात्रा के दौरान दो समुदायों के बीच में हिंसा हो गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने पथराव, आगजनी और फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दिया था, इसमें 6 लोगों की मौत हुई थी,जिनमें 2 होमगार्ड भी शामिल थे। नूंह हिंसा से जुड़े 100 से अधिक मामलों में कुल 595 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बिट्टू बजरंगी ने कहा कि इस देश में किसी को कहीं भी जाकर पूजा करने का हक है, लेकिन प्रशासन को केवल बिट्टू बजरंगी दिखाई देता है। उसको नूंह में घुसने नहीं दिया जा रहा है। वह भी इस देश का ही रहने वाला है, लेकिन पुलिस द्वारा उसके साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है, जैसे वह कोई आतंकवादी हो। रात के 11 बजे से ही पुलिस उसके घर पर पहुंच गई और उसको हाउस अरेस्ट किया हुआ है। नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक मामन खान को लेकर बिट्टू बजरंगी ने कहा कि वो आज भी नूंह में बैठा है।

## एसआई चंद्रपाल हुए इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**हथीन।** पलवल जिला पुलिस में उस समय खुशी का माहौल देखने को मिला, जब पुलिस कंट्रोल रूम में मुस्तैदी से जिला रेडियो अधिकारी पद पर अपनी सेवाएं दे रहे सब-इंस्पेक्टर चंद्रपाल को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया। इस विशेष अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने अपने कार्यालय में नवनियुक्त इंस्पेक्टर चंद्रपाल के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें आधिकारिक रूप से सम्मानित किया और बधाई दी।

इंस्पेक्टर चंद्रपाल ने पुलिस विभाग में पूरे 38 साल और 6 महीने की एक लंबी, कर्तव्यनिष्ठ और सराहनीय सेवा पूरी की है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने इंस्पेक्टर चंद्रपाल के काम की सराहना करते हुए कहा, विभाग में इतने लंबे समय तक निष्ठापूर्वक सेवा देना बेहद गर्व की बात है। चंद्रपाल ने हमेशा अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से किया है। मैं उनके इस प्रमोशन पर उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## योगाचार्य गुरमेश ने स्कूली छात्रों को नशे के खिलाफ दिलाई शपथ



**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हथीन।** नशा मुक्ति हरियाणा अभियान के अंतर्गत व विकसित भारत के लिए नशा मुक्ति युवा संकल्प अभियान की शुरुआत योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने जन भागीदारी आंदोलन के रूप में यह अभियान शुरू किया गया है।

देश के युवाओं को नशे की लत के खिलाफ एक साथ मिलकर प्रयत्न करने के लिए एकजुट किया जा रहा है। इस उद्देश्य से युवाओं को नशा मुक्त भारत के अभियान में योगदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिगोंड के प्रांगण में नशे के विरुद्ध छात्रों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमचंद ने की तथा संयोजन राम अवतार राघव प्रवक्ता ने किया। इस अवसर पर योगाचार्य गुरमेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को भी योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम आदि का अभ्यास कराया।

### जनसमस्याओं के त्वरित निपटान के लिए

## समाधान शिविर बना प्रभावी मंच: SDM

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे 'समाधान शिविर' आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज सोमवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता एसडीएम डॉ. हनी बंसल ने की।

एसडीएम फरीदाबाद डॉ. हनी बंसल ने जानकारी देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में नागरिकों की ओर से सबसे अधिक समस्याए परिवार पहचान पत्र आईडी में आय संबंधी त्रुटियों और नए सदस्य जोड़ने से जुड़ी सामने आई हैं। इसके अलावा राशन कार्ड, अवैध अतिक्रमण, पुलिस और बिजली विभाग से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं।

उन्होंने बताया कि इन सभी मुद्दों के त्वरित निपटान के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। एसडीएम डॉ. हनी बंसल ने बताया कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन हमेशा नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी। इसी क्रम में आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, स्थानीय निकायों से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, नगरपालिका द्वारा नक्शा पास करवाने, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य या आपराधिक शिकायतों से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वह निःसंकोच समाधान शिविर में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है।

## पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ मनाया जाएगा आजादी का जश्न

### उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक लेकर सौंपीं जिम्मेदारियां

**उदय चंद माथुर, हरियाणा मेल**



**हथीन।** उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने 15 अगस्त को पलवल जिला मुख्यालय पर मनाए जाने वाले 80वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ भव्य व गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पलवल स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश के आजादी के राष्ट्रीय जश्न में गरिमामयी उत्कृष्ट व बेहतरीन कार्यक्रमों का चयन किया जाए।

उपायुक्त डा. छिल्लर ने निर्देश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत होने के साथ-साथ प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद हों। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत आवश्यक व्यवस्थाएं समन्वय से स्वास्थ्य मानकों की पालना सुनिश्चित करते हुए पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि पलवल जिला मुख्यालय सहित उपमंडल होडल और हथीन में भी उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित योगा, मलखंब आदि अन्य गतिविधियों को भी शामिल करें और तैयारियों पर विशेष ध्यान दें ताकि दर्शक समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत और मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस 13 अगस्त को आयोजित होगी। उपायुक्त ने कहा कि तहसीलदार पलवल स्टेज प्रबंधन के ऑवर ऑल इंचार्ज होंगे तथा वे प्रोपर स्टेज सीटिंग प्लान बनाते हुए यह सुनिश्चित करेंगे की स्टेज पर केवल चयनित डिग्निटरीज, स्वतंत्रता सेनानी, शहीदों के परिजन ही बैठें। उन्होंने कहा कि जिला से संबंधित सभी स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों की पहचान कर उन्हें समारोह के लिए ससम्मान आमंत्रित करें।

## राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' गायन के बाद होगा राष्ट्रीय गान 'जन-गण-मन'

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

- 'वंदे मातरम्' व 'जन–गण–मन' के दौरान खड़े होना अनिवार्य, गृह मंत्रालय ने जारी किए निर्देश : उपायुक्त

**हथीन।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' तथा राष्ट्रीय गान 'जन-गण-मन' के गायन एवं वादन से संबंधित पूर्व में जारी किए गए सभी आदेशों एवं निर्देशों का एकीकरण करते हुए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना तथा पूरे देश में एक समान व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदेशों के तहत सबसे पहले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' प्रस्तुत किया जाएगा और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का गायन या वादन किया जाएगा। इस दौरान सभी को अनिवार्य रूप से खड़ा होना होगा।

उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने जानकारी देते हुए जिला में आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के गायन और वादन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों को एक ही दस्तावेज में समाहित किया गया है, ताकि विभिन्न अवसरों पर इनके प्रस्तुतीकरण को लेकर किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

### राष्ट्रीय गीत के बाद ही होगा राष्ट्रगान

उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने बताया कि गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी सरकारी, शैक्षणिक, सांस्कृतिक अथवा सार्वजनिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान दोनों का गायन या वादन किया जाना हो, तो सबसे पहले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' प्रस्तुत किया जाएगा और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का गायन या वादन किया जाएगा।



## संपादकीय

# कहीं बाढ़, कहीं सूखे की आहट

भारत का मानसून अब केवल मौसम नहीं रहा, वह हमारी व्यवस्था का चरित्र-परीक्षण बन गया है। एक प्रदेश में बादल ऐसे टूटते हैं कि घर, खेत, सड़क और स्मृतियां बह जाती हैं; दूसरे प्रदेश में किसान आकाश की ओर टकटकी लगाए खड़ा रहता है, मानो अपने भाग्य से उत्तर मांग रहा हो। कहीं नदी तटबंध लांघ रही है, कहीं कुएं का तल दिखाई देने लगा है। लेकिन उससे भी बड़ी विडंबना यह है कि मौसम बदल गया, हमारी नीतियां अब भी पुराने कैलेंडर पर अटकी हैं।

हर वर्ष वही दृश्य सामने आता है। पहली तेज बारिश हुई नहीं कि शहरों की सड़कें नदियां बन जाती हैं, अंडरपास तालाब, कॉलोनियां टापू और अस्पतालों के रास्ते संकट-पथ। प्रशासन सक्रिय दिखाई देता है, पंप लगाए जाते हैं और बयान आता है कि स्थिति नियंत्रण में है। कुछ सप्ताह बाद यही शासन सूखे की समीक्षा करता है, टैंकर गिनता है और किसानों को कम पानी वाली फसलें उगाने की सलाह देता है। प्रश्न यह है कि जो व्यवस्था बारिश का पानी संभाल नहीं सकती, वह सूखे का मुकाबला कैसे करेगी?

हमारे शहरों ने विकास का अर्थ कंक्रीट समझ लिया। तालाब पाट दिए गए, नालों पर बाजार खड़े कर दिए गए, वर्षाजल के रास्तों पर इमारतें उगा दी गईं। जमीन की सांस बंद कर दी गई और फिर आश्चर्य किया गया कि पानी सड़क पर क्यों खड़ा है। पहाड़ों पर होटल और नदियों के किनारे कॉलोनियां खड़ी करने के बाद हम हर आपदा को प्राकृतिक कहकर अपने अपराध का नाम बदल देते हैं। वर्षा प्रकृति करती है, लेकिन बाढ़ को विनाशकारी बनाने का काम हमारी लापरवाही करती है।

गांवों की कहानी त्रासद है। जहां बारिश कम है, वहां किसान बीज, खाद, डीजल और कर्ज के साथ प्रतीक्षा में खड़ा है। देर से वर्षा हुई तो बुवाई बिगड़ी, अचानक अधिक वर्षा हुई तो फसल डूबी, बीच में बारिश रुक गई तो पौधे सूख गए। कृषि अब मेहनत का नहीं, अनिश्चितता का व्यवसाय बनती जा रही है। मौसम विभाग चेतावनी देता है, पर वह चेतावनी खेत तक कितनी स्पष्टता और शीघ्रता से पहुंचती है, किसान को अपने गांव के अगले तीन दिनों का भरोसेमंद संकेत चाहिए।

समस्या पानी की कमी या अधिकता भर नहीं, पानी के प्रबंधन की है। जिस देश में वर्षा का बड़ा हिस्सा कुछ दिनों में गिरता है, वहां हर बूंद को रोकना, सहेजना और जमीन में उतारना राष्ट्रीय अभियान होना चाहिए। लेकिन जलाशय गाद से भरते जाते हैं, तालाब कागजों में पुनर्जीवित होते हैं, वर्षाजल संचयन नक्शों में स्वीकृत और इमारतों में अनुपस्थित रहता है। हम बारिश में पानी निकालने पर करोड़ों खर्च करते हैं और गर्मियों में पानी पहुंचाने पर फिर करोड़ों। शासन की यह दोहरी अर्थव्यवस्था संकट समाप्त नहीं करती, उसे बजट का स्थायी अध्याय बना देती है।

अब राहत बांटने की राजनीति से आगे बढ़ने का समय है। बाढ़ के बाद मुआवजा आवश्यक है, सूखे में सहायता भी जरूरी है, पर हर वर्ष केवल राहत देना शासन नहीं, विफलता का वार्षिक संस्कार है। नदियों के प्राकृतिक क्षेत्र सुरक्षित करने होंगे, शहरी नालों की दिशा बहाल करनी होगी, तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करना होगा, भूजल पुनर्भरण को भवन अनुमति से जोड़ना होगा और खेती को स्थानीय जल उपलब्धता के अनुसार बदलना होगा। आपदा प्रबंधन को घटना के बाद की प्रतिक्रिया नहीं, घटना से पहले की तैयारी बनाना होगा।

जलवायु परिवर्तन पर भाषण देना सरल है, अपनी विकास नीति बदलना कठिन। सरकारें हरित भविष्य की बात करती हैं, लेकिन शहरों में पेड़ काटकर पार्किंग बनाती हैं। जल संरक्षण के नारे लिखे जाते हैं, पर सीवर और वर्षाजल की धाराएं एक ही नाले में छोड़ दी जाती हैं। योजनाओं का उद्घाटन होता है, रखरखाव का कोई उत्सव नहीं होता। परिणाम यह है कि कहीं लोग छत पर बचाव दल की प्रतीक्षा करते हैं और कहीं किसान बादलों की।

कहीं बाढ़, कहीं सूखे की आहट वास्तव में प्रकृति का नहीं, हमारी प्राथमिकताओं का दर्पण है। यदि हमने जल को संकट आने पर याद किया और चुनाव बीतते ही भुला दिया, तो आने वाले वर्षों में मौसम केवल समाचार नहीं, जीवन की सबसे बड़ी असुरक्षा बन जाएगा। यह समय बादलों को दोष देने का नहीं, व्यवस्था से प्रश्न पूछने का है। बारिश कम हो या अधिक, राष्ट्र की परीक्षा एक ही है— क्या हम पानी को विनाश बनने से पहले जीवन में बदल सकते हैं?

-ऋषि नारायण आचार्य

# आखिर क्या है युवा पीढ़ी की आगे की राजनीति?

**भारत की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी है, जहां जेन-जी यानी 1997 के बाद जन्मी युवा पीढ़ी निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। यह पीढ़ी परंपरागत जाति-धर्म की राजनीति से आगे बढ़कर रोजगार, शिक्षा, तकनीक, पर्यावरण और पारदर्शिता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देती है। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया से जुड़ी यह पीढ़ी केवल वादों पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर भरोसा करती है और नेताओं से जवाबदेही की अपेक्षा रखती है। बढ़ती राजनीतिक भागीदारी और बदलती सोच के साथ जेन-जी आने वाले वर्षों में भारत की लोकतांत्रिक दिशा और राजनीतिक एजेंडा तय करने वाली सबसे प्रभावशाली शक्ति बन सकती है।**



● सौरभ वार्ष्णेय

भारत की राजनीति एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ केवल राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि मतदाता भी तेजी से बदल रहे हैं। आज देश की सबसे बड़ी ताकत केवल चुनावी रणनीति या गठबंधन नहीं, बल्कि वह युवा पीढ़ी है जिसे दुनिया जेन-जी के नाम से जानती है। सामान्यतः 1997 से 2012 के बीच जन्मे युवाओं को इस पीढ़ी में शामिल किया जाता है। यह पीढ़ी इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में बड़ी हुई है। इसकी सोच पहले की पीढि़यों से अलग है। यही कारण है कि आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति का स्वरूप काफी हद तक इसी पीढ़ी की प्राथमिकताओं और भागीदारी से प्रभावित हो सकता है। सवाल यह है कि आखिर जेन-जी की राजनीति कैसी होगी? क्या यह परंपरागत जाति और धर्म आधारित राजनीति को आगे बढ़ाएगी, या फिर रोजगार, शिक्षा, तकनीक, पर्यावरण और सुशासन जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देगी? यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है और हर चुनाव में लाखों नए मतदाता जुड़ते हैं।

**विचारधारा से अधिक परिणाम की राजनीति**

जेन-जी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह केवल विचारधारा से प्रभावित नहीं होती। वह परिणाम देखना चाहती है। यदि कोई सरकार रोजगार देती है, बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराती है, डिजिटल सुविधाएँ बढ़ाती है और जीवन स्तर सुधारती है, तो वह उसका समर्थन कर सकती है। यदि अपेक्षाएँ पूरी नहीं होतीं, तो यही पीढ़ी सोशल मीडिया के माध्यम से सवाल भी पूछती है। इस पीढ़ी के लिए राजनीतिक भाषणों से अधिक महत्व उन योजनाओं का है जिनका सीधा असर उनके जीवन पर पड़ता है। यही कारण है कि आने वाले समय में राजनीतिक दलों को केवल बड़े नारों से नहीं, बल्कि ठोस उपलब्धियों के आधार पर जनता का विश्वास जीतना होगा।

**सोशल मीडिया बना नया राजनीतिक मंचः** एक समय था जब राजनीतिक संदेश रैलियों, पोस्टरों और समाचार पत्रों तक सीमित रहते थे। आज स्थिति बदल चुकी है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक और अन्य डिजिटल मंचों ने राजनीति की भाषा और शैली दोनों बदल दी हैं। जेन-जी समाचार केवल टीवी चैनलों से नहीं लेती। वह अलग-अलग स्रोतों से जानकारी जुटाती है, वीडियो देखती है, बहस सुनती है और अपनी राय बनाती है। हालांकि इसके साथ एक बड़ी चुनौती भी जुड़ी है—फर्जी खबरें, आधी-अधूरी जानकारी और दुष्प्रचार। इसलिए इस पीढ़ी के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह भी है कि वह सूचना की सत्यता परखने की आदत विकसित करे।

**रोजगार सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा**

यदि जेन-जी की प्राथमिकताओं की सूची बनाई जाए तो रोजगार सबसे ऊपर दिखाई देता है। अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद सम्मानजनक नौकरी और बेहतर आय इस पीढ़ी की सबसे बड़ी अपेक्षा है। सरकारी नौकरियों की तैयारी करने वाले युवाओं से लेकर स्टार्टअप शुरू करने वाले उद्यमियों तक, सभी चाहते हैं कि नीति-निर्माण ऐसा हो जो अवसर बढ़ाए।आने वाले वर्षों में वही राजनीतिक दल अधिक प्रभावी साबित हो सकता है जो केवल रोजगार के वादे न करे, बल्कि कौशल विकास, उद्योग, निवेश, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली नीतियाँ प्रस्तुत करे।

**शिक्षा और कौशल की नई मांग**

जेन-जी केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल चाहती है। यह पीढ़ी जानती है कि भविष्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा और डिजिटल अर्थव्यवस्था का है। इसलिए वह ऐसी शिक्षा व्यवस्था चाहती है जो रोजगार से जुड़ी हो। राजनीतिक दलों के लिए यह संकेत है कि शिक्षा को केवल चुनावी घोषणा-पत्र का हिस्सा बनाना पर्याप्त नहीं होगा। गुणवत्तापूर्ण विद्यालय, आधुनिक विश्वविद्यालय, अनुसंधान, डिजिटल शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर गंभीर निवेश आवश्यक होगा।

**राष्ट्रवाद और वैश्विक सोच का संतुलनः** जेन-जी में राष्ट्र के प्रति गर्व की भावना भी दिखाई देती है। खेल, विज्ञान, अंतरिक्ष, रक्षा और वैश्विक मंचों पर भारत की उपलब्धियाँ इस पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। लेकिन इसके साथ-साथ यह पीढ़ी दुनिया से जुडना भी चाहती है। वह विदेशों में शिक्षा, वैश्विक रोजगार, तकनीकी सहयोग और अंतरराष्ट्रीय अवसरों को भी महत्व देती है। इसलिए उसकी राजनीति केवल सीमित दृष्टिकोण तक नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की भूमिका पर भी केंद्रित हो सकती है।

**पर्यावरण और जलवायु का बढ़ता महत्व**

पहले पर्यावरण चुनावी बहस का प्रमुख विषय नहीं होता था। लेकिन अब जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जल संकट और प्राकृतिक आपदाएँ सीधे युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं। जेन-जी चाहती है कि विकास हो, लेकिन पर्यावरण की कीमत पर नहीं। स्वच्छ ऊर्जा, हरित परिवहन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और टिकाऊ विकास आने वाले समय में राजनीतिक विमर्श के महत्वपूर्ण विषय बन सकते हैं।

**पहचान की राजनीति पूरी तरह समाप्त नहीं होगी**

यह कहना जल्दबाजी होगी कि जेन-जी पूरी तरह जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति से दूर हो जाएगी। भारत का सामाजिक ढाँचा अभी भी इन तत्वों से प्रभावित है।हालाँकि यह भी सच है कि शहरों, डिजिटल शिक्षा और बढ़ते सामाजिक संपर्क ने युवाओं के सोचने का तरीका बदला है। वे पहचान से जुड़े प्रश्नों के साथ-साथ अवसर, विकास और व्यक्तिगत प्रगति को भी समान महत्व देने लगे हैं।

**महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारीः** जेन-जी की राजनीति में महिलाओं की भूमिका पहले से अधिक मजबूत दिखाई दे रही है। शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, समान अवसर और नेतृत्व जैसे विषय अब केवल महिला मुद्दे नहीं, बल्कि मुख्य राजनीतिक मुद्दे बनते जा रहे हैं।आज बड़ी संख्या में युवा महिलाएँ राजनीति, प्रशासन, पत्रकारिता, उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व में सक्रिय हैं। आने वाले समय में राजनीतिक दलों को महिला नेतृत्व और भागीदारी को और गंभीरता से लेना होगा।

**डिजिटल अर्थव्यवस्था की राजनीति**

यूपीआई, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शिक्षा, ई-कॉमर्स और स्टार्टअप संस्कृति ने युवाओं की सोच बदल दी है। जेन-जी चाहती है कि सरकार डिजिटल ढाँचे को और मजबूत बनाए, इंटरनेट सस्ता और सुरक्षित हो तथा नवाचार को प्रोत्साहन मिले। डिजिटल अर्थव्यवस्था अब केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि चुनावी मुद्दा भी बनती जा रही है।

**पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग**

यह पीढ़ी सवाल पूछने से नहीं डरती। यदि कोई नीति सफल होती है तो उसकी सराहना करती है, लेकिन यदि कोई निर्णय विवादित होता है तो उसकी आलोचना भी करती है। जेन-जी नेताओं से अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा रखती है। यही कारण है कि भविष्य में राजनीतिक नेतृत्व को जनता के साथ लगातार संवाद बनाए रखना होगा।

**क्या जेन-जी राजनीति में भी आएगी?**

लंबे समय तक यह धारणा रही कि युवा केवल मतदान करते हैं, राजनीति में सक्रिय भागीदारी नहीं करते लेकिन अब यह स्थिति बदल रही है। छात्र राजनीति, सामाजिक अभियान, डिजिटल जनसंपर्क और स्थानीय नेतृत्व के माध्यम से युवा स्वयं राजनीति में प्रवेश कर रहे हैं। संभव है कि आने वाले वर्षों में विधानसभाओं और संसद में जेन-जी के प्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़े।

**राजनीतिक दलों के सामने चुनौती**

राजनीतिक दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे जेन-जी को केवल चुनावी भाषणों से प्रभावित नहीं कर सकते। यह पीढ़ी तथ्यों की जाँच करती है, विभिन्न स्रोतों से जानकारी लेती है और अपने अनुभव के आधार पर निर्णय लेती है। उसे केवल मुफ्त योजनाओं से नहीं, बल्कि दीर्घकालिक अवसरों से अधिक उम्मीद है। इसलिए भविष्य की राजनीति में घोषणाओं से अधिक प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

**लोकतंत्र के लिए अवसर**

यदि जेन-जी सकारात्मक रूप से लोकतंत्र में भागीदारी करती है, तो भारतीय लोकतंत्र और मजबूत हो सकता है। अधिक मतदान, बेहतर सार्वजनिक बहस, नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी और तकनीक का जिम्मेदार उपयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था को नई ऊर्जा दे सकते हैं लेकिन यदि यह पीढ़ी गलत सूचना, कट्टर ध्रुवीकरण और डिजिटल प्रचार के प्रभाव में निर्णय लेने लगे, तो लोकतंत्र के सामने नई चुनौतियाँ भी खड़ी हो सकती हैं। भारत की आने वाली राजनीति का चेहरा काफी हद तक जेन-जी तय करेगी। यह पीढ़ी न तो पूरी तरह पुरानी राजनीति को स्वीकार करती है और न ही हर नई बात को बिना सवाल अपनाती है। इसकी प्राथमिकताएँ रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी विकास, पारदर्शी शासन, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और बेहतर जीवन अवसरों से जुड़ी हैं।

फिर भी यह मान लेना उचित नहीं होगा कि जेन-जी एक समान सोच रखने वाला समूह है। भारत की सामाजिक, आर्थिक, भाषाई और क्षेत्रीय विविधताएँ इस पीढ़ी के राजनीतिक दृष्टिकोण को भी प्रभावित करती हैं। इसलिए भविष्य की राजनीति में विकास, पहचान, अवसर और सामाजिक न्याय—इन सभी मुद्दों का मिश्रण देखने को मिल सकता है।जो राजनीतिक दल युवाओं की आकांक्षाओं को समझेंगे, विश्वसनीय नीतियाँ प्रस्तुत करेंगे और संवाद की संस्कृति विकसित करेंगे, उनके लिए जेन-जी सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन सकती है। आने वाले दशक में भारत की राजनीति केवल नेताओं की नहीं, बल्कि जागरूक, डिजिटल और महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं की राजनीति होगी। यही वह परिवर्तन है जो भारतीय लोकतंत्र को नई दिशा दे सकता है।

# बचपन की कोई कीमत नहीं होती, न्याय केवल मुआवजा नहीं, जीवन का सहारा भी होना चाहिए

● डॉ. निवेदिता शर्मा

"मां... मैं फिर कब दौड़ पाऊंगी?" यह प्रश्न किसी पांच वर्ष की बच्ची का है, जिसने शायद अभी जीवन का अर्थ भी ठीक से नहीं समझा था। उसे यह नहीं पता कि रीढ़ की हड्डी में लगी चोट क्या होती है, स्थायी लकवा क्या होता है और व्हीलचेयर पर बीतने वाला जीवन कितना लंबा और कठिन होता है। उसे तो बस इतना मालूम है कि पहले वह अपने दोस्तों के साथ खेलती थी, आंगन में तितलियों के पीछे दौड़ती थी, मां की उंगली छोड़कर स्कूल की ओर भागती थी, वैसा ही उसका जीवन फिर से हो जाए, क्योंकि पैर उसकी सुनते ही नहीं, वह उठना चाहती है, दौड़ना चाहती है।

अब उसके बचपन का बड़ा हिस्सा अस्पतालों, दवाइयों, फिजियोथेरेपी, डायपर, कैथेटर और दूसरों की मदद पर निर्भर हो गया है। शायद इसी मानवीय पीड़ा को महसूस करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक ऐसा निर्णय दिया है, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि जब किसी बच्चे का पूरा भविष्य सड़क दुर्घटना में छिन जाए, तब उसकी विकलांगता का आकलन उसके पूरे जीवन पर पड़े प्रभाव से किया जाएगा।

23 जून 2018 को एक पांच वर्षीय बच्ची अपनी मां और दादी के साथ यात्रा कर रही थी। तेज गति से चल रही कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे ने उस बच्ची की रीढ़ की हड्डी को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया और वह स्थायी रूप से लकवाग्रस्त हो गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने उसे लगभग 14.84 लाख रुपये का मुआवजा दिया, जिसे बाद में उच्च न्यायालय ने कुछ बढ़ाकर लगभग 20 लाख रुपये के आसपास पहुंचाया, परन्तु प्रश्न यह था कि क्या इतनी राशि उस बच्ची के जीवनभर की चिकित्सा, देखभाल, शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन के अधिकार की भरपाई कर पाएगी?

इसी गहरे प्रश्न का उत्तर सर्वोच्च न्यायालय ने मानवीय दृष्टि से दिया है। न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने मुआवजे को बढ़ाकर 87.15 लाख रुपये कर दिया और कहा कि क्षतिपूर्ति की गणना के लिए बच्ची की कार्यात्मक विकलांगता 100 प्रतिशत मानी जाएगी। यह निर्णय इसलिए विशेष है क्योंकि न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बच्चों के के लिए शरीर के किसी अंग की चिकित्सकीय क्षति को देखना पर्याप्त नहीं है।

यदि कोई बच्चा जीवनभर चलने-फिरने, स्वयं बैठने, दैनिक कार्य करने और अपने भविष्य का निर्माण करने की क्षमता खो देता है, तो व्यवहारिक रूप से उसके लिए आय प्राप्त करने की संभावना, स्वतंत्र जीवन और सामान्य बचपन समाप्त हो जाता है, इसलिए ऐसी स्थिति में "कार्यात्मक विकलांगता" को 100 प्रतिशत मानना ही न्यायोचित होगा।

इस तरह से सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में उस पूरे जीवन को देखा जो अब दुर्घटना के कारण पूरी तरह बदल चुका है। अदालत ने माना कि बच्ची को जीवनभर प्रशिक्षित परिचारक की आवश्यकता होगी। नियमित फिजियोथेरेपी जारी रहेगी। मूत्र असंयम के कारण डायपर और कैथेटर जैसे चिकित्सा उपकरणों पर हर महीने खर्च होगा। उसके माता-पिता पर आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार का स्थायी बोझ रहेगा। न्यायालय ने भविष्य की कमाई की क्षमता को भी ध्यान में रखा और कहा कि बच्चों की "काल्पनिक आय" का निर्धारण मनमाने ढंग से नहीं किया जा सकता। एक तरह से जिस राज्य में दुर्घटना हुई, वहां 2018 में कुशल श्रमिक के न्यूनतम वेतन को आधार मानते हुए भविष्य की संभावनाओं के साथ आय का आकलन किया गया। यह सिद्धांत इस बात का प्रतीक है कि कानून अब बच्चों के संभावित भविष्य को भी मूल्यवान मानता है। यहां बताएं कि न्यायालय का यह फैसला कोई अकेला निर्णय नहीं है। बेबी साक्षी ग्रेओला बनाम मंजूर अहमद सिमोन के मामले में न्यायालय ने यह सिद्धांत स्थापित किया कि नाबालिग बच्चों की काल्पनिक आय का आधार संबंधित राज्य के कुशल श्रमिक का न्यूनतम वेतन होना चाहिए। मई 2026 में 14 वर्षीय पूर्णतः विकलांग बालक के मामले में अदालत ने मुआवजा बढ़ाकर 56.83 लाख रुपये करते हुए कहा कि दुर्घटना के कारण समाप्त हुआ पूरा भविष्य भी न्याय का विषय है। सात वर्षीय सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चे के मामले में न्यायालय ने कहा कि सिर्फ शारीरिक विकलांगता का प्रतिशत नहीं, बल्कि बचपन का आनंद, शिक्षा, युवावस्था, सामाजिक जीवन और विवाह जैसी संभावनाओं के नष्ट होने को भी क्षतिपूर्ति में शामिल किया जाना चाहिए। कजोल बनाम महाराष्ट्र राज्य जैसे ऐतिहासिक मामले में तो सर्वोच्च न्यायालय ने अत्यंत मार्मिक शब्दों में कहा था कि ऐसी बच्ची अपने मित्रों के साथ खेल नहीं सकेगी, जीवन की सामान्य खुशियों का अनुभव नहीं कर सकेगी और यह क्षति किसी साधारण गणना से नहीं आंकी जा सकती।

इन निर्णयों ने बीमा कंपनियों के लिए भी स्पष्ट संदेश दिया है कि गंभीर रूप से घायल बच्चों के मामलों में औपचारिक मुआवजा देना पर्याप्त नहीं होगा। क्योंकि क्षतिपूर्ति का उद्देश्य पीड़ित बच्चे के पूरे जीवन को यथासंभव सम्मानजनक बनाना है। हर दुर्घटना किसी परिवार के सपनों को तोड़ती है। एक क्षण की लापरवाही किसी बच्चे का पूरा जीवन बदल देती है, इसलिए सड़क सुरक्षा यातायात नियमों का विषय तो है ही, साथ में बाल अधिकारों का भी विषय है।

बच्चों का अधिकार उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ, सम्मानजनक और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार भी है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा के साथ जीवन का अधिकार देता है, जबकि राज्य के नीति-निर्देशक तत्व बच्चों के संरक्षण और उनके समुचित विकास पर विशेष बल देते हैं। ऐसे में जब कोई सड़क दुर्घटना किसी बच्चे के पूरे भविष्य को अंधकार में धकेल देती है, तब न्यायालय का दायित्व हो जाता है कि उस संवैधानिक गरिमा की रक्षा करना जिसके कि ये बच्चे भी सच्चे अधिकारी हैं। सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय इसी संवेदनशील संवैधानिक दृष्टि का सशक्त उदाहरण है। यहां न्याय यह सुनिश्चित करता है कि दुर्घटना के बाद उसका शेष जीवन अभाव, असहायता और उपेक्षा में न बीते। (लेखिका, मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष हैं।)

# एआई बनाम परमाणु बम : मानवता के सामने सबसे बड़ा खतरा कौन?



● डॉ. शैलेश शुक्ला

कुछ वर्ष पहले तक दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा परमाणु बम को माना जाता था। आज भी यदि किसी देश के पास परमाणु हथियार हैं तो दुनिया चिंतित हो जाती है लेकिन अब एक नई शक्ति तेजी से विकसित हो रही है, जिसका नाम है कृत्रिम मेधा (एआई)। यह तकनीक हमारे मोबाइल फोन, कंप्यूटर, अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों, कारखानों और सरकारी दफ्तरों तक पहुँच चुकी है। यह हमारे काम को आसान बना रही है, लेकिन इसके साथ अनेक नए प्रश्न भी खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भविष्य में एआई परमाणु बम से भी बड़ा खतरा बन सकता है?

इस प्रश्न का उत्तर देने से पहले यह समझना आवश्यक है कि दोनों की प्रकृति अलग-अलग है। परमाणु बम एक ऐसा हथियार है जिसका उद्देश्य विनाश करना है, जबकि एआई एक तकनीक है जिसे मानव की सहायता के लिए विकसित किया गया है। इसका उपयोग चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, उद्योग और प्रशासन सहित कई क्षेत्रों में हो रहा है। इसलिए एआई को अपने आप में खतरनाक कहना उचित नहीं होगा। वास्तविक चिंता इस बात को लेकर है कि इसका उपयोग किस प्रकार और किस उद्देश्य से किया जाता है।

परमाणु बम का प्रभाव तात्कालिक और विनाशकारी होता है। इसके प्रयोग से कुछ ही क्षणों में बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान होता है और पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ता है। यही कारण है कि दुनिया के देशों ने इसके उपयोग को सीमित करने के लिए सख्त नियम बनाए हैं। परमाणु हथियार कुछ ही देशों तक सीमित हैं और उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। इसके विपरीत एआई का विस्तार बहुत व्यापक है। यह किसी एक देश या संस्था तक सीमित नहीं है। आज दुनिया भर में करोड़ों लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। छात्र पढ़ाई में, डॉक्टर इलाज में, किसान खेती में और व्यवसायी अपने कार्यों में इसका सहारा ले रहे हैं। यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन यही इसकी चुनौती भी है क्योंकि इसका नियंत्रण केंद्रीकृत नहीं है।

एआई से जुड़ी सबसे बड़ी चिंता यह है कि इसका गलत उपयोग समाज में भ्रम और अविश्वास फैला सकता है। आज ऐसी तकनीक उपलब्ध है जिससे नकली आवाज और वीडियो तैयार किए जा सकते हैं। यदि इनका उपयोग गलत सूचना फैलाने या किसी की छवि खराब करने के लिए किया जाए, तो इसके गंभीर सामाजिक परिणाम हो सकते हैं। डिजिटल माध्यमों के कारण ऐसी सूचनाएँ बहुत तेजी से फैलती हैं, जिन्हें रोकना कठिन हो जाता है।

रोजगार के क्षेत्र में भी एआई का प्रभाव दिखाई दे रहा है। कई कार्य अब मशीनें अधिक तेजी से कर सकती हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती है। हालांकि इतिहास यह बताता है कि नई तकनीकें नए अवसर भी पैदा करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि लोग नए कौशल सीखें और बदलती परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को तैयार करें।

शिक्षा के क्षेत्र में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। विद्यार्थी कठिन विषयों को आसानी से समझ सकते हैं और शिक्षक भी नई पद्धतियों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन यदि पूरी तरह एआई पर निर्भरता बढ़ती है, तो सोचने और समझने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इसलिए इसे सहायक के रूप में अपनाना अधिक उचित है।

पत्रकारिता और सुरक्षा के क्षेत्र में भी एआई का उपयोग बढ़ रहा है। यह कार्यों को तेज और प्रभावी बनाता है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी भी बढ़ती है। गलत हाथों में जाने पर इसका दुरुपयोग संभव है, जिससे समाज और देश दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

इसके बावजूद एआई के अनेक सकारात्मक पहलू हैं। चिकित्सा, कृषि, प्रशासन और तकनीकी विकास में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यदि इसका उपयोग जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ किया जाए, तो यह मानव जीवन को बेहतर बना सकता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि परमाणु बम और एआई की तुलना सीधे तौर पर नहीं की जा सकती। परमाणु बम तात्कालिक विनाश का कारण बनता है, जबकि एआई का प्रभाव धीरे-धीरे सामने आता है। असली खतरा तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग में है। यदि एआई का उपयोग समझदारी, जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ किया जाए, तो यह मानव विकास का शक्तिशाली साधन बन सकता है।




**मेष** — किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृषभ** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**मिथुन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कर्क** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**सिंह** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**कन्या** — स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा।

**तुला** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढने. के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**धनु** — शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मकर** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**कुंभ** — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**मीन** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे।

# सीसीएसएचएयू के घोटालों का मुद्दा आगामी विस सत्र में उठाएगी कांग्रेस

**महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल**



**हिसार।** एन.एस.यू.आई. हिसार के जिला अध्यक्ष रोहित दलाल ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सी.सी.एस.एच.ए.यू.), हिसार से जुड़े विभिन्न मामलों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर पूर्व कुलपति डॉ. के.पी. सिंह तथा वर्तमान कुलपति डॉ. बी.आर. कम्बोज के कार्यकाल में हुए कथित मामलों की सीबीआई जांच की मांग आगामी हरियाणा विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष प्रमुखता से उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन से संचालित परियोजनाओं में यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रेस वार्ता में बताया गया कि सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी सुनील कुमार गुलाटी सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के फैकल्टी हाउस में सोलर ग्रीन प्रोजेक्ट, विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न शिकायतों तथा लुवास के कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों की जांच के उद्देश्य से पहुंचे थे।

रोहित दलाल ने आरोप लगाया कि सोलर ग्रीन प्रोजेक्ट भारत का अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट था, जिसे तत्कालीन कुलपति डॉ. के.पी. सिंह के कार्यकाल में सी.सी.एस.एच.एयू., हिसार में स्थापित किया जाना था। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई 2019 को एस्ट्रॉन सोलपावर प्राइवेट लिमिटेड को लगभग 6.37 करोड़ का भुगतान कर दिया गया, जबकि परियोजना का प्रथम चरण पूरा नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि परियोजना की शर्तों के अनुसार प्रथम चरण मनका कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र निदेशक अनुसंधान द्वारा जारी किया जाना आवश्यक था। निदेशक अनुसंधान द्वारा बैंक को यह पत्र भेजा गया कि परियोजना स्थल पर कार्य की प्रगति संतोषजनक है। हालांकि, विश्वविद्यालय के अनुसार फेज-1 का कोई भी कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र बैंक को कभी नहीं भेजा गया।

रोहित दलाल ने दावा किया कि परियोजना की राशि निदेशक, स्टोर परचेज के खाते में थी तथा 29 जुलाई 2019 को निदेशक, स्टोर परचेज ने बैंक को लिखित रूप से अनुरोध किया था कि कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त न होने के कारण कंपनी को भुगतान जारी नहीं किया जाए। इसके बावजूद बैंक द्वारा राशि कंपनी के खाते में जारी कर दी गई। उन्होंने कहा कि बैंक ने 25.07.2019 को पहले ही विश्वविद्यालय को सूचित कर दिया था कि 29 जुलाई 2019 को भुगतान स्वतः जारी हो जाएगा तथा उसे रोकने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना की निगरानी करने वाली समिति ने कंपनी से भुगतान के बराबर बैंक गारंटी लेने की सिफारिश की थी, लेकिन कंपनी ने ऐसी कोई बैंक गारंटी उपलब्ध नहीं कराई। इसके बावजूद भुगतान कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा प्रस्तुत शिपमेंट दस्तावेज में उपकरण सितंबर 2019 तक भारत पहुंचने का उल्लेख था, जबकि आज तक उपकरण विश्वविद्यालय नहीं पहुंचे। अलग-अलग शिपमेंट दस्तावेजों में अलग-अलग तिथियां दर्ज थीं, जिससे इन दस्तावेजों की सत्यता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों के बावजूद कंपनी को अक्टूबर 2020 तक समय विस्तार दे दिया गया।

रोहित दलाल ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय द्वारा कराई गई आंतरिक जांच में डॉ. ए.के. छाबड़ा को जांच समिति का अध्यक्ष तथा डॉ. राजवीर सिंह को सदस्य बनाया गया, जबकि डॉ. राजवीर सिंह पूर्व में उसी सेंट्रल परचेज कमेटी के अध्यक्ष रह चुके थे, जिसकी अध्यक्षता में इस परियोजना को स्वीकृति दी गई थी। उन्होंने कहा कि उस समय समिति में विश्वविद्यालय के कई डीन एवं निदेशक भी सदस्य थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डॉ. ए.के. छाबड़ा एवं डॉ. राजवीर सिंह को सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति भी दी गई।

## सरकार के खिलाफ गरजे बिजली कर्मचारी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**हिसार।** हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर सांझा संघर्ष मोर्चा की यूनिट नंबर 2 हिसार में एच एस ई बी वर्कर यूनियन, एचपीसी यूनियन व एसबीसी यूनियन के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक राजगढ़ रोड स्थित बिजली ऑफिस के प्रांगण में शीर्ष कमेटी द्वारा प्रस्तावित प्रोग्राम के अनुसार की गई जिसकी अध्यक्षता राज्य के ऑर्गेनाइजर एचएसईबी वर्कर यूनियन के प्रदीप लौरा ने की व मंच का संचालन हंसराज ग्रोवर सर्कल सचिव एसवीसी यूनियन ने किया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य यूनिट स्तर के आगामी प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कमेटी बनाई गई जिसका प्रमुख उद्देश्य किसान मजदूर व जन मानस के बीच जाकर सरकार की नीतियों का बखान करना व बिजली निगम में प्राइवेट कंपनियों के आगमन का विरोध करना पर विचार किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से जगमेंद्र पूनिया राज्य उप प्रधान एचपीसी व राजकुमार महला राज्य वरिष्ठ उप प्रधान ने मुख्य रूप से शिरकत की। यूनिट प्रधान दिनेश गिल, विजेंद्र पूनिया, रणबीर दुग्गल ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार की जो नीति है वह किसान विरोधी व जनमानस विरोधी है, जिसका बिजली कर्मचारी पुरजोर विरोध करते हैं।

यूनिट सचिव महेंद्र डूडी, रमेश कुमार, राजकुमार ने कहा कि सरकार की तानाशाही नीतियों को कर्मचारी कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदीप लौरा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जो नया एग्री डिस्कॉम लेकर आना चाहती है, हम उसका पुरजोर विरोध करते हैं। जो डिस्कॉम हरियाणा सरकार बनाने जा रही है, वह किसानों के लिए भी बहुत नुकसानदायक है, जिससे किसानों की सब्सिडी व अन्य फायदे खत्म हो जाएंगे। जगमेंद्र पूनिया व राजकुमार महला ने कहा कि स्मार्ट मीटर लेकर सरकार आम जनता पर बोझ डालना चाहती है, जिससे जनमानस बहुत ज्यादा प्रभावित होगा और निजी कंपनियों को फायदा होगा, जो न निगम के हित में हैं, न जनता के हित में है और न कर्मचारियों के हित में हैं। सर्कल सचिव हंसराज व ओमप्रकाश वर्मा ने कर्मचारियों को कल के विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए व उसमें बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई कि वह जनता के बीच में जाकर सरकार की तानाशाही नीतियों का विस्तार से वर्णन करें। राज मंदिर शर्मा व दलीप सोनी ने सभी साथियों से अपील की कि वे 11,12, 13 अगस्त की हड़ताल को सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगा दें।

## खबरें फटाफट

### युवक की इलाज के दौरान मौत

**फतेहाबाद।** शहर के रतिया रोड पर रविवार देर रात एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसकी अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई। मृतक की पहचान फतेहाबाद के नजदीकी गांव बड़ोपल निवासी 37 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र मक्खनलाल के रूप में हुई है। घटना के बाद से ही इलाके में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात रतिया रोड से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने सडक़ किनारे एक युवक को बेसुध और लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। राहगीरों ने तुरंत इस बात की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम बिना कोई वक्त गंवाए मौके पर पहुंची और घायल राकेश को एंबुलेंस के जरिए नजदीकी नागरिक अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पड़ोसियों और ग्रामीणों ने बताया कि 37 वर्षीय राकेश कुमार बेहद शांत स्वभाव का व्यक्ति था। वह शादीशुदा था और खेती-बाड़ी का कार्य करके अपने परिवार का पेट पालता था। राकेश अपने पीछे पत्नी और एक छोटे बेटे को छोड़ गया है। अचानक हुई इस घटना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया, जहां सोमवार को डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई।

### रोडवेज चालक-परिचालक पर हमला, सांझा संघर्ष समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज सांझा संघर्ष समिति ने हिसार-ईश्वरवाल रूट पर ड्यूटी के दौरान रोडवेज बस के चालक और परिचालक पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। समिति के अनुसार, हिसार-ईश्वरवाल रूट पर चल रही रोडवेज बस में भर्री गांव के कुछ असामाजिक तत्व बस में चढ़ गए और चालक-परिचालक के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने का प्रयास किया और भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। घटना से बस में सवार यात्रियों में भी दहशत फैल गई और सरकारी कार्य बाधित हुआ। सांझा संघर्ष समिति ने बताया कि चालक और परिचालक ने मंगाली पुलिस चौकी में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति का कहना है कि सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट, ड्यूटी में बाधा डालना और जान से मारने की धमकी देना गंभीर अपराध हैं, जिन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

### हिसार कोर्ट परिसर में किन्नर समाज और गे युवकों के बीच मारपीट



**हिसार।** जिला अदालत परिसर में सोमवार दोपहर किन्नर समाज और गे युवकों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। झगड़े में युवराज गिल और मीनू को मामूली चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12:15 बजे किन्नर शोभा नेहरू और बंटी गुट के सदस्यों का युवराज गिल, मीनू, चीकू (गे) समेत अन्य लोगों से विवाद हो गया। किन्नर पक्ष ने आरोप लगाया कि कुछ लोग नकली किन्नर बनकर बधाई लेने का काम कर रहे हैं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना के समय अदालत परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया। इसके बावजूद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे परिसर में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




**जींद।** हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को नरवाना स्थित बिजली निगम के एक्सईएन कार्यालय पर कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग के निजीकरण, स्मार्ट मीटर योजना तथा कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आगामी 11, 12 और 13 अगस्त को होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को पूरी ताकत से सफल बनाने का आह्वान किया गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संयुक्त संघर्ष मोर्चा के राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि हरियाणा सरकार बिजली विभाग में निजीकरण को बढ़ावा देने, स्मार्ट मीटर योजना लागू करने तथा बिजली निगमों को कमजोर करने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा इन नीतियों का पुरजोर विरोध करता है और किसी भी कीमत पर बिजली विभाग के निजीकरण को सफल नहीं होने देगा।

उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी और अधिकारी विभाग को मजबूत बनाने तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए एकजुट हैं। सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा। राठी ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि 11, 12 और 13 अगस्त की प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लें और इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नही बल्कि बिजली विभाग और आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा का भी संघर्ष है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने निजीकरण, स्मार्ट मीटर योजना तथा कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने सरकार से कर्मचारी हितों में सकारात्मक निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक एवं तेज किया जाएगा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दपंती की मौत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**सिरसा।** जिले के नाथूसरी चोपटा कस्बे में ट्रक ट्राले की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपती की मौत हो गई। मृतक दंपती की पहचान हिसार जिले के गांव मिगनी खेड़ा निवासी ताराचंद व उसकी पत्नी मूर्ति देवी के रूप में हुई। सोमवार को पुलिस ने ट्रक ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हिसार जिले के गांव मिगनी खेड़ा निवासी तारा चंद अपनी पत्नी मूर्ति देवी के साथ नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के गांव लुदेसर आया हुआ था। रिश्तेदारों से मिलने के बाद रविवार रात्रि वापस अपने घर लौट रहा था। नाथूसरी चौपटा के भट्टू रोड पर सामने से आ रहे ट्रक-ट्राले ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगिरों ने घायलों को ई-रिक्शा से चौपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपथार के बाद दोनों को सिरसा रैफर कर दिया गया। महिला मूर्ति देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं उसके पति ताराचंद को हिसार रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान ताराचंद ने भी दम तोड़ दिया।

## 'वीसी हटाओ, एचएयू बचाओ' के तहत आईएसओ का प्रदर्शन

### कुलपति का पुतला फूंक राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**अशोक कुमार, हरियाणा मेल**

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में कथित भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अनियमितताओं और विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी के आरोपों को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के छात्र संगठन आईएसओ ने सोमवार को 'वीसी हटाओ, एचएयू बचाओ' अभियान के तहत जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आईएसओ के प्रदेश अध्यक्ष साहिलदीप कसवां ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुखविंद्र (सुखी) मंगाली ने की।

प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी.आर. कम्बोज के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सांकेतिक शवयात्रा निकाली और उनका पुतला फूंका। इसके बाद सभी कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंडलायुक्त डॉ. अशोक कुमार गर्ग की जांच रिपोर्ट को तत्काल लागू करने, डॉ. दिव्या फोगाट हत्याकांड के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा विश्वविद्यालय में लगातार सामने आ रहे विवादों और प्रशासनिक विफलताओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कुलपति को पद से हटाने की मांग की गई।

प्रदेश अध्यक्ष साहिलदीप कसवां ने कहा कि एचएयू प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों की उम्मीदों का केंद्र है, लेकिन वर्तमान प्रशासन के कार्यकाल में विद्यार्थियों का भरोसा कमजोर हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आईएसओ पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज करेगा।

## समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी जनसमस्याएं

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हिसार।** लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त महेंद्र पाल ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में बिजली, पानी, सीवर, अवैध कब्जे, सड़क निर्माण, परिवार पहचान पत्र, इंतकाल और मुआवजा समेत विभिन्न मामलों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं।

गांव सीसवाल निवासी अजीत सिंह ने घर के पास लगे एयरटेल के मोबाइल टावर को हटाने की मांग रखी, जिस पर उपायुक्त ने जिला परिषद के सीईओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं सेक्टर-21 पी स्थित मेला ग्राउंड मार्केट के दुकानदारों ने सार्वजनिक शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़क, अतिक्रमण हटाने और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। नवदीप कॉलोनी के एक प्रार्थी ने भाई के निधन के बाद एक्स-ग्रेशिया सहायता दिलाने की मांग की, जबकि राजगढ़ रोड पर आरसीसी सड़क निर्माण के बीच आ रहे बिजली के खंभे को हटाने की शिकायत भी उपायुक्त के समक्ष रखी गई।

## टोहाना के शहीद चौक की बदहाली पर भड़के किसान

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में स्थित ऐतिहासिक शहीद चौक के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। किसान संगठनों का आरोप है कि प्रशासन को 31 जुलाई तक निर्माण कार्य शुरू करने का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बावजूद काम शुरू नहीं किया गया। यह धरना रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा और मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं लाभ सिंह और हरि ने बताया कि शहीद चौक लंबे समय से बेहद जर्जर स्थिति में है। करीब एक माह पहले प्रशासन को चेतावनी दी गई थी कि यदि 31 जुलाई तक पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने कुछ दिन पहले चौक के आसपास इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाने का काम शुरू जरूर कराया, लेकिन महज एक-दो दिन बाद ही इसे बंद कर दिया गया। किसान संगठनों का कहना है कि चौक की मौजूदा स्थिति यातायात व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चौक के वर्तमान डिजाइन में भारी खामियां हैं, जिससे लगातार दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## संगठन मजबूत करने में जुटी बसपा

### बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन, कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी हरियाणा में अपने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत जल्द ही प्रदेशभर में बूथ स्तर तक पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जाएंगी, ताकि प्रत्येक क्षेत्र में पार्टी की सक्रिय और प्रभावी मौजूदगी सुनिश्चित की जा सके। यह बात सोमवार को राज्यसभा सांसद एवं बसपा के सेक्टर-1 (पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड) के केंद्रीय कोऑर्डिनेटर इंजीनियर रामजी गौतम ने यहां आयोजित पार्टी की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही।

इस बैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा एवं राजस्थान के केंद्रीय कोऑर्डिनेटर इंजीनियर सीपी सिंह विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर ने की। मंच पर प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह धानिया, विशाल गुर्जर, सहीराम, डॉ. महेंद्र सिंह जाजोरिया, एडवोकेट नेतराम, करनैल सिंह नगला तथा पूर्व प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव राम सिंह फौजी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन भी राम सिंह फौजी ने किया। सांसद रामजी गौतम ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है।

आगामी चुनावों को देखते हुए उन्होंने अनुशासित संगठन, सक्रिय कार्यकर्ता तंत्र और मजबूत बूथ प्रबंधन पर विशेष जोर दिया।

## ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़े समर्थक

### विधायक चंद्रप्रकाश ने कार्यकर्ताओं से साधा संवाद, एकजुटता बढ़ाने का किया आह्वान

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**हिसार।** संगठन को मजबूत करने और एकजुटता बढ़ाने के आह्वान के साथ चरखी दादरी में ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन व विधायक चंद्रप्रकाश मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी चरखी दादरी के अध्यक्ष सुशील धानक ने की। इस दौरान पूर्व विधायक सोमवीर सांगवान, पूर्व विधायक रघुवीर छिल्लर, पूर्व विधायक धर्मपाल, डॉ. मनीषा सांगवान, प्रदीप गुलिया, महेंद्र सोनी, डॉ. संतलाल जांगड़ा, दिनेश जांगड़ा, जगमति जांगड़ा, प्रेम जांगड़ा, पार्षद सुधीर स्वामी, पार्षद वीरेंद्र, पैंतावास सरपंच अमरजीत, पूर्व एमसी प्रीतम जांगड़ा, संजय जांगड़ा, मांगेराम जांगड़ा व सत्यकुमार ठकेदार मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्याम सिंह सैन, रामकिशन सैन, सुनील रोहिला, नरेंद्र यादव, सतबीर भागेश्वरी, पूर्व पार्षद बाला सैनी, एडवोकेट आनंद कुमार, सेठ सुरेश कुमार, रणवीर फौजी, रविंद्र जांगड़ा, डॉ. अनिल जांगड़ा, डॉ. अंकुश जांगड़ा, गोपाल जांगड़ा, पार्षद वीरेंद्र पप्पू, सुरेंद्र जांगड़ा, सतबीर जांगड़ा, राजेश वाल्मीकि, जयदीप काकड़ोली व नरेश जांगड़ा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व ओबीसी समाज से जुड़े साथी काफी संख्या में मौजूद रहे।

विधायक चंद्रप्रकाश के चरखी दादरी की अग्रसेन धर्मशाला में पहुंचते ही पूरा सभागार राहुल गांधी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मालाएं व पगड़ी पहनाकर चंद्रप्रकाश का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्हें बुके, शॉल, स्मृति चिह्न व महापुरुषों के चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया।

उत्साहित कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि ऐसे जुझारू व उत्साही कार्यकर्ता संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के भरोसे ओबीसी को कुछ हासिल होने वाला नहीं है। सरकार ने वोट प्राप्त करने के लिए बड़े-बड़े वादे तो किए लेकिन चुनाव जीतते ही ओबीसी के हितों के लिए योजनाएं बनाना तो दूर की बात, किसी ने सुध तक नहीं ली। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने और ओबीसी के हितों के लिए आवाज बुलंद करनी होगी।

## आसमानी बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचा परिवार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**यमुनानगर।** यमुनानगर जिले के छछरौली क्षेत्र के गांव फेरूवाला में रविवार देर रात आसमानी बिजली गिरने से एक मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मकान की छत और दीवारों में गहरी दरारें पड़ गईं, जबकि बाहर बना छज्जा भरभराकर गिर गया। उसके नीचे रखा कूलर भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि बारिश शुरू होने पर परिवार कुछ ही मिनट पहले आंगन से उठकर कमरे के भीतर चला गया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, शंटी कुमार अपने माता-पिता, छोटे भाई, पत्नी और बेटी के साथ गांव के बस अड्डे के समीप स्थित मकान में रहते हैं। परिवार मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करता है। रात को भोजन के बाद सभी सदस्य गर्मी के कारण आंगन में सो रहे थे। करीब तीन बजे बूंदाबांदी शुरू होने पर वे बिस्तर समेटकर कमरे में चले गए। परिजनों के अनुसार, कमरे में पहुंचने के कुछ ही देर बाद तेज गर्जना के साथ मकान पर बिजली गिरी। धमाके की आवाज से पूरा परिवार घबरा गया। मकान की छत से प्लास्टर और सीमेंट के टुकड़े गिरने लगे।

बाहर निकलकर देखा तो छत और दीवारों में चौड़ी दरारें आ चुकी थीं तथा छज्जा टूटकर नीचे गिर गया था। उसके नीचे रखा कूलर भी पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव के सरपंच रवि और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। सोमवार सुबह राजस्व विभाग के पटवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आंकलन किया।

# सावन का पहला सोमवार: श्री काशी विश्वनाथ धाम में उमड़े श्रद्धालु

## मंगला आरती के बाद जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़, शिवभक्तों का पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी काशी शिवमय हो उठी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में आधी रात से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुकर्मा एवं सर्वार्थ सिद्धि योग में 'हर-हर महादेव' और 'काशी विश्वनाथ शंभो' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान है। धाम में मंगला आरती के बाद भोर से हीअनवरत कतारबद्ध शिवभक्त रेड कार्पेट से होकर मंदिर के स्वर्णमंडित गर्भगृह के बाहर लगे पात्र से ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर में बाबा का झांकी दर्शन और धाम का नव्य,भव्य और विस्तारित स्वरूप देख शिवभक्त और कावंड़िये आह्लादित होकर हर-हर महादेव का परम्परागत कालजयी उद्घोष कर रहे है।

रविवार देर शाम से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए कतारबद्ध होने लगे थे। रात दो बजे तक लगभग दो किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। उमस, गर्मी और बीच-बीच में हुई तेज बारिश भी शिवभक्तों की आस्था को डिगा नहीं सकी। प्रातः 3:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा का भव्य श्रृंगार एवं मंगला आरती संपन्न हुई। इसके बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। पूरी रात कतार में खड़े भक्तों का वाराणसी मंडलायुक्त एस. राजलिंगम एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. विश्वभूषण के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस आत्मीय स्वागत से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और बाबा के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

### सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम

श्रावण मास को देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पूरे धाम और उससे जुड़े मार्गों पर 289 सीसीटीवी कैमरों के साथ 44 अतिरिक्त कैमरे लगाए गए हैं। गोदौलिया से मैदागिन तक मंदिर और पुलिस कंट्रोल रूम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि पूरे वाराणसी को पांच जोन और 15 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में पांच आईपीएस अधिकारियों, 50 राजपत्रित अधिकारियों तथा लगभग पांच हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पीएसी, एनडीआरएफ, जल पुलिस, क्यूआरटी, फायर टेंडर, एम्बुलेंस और चिकित्सा दल भी तैनात हैं। प्रमुख मार्गों एवं गंगा घाटों पर जल, थल और नभ- तीनों माध्यमों से निगरानी की जा रही है।

### शिवभक्तों की सेवा में जुटे सामाजिक संगठन

सावन के पहले सोमवार पर सामाजिक संगठनों, नागरिक सुरक्षा संगठन तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह सेवा शिविर लगाए हैं। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शहर के प्रमुख शिवालयों- ओंकारेश्वर महादेव, महामृत्युंजय महादेव, शूलटंकेश्वर महादेव, तिलभाण्डेश्वर महादेव, गौरी केदारेश्वर, त्रिलोचन महादेव, रामेश्वर महादेव, कर्मदेश्वर महादेव, सारंगनाथ, गौतमेश्वर महादेव और जागेश्वर महादेव सहित अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## मंदिर में दलाल और चोरों को पकड़ने के लिए हो प्रभावी कार्रवाई : अजय राय

*__वाराणसी।__ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को निजी आवास से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर तक पदयात्रा कर बाबा विश्वनाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान अजय राय ने तमाम बिंदुओं पर अपनी बेबाक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि विधानसभा में हंगामा होना जायज है, क्योंकि मंदिर में*



*चढ़ावा चोरी का खेल चल रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग चढ़ावा चोरी करते हैं। उन्होंने भगवान का पैसा तक खा लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मंदिर में ऊपर से लेकर नीचे तक चोरों को बैठा दिया है। अजय राय ने कहा कि बाबा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आए दिन दलाल और चोर पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर में तैनात पुलिस वाले दलालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ वीडियो बनाने में मस्त है।*

## मंडलायुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**वाराणसी।** सावन माह के प्रथम सोमवार पर वाराणसी परिक्षेत्र के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी बारीकी से जायजा लिया। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि दर्शन-पूजन हेतु आने वाले सभी भक्तों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध हों। पूरे धाम परिसर का जायजा लेने के बाद कमिश्नर ने श्री काशी विश्वनाथ का विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया तथा प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने धाम में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस दौरान मंडलायुक्त ने समस्त श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को सावन माह के प्रथम सोमवार की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव की कृपा सभी पर बनी रहे तथा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो। उन्होंने श्रद्धालुओं को भरोसा दिया



- सभी भक्तों को सुगम, सुरक्षित दर्शन की व्यवस्था, नागरिकों के लिए बाबा से मंगलकामना : राजलिंगम

कि दरबार में सभी भक्तों को सुगम, सुरक्षित दर्शन की व्यवस्था की गई है। सावन के पहले सोमवार पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में प्रवेश के लिए दो छोर से कतारें लगीं हुई हैं। मैदागिन से चौक होते हुए गेट नंबर 4 सिल्को गली और गेट नंबर 4-ए के रास्ते, वहीं गोदौलिया से ढूंढीराज गेट नंबर 1 और नन्नू फरिया लेन से भक्त लगातार मंदिर परिसर में पहुंच रहे हैं।

---

## खबरें फटाफट

### घर से चोरी करने का आरोपी गिरफतार, चोरीशुदा सामान बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने घर से चोरी करने के आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा की टीम ने घर से चोरी करने के आरोपी राजेश वासी छोटा बांस रादौर जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करके चोरीशुदा सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में सुशील कुमार गर्ग वासी अडानो वाली गली लाडवा ने बताया कि उसकी टांग मे कुछ दिक्त आ गई थी जिसका ईलाज लिवास हस्पताल मोहाली पंजाब मे चल रहा है। जिस कारण वह करीब 10 दिन से अपने बेटे के पास जीरकपुर में रह रहा था। उसने अपने मकान पर कैमरे लगवाये हुये हैं जो उसके मोबाईल से सम्बन्ध है। दिनांक 31 जुलाई 26 को रात करीब 9-30 बजे उसने अपने मोबाईल का कैमरा चैक किया तो देखा कि उसके मेरे मकान/हवेली का मुख्य द्वार खुला पडा था। वह तुरन्त गाडी मे लाडवा के लिये चल पडा वा लाडवा मे रह रहे अपने भाई को फोन कर दिया। देर रात आकर देखा तो सारा घर अस्त-व्यस्त था तथा टूटियां वगैरह गायब थी। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा द्वारा की गई।

### भैंस चोरी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने भैंस चोरी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने भैंस चोरी मामले में एक और आरोपी साहिल वासी रामपुर चुंगी रूडकी जिला हरिद्वार उत्तराखंड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में रूप सिंह वासी गांव लोहारा डेरा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि दिनांक 24 जून 2026 की रात को लगभग 2 बजे उसके घर से उसकी भैंस को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। सुबह जब वह अपनी भैंस को चारा डालने के लिए गया तो उसे उसकी भैंस नहीं मिली। दिनांक 24 जून 2026 को सुबह गांव लोहारा के मेन गेट के पास उसकी कटड़ी बरामद हुई परंतु उसकी भैंस नहीं मिली। जिसकी शिकायत पर थाना लडवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई। दिनांक 30 जुलाई 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने भैंस चोरी करने के आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ़ जुम्मन वासी ददनौर जिला सहारनपुर यूपी, जीशान उर्फ़ फान्ना वासी हरोडा जिला सहारनपुर यूपी व अब्दुल सत्तार वासी क़स्बा बेहट जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार कर लिया था। दिनांक 2 अगस्त 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र, अरविन्द, मुख्य सिपाही भजन सिंह, पवन कुमार, सिपाही सतबीर व वीरेंद्र की टीम ने भैंस चोरी मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी साहिल से चोरीशुदा भैंस बरामद की गई। सभी आरोपियों को माननीय अदालत में पेश किया गया।

### हत्या के प्रयास मामले का भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने हत्या के प्रयास मामले में माननीय अदालत से भगोड़े आरोपी अजय उर्फ़ काली वासी दीदार नगर थानेसर कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी अजय उर्फ़ काली को वर्ष 2021 को थाना शहर थानेसर में दर्ज हत्या के प्रयास मामले में विधी अनुसार गिरफ्तार किया गया था। माननीय अदालत की सुनवाई के दौरान आरोपी अजय उर्फ़ काली ने बेल जम्प कर गैर हाजिर हो गया था। जिस पर माननीय अदालत श्री अनिल कुमार अनमोल कक्कड़ एडीएसजे कुरुक्षेत्र की अदालत द्वारा आरोपी को दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को पीओ/बेल जम्पर घोषित किया गया था।

## हरियाणा बिजली कर्मचारी व इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने की गेट मीटिंग



**आशुतोष गौतम, हरियाणा मेल**

**करनाल।** हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राजीव गांधी विद्युत सदन में कर्मचारियों और अधिकारियों ने गेट मीटिंग की। प्रदेश सरकार द्वारा बनाए जा रहे एग्री डिस्कॉम को भंग करने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। नूंह व गुरुग्राम सर्कल के लाइसेंस निजी कंपनी को दिए जाने का विरोध किया गया। कर्मचारी तीन घंटे गेट मीटिंग में डटे रहे। मोर्चा ने 11 से 13 अगस्त तक राज्यव्यापी हड़ताल का एलान किया है। गेट मीटिंग में एचएसईबी वर्कर यूनियन, ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन, इंजीनियर एसोसिएशन व एससी बीसी वर्कर एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारी शामिल रहे। मीटिंग की अध्यक्षता सिटी यूनिट प्रधान राजकुमार चौधरी, नंबर वन यूनिट प्रधान रमेश चौधरी, नंबर दो यूनिट प्रधान विनोद जिंदल, सिटी यूनिट प्रधान रविंद्र मान, राजीव राठी, संजीव रावल ने संयुक्त रूप से की।

संचालन जगमाल सिंह, दीवानचंद व राजेश शर्मा ने किया। इस मौके पर प्रांतीय चेयरमैन देवेंद्र शर्मा व सर्कल सचिव राजिंद्र राणा ने हरियाणा एग्री डिस्कॉम बनाने की प्रस्तावित योजना, गुरुग्राम और नूंह में निजी बिजली वितरण लाइसेंस तथा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की। उनका कहना है कि कृषि फीडरों की व्यवस्था पहले से अलग है, इसलिए नई कंपनी बनाने की आवश्यकता नहीं है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने कहा कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों की अनदेखी से परेशान हैं।

## सर्वजातीय महासभा शपथ ग्रहण समारोह संपन्न





**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** सर्वजातीय महासभा का शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर सात कम्युनिटी सेंटर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद सुजाता अरोड़ा ने शिरकत की। उन्होंने महासभा के नवनियुक्त प्रधान सुरेश खन्ना को शपथ दिलाई। इसके बाद सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने महासभा के उद्देश्यों को ईमानदारी के साथ पूरा करने का संकल्प लिया। इन पदाधिकारियों में मुख्य संरक्षक शमशेर सिंह संधू, महासचिव ईश्वर सिंह रमन, संरक्षक श्याम सुंदर परूथी, वरिष्ठ उपप्रधान केपी अग्रवाल, उपप्रधान ओपी सचदेवा, संदीप लाठर, संयुक्त सचिव इंद्रजीत गुलाटी व कोर्डिनेटर परमिंद्र पाल सिंह शामिल रहे। समारोह में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

## कला एवं संस्कृति समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**करनाल।** वॉयस ऑफ इंडिया-द म्यूजिक पीपल एवं नवचेतना मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 26वीं रफी-किशोर नाइट रविवार को देर सांय डॉ. मंगल सेन ऑडिटोरियम में संगीत प्रेमियों के लिए यादगार बन गई। मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, आशा भोंसले और सुमन कल्याणपुर के सदाबहार गीतों से सजी इस संगीतमय शाम में कलाकारों की एक से बढक़र एक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंजता रहा।

इस वर्ष का आयोजन पद्म विभूषण आशा भोंसले और पद्म भूषण सुमन कल्याणपुर को समर्पित रहा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उनकी धर्मपत्नी रेशमा कल्याण भी मौजूद रहीं।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेंद्र राणा, महापौर रेणु बाला गुप्ता तथा हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कवींद्र राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार, 47 ग्राम चरस बरामद

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक सैल की टीम में नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अरमान वासी बदरपुर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफतार करके 47 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी ओम प्रकाश उर्फ़ बालक वासी बदरपुर जिला कुरुक्षेत्र को भी किया गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 अगस्त 26 को एन्टी नारकोटिक्स सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक अशोक कुमार, मुख्य सिपाही नवीन कुमार, सिपाही अमित कुमार व गाडी चालक मुख्य सिपाही सुनील कुमार की टीम अपराध की तलाश में बदरपुर नहर पुल के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि अरमान वासी बदरपुर जिला कुरुक्षेत्र वैध रूप से चरस/सुल्फा बेचने का काम करता है। जो आज भी अरमान अपने घर से पैदल-पैदल ग्राम सचिवालय के पास चरस/सुल्फा बेचने के लिये आएगा।

## खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम ने बढ़ाया देश का मान: सुभाष चंद्र

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और अथक परिश्रम के दम पर एक बार फिर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों पर भाजपा नेता सुभाष चंद्र ने कहा कि यह सफलता केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि हरियाणा सरकार की दूरदर्शी और मजबूत खेल नीति का भी प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदकों पर अपना दमदार कब्जा जमाकर यह साबित कर दिया है कि यह प्रदेश आज भी खिलाड़ियों, सैनिकों और किसानों की भूमि के रूप में पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखता है।



सुभाष चंद्र ने कहा कि हरियाणा की खेल क्रांति की मजबूत नींव पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रखी थी। खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता, रिकॉर्ड नगद पुरस्कार, आधुनिक खेल स्टेडियम, विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, खेल नर्सरी, खेल छात्रवृत्तियां और पारदर्शी चयन प्रणाली जैसी ऐतिहासिक पहल ने प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति नया विश्वास पैदा किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस खेल मॉडल को और अधिक गति देते हुए खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है, नए प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जा रहे हैं और खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहन देकर उनका मनोबल बढ़ाया जा रहा है।

### डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल ने रचा सफलता का नया अध्याय

## खेलों में 22 पदक, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**करनाल।** स्थानीय डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, इंद्री रोड के विद्यार्थियों ने खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्कूल गेम्स जिला कराटे चैंपियनशिप, डीएवी क्लस्टर स्तरीय बॉक्सिंग व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने कुल 22 पदक हासिल किए। वहीं, 'नशा मुक्त युवा–विकसित भारत' जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा।

कराटे में यश, वरिंदर सिंह, जोबनप्रीत सिंह, दीपांशी और दिशा शर्मा ने स्वर्ण पदक जीते। बॉक्सिंग में यमन संधू (अंडर-14) और प्रतिष्ठा (अंडर-17) ने स्वर्ण पदक हासिल किए। एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 10 रजत और 2 कांस्य सहित 15 पदक जीते। नवदीप (1500 मीटर), नवदीप संधू (लॉन्ग जंप) और यश शर्मा (शॉट पुट) ने स्वर्ण पदक हासिल किए। रजत पदक माही, प्राची, कनिका, अमीषा, केशव, जशिका, पर्व संधू, हिमांशु, नैंसी तथा अंडर-14 बालिका रिले टीम नैंसी, वंशिका, याशिका व रिद्धि ने जीते, जबकि सुजेन और नवदीप कौर ने कांस्य पदक हासिल किए।

'नशा मुक्त युवा–विकसित भारत' भाषण प्रतियोगिता में रिया ने प्रथम और कनिष्का ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ने प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से नशामुक्त समाज और विकसित भारत का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता पांडेय ने विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा, "यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच का परिणाम है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में हरियाणा का दम

## 11 पदकों से दुनिया में गूंजा प्रदेश का नाम: सुधा

### 7 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने फिर किया साबित

**हरिदास, हरियाणा मेल**

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले सभी खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों एवं परिजनों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर एक बार फिर विश्व मंच पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सात स्वर्ण पदकों समेत ग्यारह पदक जीतना हरियाणा के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा की धरती पर प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर प्रदेश के खिलाड़ियों ने दुनिया के बड़े खेल मंच पर देश और हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में हरियाणा की बेटियों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। महिला खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल पदक जीते, बल्कि प्रदेश की बेटियों के सामने नई मिसाल कायम की है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि बेटियों को अवसर और उचित मंच मिले तो वे हर क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा सकती हैं।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। खेलो इंडिया जैसी पहल और खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन से देश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढऩे का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि केवल पदकों की संख्या नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की खेल प्रतिभा, मेहनत और मजबूत इच्छाशक्ति का प्रमाण है। गांवों और छोटे शहरों से निकलकर खिलाड़ी आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगे की शान बढ़ा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के हर प्रतिभाशाली युवा को खेलों में आगे बढऩे के लिए बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और अवसर मिलें।

## 'टीबी मुक्त कुरुक्षेत्र' अभियान का 5वां स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजित

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा टीबी मुक्त कुरुक्षेत्र अभियान के अंतर्गत सीएचसी बारना में पांचवें निःशुल्क टीबी स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 80 मरीजों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, साथ ही 23 लोगों के टेस्ट किए गए। सभी लोगों को निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही मरीजों के संपर्क में आए संभावित 18 लोगों की जांच हेतु निःशुल्क एक्स-रे सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे समय पर रोग की पहचान सुनिश्चित की जा सके।

संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह (पूर्व आईएएस) ने बताया कि शिविर के दौरान 67 मरीजों की एबीएचए (ABHA) आईडी अपडेट की गई, जिससे उन्हें सरकार की डीबीटी योजना के तहत मिलने वाली



वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र के रूप में टीबी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर निरंतर और प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिए सीएचसी बारना की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजू, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव सिंगला तथा वरिष्ठ टीबी पर्यवेक्षक गौरव शर्मा का फाउंडेशन की ओर से विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## विधान परिषद में सपा ने उठाया राम मंदिर दान चढ़ावे की चोरी का मामला

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**लखनऊ।** श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के दानपात्र से चोरी का मामला ₹वित्तीय अनियमितताओं और व्याप्त भ्रष्टाचार₹ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मानसून सत्र में सोमवार को प्रश्न प्रहर के बाद प्रमुख विपक्ष समाजवादी पार्टी (सपा) ने कार्य स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से उठाया। मामले को लेकर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष के कार्य स्थगन के नोटिस का उत्तर देने की कोशिश की। इस पर विपक्ष सपा सदस्यों ने विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी और सदन के फर्श पर आ गए। स्थिति को लेकर लगातार व्यवधान के कारण सभापति मानवेंद्र सिंह ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान नियम 105 के अंतर्गत विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव, किरण पाल कश्यप ने कहा कि दान की वस्तु सामग्री का हरण करना पाप होता है। मामले में सरकार पुलिस की कार्यवाही लचर, नाकाफी रही है। सिर्फ छोटे लोगों के विरुद्ध कामचलाऊ कार्यवाही की गई है। नेता विपक्ष लाल बिहारी यादव का कहना था कि केंद्र द्वारा गठित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट के 15 सदस्यों में 12 राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े हैं, जबकि तीन यूपी सरकार के प्रतिनिधि हैं।

योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले की पत्रकारों से वार्ता, कहा-

# राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाले कर रहे चंदा चोरी की बात



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले सोमवार को पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने गरीब, युवा, महिला व किसान के मुद्दे पर विपक्ष को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि ये सभी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं।

मुख्यमंत्री ने राम मंदिर के चढ़ावा चोरी पर भी विरोधी दलों के नेताओं पर सवालिया निशाना खड़ा करते हुए कहा कि जो लोग अयोध्या के मुद्दे को उठा रहे हैं, उन्होंने जयश्रीराम बोलने पर रामभक्तों पर लाठी-गोली चलवाई थी। राम मंदिर के खिलाफ न्यायालय में वकीलों की फौज खड़ी करके इसे बाधित करने का कुत्सित प्रयास किया। राम मंदिर में चंदा चोरी की बात वे लोग कर रहे हैं, जिनके जेब से मंदिर निर्माण के लिए एक पैसा भी नहीं निकला। देश-दुनिया इनका दोहरे चरित्र देख रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने बड़ी घोषणा की कि सरकार एक-डेढ़ सप्ताह में आउटसोर्स कमीशन को लागू करने के साथ ही न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित करने जा रही है।

### खाद की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश

योगी ने किसानों के मुद्दे पर सपा को घेरा और अपनी सरकार में गन्ना किसानों के लाभों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि 2007 से 2017 के बीच 29 चीनी मिलें बंद हुईं, 21 चीनी मिलें औने-पौने दाम पर बेच दी गईं, लेकिन हमारी सरकार में 3.23 लाख करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान हुआ है। 122 में से 105 से अधिक चीनी मिलें चौथे-पांचवें दिन ही किसानों के खाते में गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। समाजवादी पार्टी के समय में 10 वर्ष का गन्ना मूल्य बकाया था। ये लोग किसानों के हितों का संरक्षण करने के बजाय उन्हें आत्महत्या और पलायन के लिए मजबूर करते थे। उस समय किसानों के ट्यूबवेल तक सुरक्षित नहीं थे।

### सावन का महीना अत्यंत महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती-किसानी की दृष्टि से किसानों, स्कूल-कॉलेज में एडमिशन के लिए युवाओं और कांवड़ यात्रियों के लिए यह सावन महीना अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा ऊर्जा के प्रतीक जिन छात्रों ने प्रवेश लिया है और जो नए रोजगार के लिए बढ़ रहे हैं, उन सभी प्रतिभाशाली युवाओं को शुभकामनाएं। किसान जब दिनरात मेहनत करता है तो उत्तर प्रदेश की धरती सोना उगलती है।

भारत की कुल कृषि भूमि में यूपी की हिस्सेदारी मात्र 11 प्रतिशत है, लेकिन हमारे किसान देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21-22 फीसदी का योगदान दे रहे हैं। किसानों के जीवन में आज व्यापक परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप किसानों की आय दोगुनी से अधिक हुई है।

उप्र में अवैध खनन पर योगी सरकार का डिजिटल प्रहार

# आईएमएसएस से 24 घंटे निगरानी और कड़े एक्शन



- अब तक 2.41 लाख से अधिक ई-नोटिस जारी, विभाग ने 756 करोड़ रुपये की वसूली की
- एआई आधारित चेकगेट, आरएफआईडी टैग व कमांड सेंटर के जरिए अवैध खनन और परिवहन पर कसी लगाम

### ई-नोटिस से 756 करोड़ की वसूली

उत्तर प्रदेश खनन नीति 2017 के तहत एकीकृत खनन निगरानी तंत्र को लागू किया गया था। वहीं 16 जुलाई 2026 तक आईएमएसएस के माध्यम से 2.41 लाख से अधिक ई-नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इन ई-नोटिसों के माध्यम से 998 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि निर्धारित की गई है। इसमें से अब तक करीब 756 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली भी की जा चुकी है। इससे योगी सरकार की तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था अवैध खनन व खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ सरकारी राजस्व बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 1.53 लाख से अधिक वाहनों पर सख्त निगरानी

प्रदेश में 62 चेकगेट संचालित हैं, जबकि दो नए चेकगेट निमार्णाधीन हैं। 75 आरएफआईडी रीडर और एम-चेक एप की सहायता से निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। अब तक 1.53 लाख से अधिक वाहनों पर आरएफआईडी माइन टैग लगाए जा चुके हैं, जिससे खनिज परिवहन की ऑनलाइन ट्रैकिंग संभव हो रही है।

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक आधारित एकीकृत खनन निगरानी तंत्र (आईएमएसएस) को मजबूत किया है। इस प्रणाली के माध्यम से खनन क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है व राजस्व संरक्षण को नई मजबूती मिली है। इस सख्ती के जरिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग को 756 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व भी प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि आईएमएसएस के अंतर्गत खनन क्षेत्रों की जियो-फेंसिंग, कैमरा युक्त वे-ब्रिज, खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) माइन टैग, विभिन्न राजमार्गों पर आईओटी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मानव रहित स्वचालित चेकगेट स्थापित किए गए हैं। इन सभी व्यवस्थाओं को लखनऊ स्थित कमांड सेंटर से एकीकृत किया गया है।

## खबरें फटाफट

### हनुमान मन्दिर में लाखों की चोरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जनपद में महानगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू हैदराबाद के पंच हनुमान मंदिर में रविवार रात चोर जेवर और मुकुट चुरा ले गए। सोमवार को मंदिर की देख-रेख करने वाले ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है। प्रदीप कुमार ने अपनी तहरीर में बताया कि महानगर थाना क्षेत्र में सोमवार को जब पुजारी दिनेश कुमार दीक्षित पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ और मंदिर के अंदर से भगवान के जेवर, मुकुट गायब थे। घटना देख पुजारी ने जानकारी उन्हें दी और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच में पाया कि मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं के ऊपर लगा छत्र, मुकुट और जेवर गायब हैं। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी चोर चुरा ले गए। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित ने मंदिर में हुई चोरी की तहरीर दी है। साथ ही साथ चोरी गए सामान की विस्तृत सूची भी पुलिस को उपलब्ध कराई हैं। मंदिर प्रबंधक के अनुसार, लगभग 35 लाख रुपये के चोरी होने का अनुमान हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

### पूर्व की सरकारों में बिजली व्यवस्था बदहाल थी, हम निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने के लिए प्रतिबद्ध: ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवार को विधान परिषद के मानसून सत्र के प्रथम दिन विभिन्न विभागीय प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की विकासोन्मुखी कार्यशैली, पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को सदन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए विद्युत अवसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है तथा आवश्यकता के अनुरूप सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय बिजली व्यवस्था अत्यंत जर्जर थी। न पर्याप्त खंभे थे, न तार और न ही विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था। आज उत्तर प्रदेश बिजली उत्पादन, आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और जनता को पावर क्वालिटी देने के लिए प्रतिबद्ध है। विधान परिषद सदस्य मुकुल यादव के मैनपुरी में नगर पालिका के कचरा निस्तारण संयंत्र से संबंधित प्रश्न के उत्तर में मंत्री शर्मा ने बताया कि नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्लांट वर्ष 2012 से संचालित एवं क्रियाशील है। नगर में उपलब्ध लगभग 50 हजार मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए 19 मार्च 2026 को कायार्देश जारी किया जा चुका है। प्लांट एवं आवश्यक मशीनरी स्थापित कर कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा प्रतिदिन लगभग 20 टन ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी वर्तमान सरकार पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा छोड़ी गई गंदगी को साफ करने का कार्य कर रही है। विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी द्वारा सिद्धार्थनगर में परिवर्तकों पर हुए व्यय से संबंधित प्रश्न के उत्तर में ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि कार्य तत्कालीन स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप ही कराया गया है। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से कार्य कर रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा, साथी लापरवाही पाए जाने पर किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### गोगामेडी मेला: रेल अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधा को दी सर्वोच्च प्राथमिकता

**बीकानेर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने सोमवार को गोगामेड़ी मेले के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गोगामेड़ी स्टेशन पर रेल अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में मेले की तैयारियों पर विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, सूचना एवं उद्घोषणा प्रणाली, आसानी से रेल टिकट की उपलब्धता सुनिश्चित करने ( टिकट खिडकी बढ़ाने ) तथा सुचारु रेल संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेले के दौरान प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सहज यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं।

# केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं स्थानीय समस्याओं से उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य को अवगत कराया। केशव प्रसाद मौर्य ने प्रत्येक नागरिक की बात को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों एवं जनपदों के अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुगमता से पहुंचे तथा प्रत्येक नागरिक को न्यायोचित एवं प्रभावी समाधान प्राप्त हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता की सेवा, उनकी समस्याओं का समाधान और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के अनुरूप जनकल्याण एवं सुशासन के संकल्प को निरंतर साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन केवल जनसमस्याओं को सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद का सशक्त मंच है। इससे नागरिकों की समस्याओं को समझने तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जनता का विश्वास सरकार की सबसे बड़ी शक्ति है और उस विश्वास पर खरा उतरना हम सभी का दायित्व है।

## अवैध स्पा सेंटरों पर पुलिस ने मारी रेड

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जयपुर।** राजधानी के जयपुर दक्षिण जिले में स्पा और मसाज सेंटरों की आड़ में संचालित अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए श्याम नगर, मानसरोवर और शिप्रापथ थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्पा सेंटरों से संचालकों और मैनेजरों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इन स्पा सेंटरों को सील कराने के लिए नगर निगम जयपुर को पत्र भेजा गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि स्पा एवं मसाज सेंटरों में अवैध और अनैतिक गतिविधियां संचालित होने तथा सरकारी गाइडलाइन एवं पुलिस कमिश्नरेट के आदेशों की अवहेलना किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

जहां चलाए गए अभियान के दौरान मानसरोवर क्षेत्र के लियो नाइट स्पा, लियो नाइट, लश लाइफ स्पा और आतिश मार्केट स्थित ब्राइट कैंडल स्पा और शिप्रा थाना क्षेत्र (महारानी फॉर्म) स्थित ड्रीम नाइट स्पा सेंटर पर दबिश दी गई।

# शिवमय हुई रामनगरी, सरयू से शिवालयों तक उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**अयोध्या।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को रामनगरी अयोध्या पूरी तरह शिवमय हो गई। बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों से नगर गूंज उठा। सरयू तट से लेकर मंदिर परिसरों तक भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

योगी सरकार की व्यापक तैयारियों और जिला प्रशासन की सतर्कता के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा का अद्भुत नजारा पेश किया। सुबह से ही कांविड़यों और अन्य शिव भक्तों की कतारें दिखने लगीं। सरयू में पवित्र स्नान के बाद भक्त बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए निकल पड़े। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष रूप से भीड़ रही।

ऐतिहासिक नागेश्वरनाथ मंदिर में तो श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यह मंदिर अयोध्या का सबसे प्राचीन और प्रमुख शिवालय माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान राम ने ही इसकी स्थापना की थी। सावन के पहले सोमवार पर यहां शिवलिंग का भव्य श्रृंगार किया गया और भक्तों ने दूध, बेलपत्र, धतूरा और जल अर्पित कर मनोकामनाएं कीं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में भी श्रद्धा का विशेष माहौल रहा। मंदिर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) में स्थित कुबेर टीला के शिव मंदिर में ट्रस्टी महंत दिनेन्द्रदास ने अर्चकों के साथ भगवान रुद्र का अभिषेक किया। शिवलिंग का आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के दर्शन को लेकर भी भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी भक्तों का मेला लगा रहा। क्षीरेश्वर नाथ, पंचमुखी महादेव, झारखंडेश्वर महादेव, मऊ शिवाला स्थित शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही कतारें लग गईं।

## पारम्परिक सखी सोमवार मेले के प्रवेश द्वार पर ताला लगाने से विवाद, हंगामे के बाद खुला गेट

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**उदयपुर।** ऐतिहासिक गुलाबबाग में सावन के पारंपरिक सखी सोमवार मेले की शुरूआत से पहले सोमवार सुबह नगर निगम द्वारा मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला लगाए जाने से व्यापारियों और निगम प्रशासन के बीच विवाद खड़ा हो गया। दुकानदारों को सामान लेकर पार्क में प्रवेश से रोके जाने पर उन्होंने मौके पर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। घटना के बाद पूरे शहर में यह अफवाह फैल गई कि इस बार सखी सोमवार मेले का आयोजन नहीं होगा, जिससे व्यापारियों और आमजन में असमंजस की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे नगर निगम के पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी के निर्देश पर गुलाबबाग के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया गया और होमगार्ड तैनात कर दिए गए। उस समय कई व्यापारी अपनी दुकानों का सामान लेकर मेले की तैयारियों के लिए पहुंचे थे, लेकिन उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। बिना पूर्व सूचना के हुई इस कार्रवाई से व्यापारी आक्रोशित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से चर्चा की और नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना से फोन पर बात कर कार्रवाई पर कड़ा एतराज जताया।

शोर-शराबे से नाराज हुए सांसद हनुमान बेनीवाल

# बीच भाषण माइक फेंककर मंच छोड़ हुए रवाना

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**चूरू।** नागौर सांसद एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) प्रमुख हनुमान बेनीवाल देर रात चूरू जिले के छापर कस्बे में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान शोर-शराबे से नाराज हो गए। कई बार समझाने के बावजूद कुछ युवाओं के शांत नहीं होने पर उन्होंने अपना भाषण बीच में ही रोक दिया, मंच पर माइक फेंक दिया और कार्यक्रम छोड़कर रवाना हो गए। घटना का वीडियो सामने आने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। छापर में रतनगढ़ रोड स्थित आरएलपी कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम रविवार शाम निर्धारित था, लेकिन बेनीवाल रात करीब साढ़े 11 बजे कार्यक्रम में पहुंचे। सभा में चार से पांच हजार लोगों की भीड़ मौजूद थी।



उन्होंने करीब 40 से 45 मिनट तक संबोधित किया। इसी दौरान सामने बैठे कुछ युवाओं ने लगातार शोर-शराबा और नारेबाजी शुरू कर दी। संबोधन के दौरान बेनीवाल ने कई बार युवाओं से शांत रहने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। जब शोर नहीं रुका तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि व्यवधान जारी रहा तो वे दोबारा यहां नहीं आएंगे और बिना भाषण पूरा किए चले जाएंगे। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या शोर मचाने वालों को किसी विरोधी ने भेजा है और आयोजकों से ऐसे लोगों को नियंत्रित करने को कहा।

# सावन के पहले सोमवार शिवमय हुआ राजस्थान, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जयपुर।** सावन के पहले सोमवार पर पूरा राजस्थान शिवभक्ति में डूब गया है। प्रदेशभर के प्रमुख शिवालयों में तड़के मंगला आरती के साथ मंदिरों के पट खुलते ही जलाभिषेक का दौर शुरू हो गया। जयपुर, कोटा, उदयपुर, दौसा, जालोर सहित कई जिलों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। कांवड़ यात्राओं और मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं।

जयपुर में ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती हुई। भगवान शिव का 51 किलो देसी गाय के घी, 151 किलो दूध, दही, शहद और शक्कर से अभिषेक कर दूल्हे के स्वरूप में श्रृंगार किया गया। झारखंड महादेव मंदिर के बाहर



करीब दो किलोमीटर लंबी कतार लगी रही, जबकि रंगीला महादेव, रोजगारेश्वर, चमत्कारेश्वर और तारकेश्वर नाथ मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। हजारों कांवड़िए गलताजी से पवित्र जल लेकर विभिन्न शिवालयों के लिए रवाना हुए। कोटा के प्रसिद्ध थेकड़ा स्थित शिवपुरी धाम में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। मंदिर परिसर से बाहर तक श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। उदयपुर में फतहसागर झील किनारे स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर में सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मान्यता है कि महाराणा प्रताप भी इसी मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे। दौसा के देवगिरी पहाड़ी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने 350 सीढ़ियां चढ़कर जलाभिषेक किया। सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं और हल्की बारिश के बीच भी आस्था का उत्साह कम नहीं हुआ। सावन के तीसरे सोमवार को यहां लक्खी मेले का आयोजन होगा। जालोर के प्रसिद्ध सिरे मंदिर में श्रद्धालुओं ने करीब एक हजार सीढ़ियां चढ़कर भगवान शिव के दर्शन किए। हल्की बूंदाबांदी के बावजूद श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े रहे और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

# अखिलेश यादव राम-राम कहें, तभी होगा कल्याण: पशुधन मंत्री धर्मपाल

- सम्पूर्ण वंदेमातरम से आदित हुआ मन, भारत माता का वंदन हमारी संस्कृति : पशुधन मंत्री
- गौ हमारी माता, गौसेवा से ही समृद्ध होगा भारत, जंतर-मंतर की अराजकता पर होगी कार्रवाई

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश विधानमंडल में पहली बार सम्पूर्ण वंदेमातरम का गायन हुआ है। यह ऐतिहासिक क्षण है और इससे उनका मन अत्यंत आदित हुआ है।

उन्होंने कहा कि भारत माता की जय-जयकार, पूजन और वंदन भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और इसका सम्मान हर भारतीय का कर्तव्य है। मंत्री



धर्मपाल सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें प्रभु श्रीराम की शरण में आ जाना चाहिए। जब अखिलेश राम-राम कहकर वोट मांगेंगे, तभी उनका कल्याण होगा। मंत्री ने कहा कि अच्छी बात है कि आज पूरा विपक्ष हिंदू-हिंदू कह रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का स्मरण व्यक्ति के जीवन में सद्भाव और सकारात्मकता लाता है। मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान और नियमों के अनुरूप सदन चलाती है, जबकि विपक्ष के पास विकास का कोई मुद्दा नहीं बचा है। भाजपा विकास चाहती है, विपक्ष विनाश की राजनीति कर रहा है। अखिलेश यादव का उद्धार राम-राम कहने से ही होगा।

### पूर्ववर्ती सरकार के समय गौवंश की उपेक्षा हुई

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गाय हमारी माता है और उसका दूध अमृत के समान है। योगी सरकार गौवंश संरक्षण, संवर्धन और देशी नस्लों के सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है। गौसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि और भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय गौवंश की उपेक्षा हुई, जबकि गौसमृद्धि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भारतीय परंपरा की आधारशिला है।

### सनातन परंपरा और गौमाता पर टिप्पणी करने वालों को जनता देगी जवाब

सांसद पप्पू यादव से जुड़े हालिया विवाद और गौमाता को लेकर हुई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सनातन आस्था का अपमान देश की करोड़ों जनता की भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना उचित नहीं है। मंत्री ने कहा कि जो लोग गौमाता और सनातन परंपरा पर सवाल उठाते हैं, उन्हें देश की सांस्कृतिक चेतना को समझना चाहिए। भारत की पहचान उसकी सनातन संस्कृति, संत परंपरा और गौसेवा से जुड़ी है। समाज ऐसे बयानों को स्वीकार नहीं करेगा और जनता लोकतांत्रिक तरीके से उसका जवाब देगी।

# जयपुर में वॉटर लेडी ऑफ इंडिया अमला रुइया का भव्य हुआ अभिनंदन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जयपुर।** मारवाड़ी महासभा की ओर से संचालित हिमालय बचाओ अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सोमवार को जयपुर स्थित पत्रिका गेट पर वॉटर लेडी ऑफ इंडिया अमला रुइया का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्हें नीम का पौधा भेंट किया गया।

मारवाड़ी महासभा के इस अभियान के तहत आयोजित स्वागत समारोह में ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने अपने सहयोगी बिट्ठल माहेश्वरी तथा संस्था के अन्य सदस्यों के साथ रुइया की अगवानी की। अभियान के शुभारंभ के प्रतीक स्वरूप उन्हें नीम का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में अमला रुइया के अभिनंदन के लिए समाज के विभिन्न



क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें जयपुर के श्मशानों में नीम के पौधे लगाने वाली प्रथम महिला शशि लखोटिया, सार्क देशों में ख्याति प्राप्त महिला उद्योगपति नीता बुचरा, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश मीणा, शारजाह के वैज्ञानिक डॉ. सुनिल मुन्दड़ा, सुप्रीम कंप्यूटर्स के मनोहर भंडारी, जयपुर के प्रसिद्ध जौहरी रामदास सोंखिया,मारवाड़ी महासभा के राष्ट्रीय सभापति महेश राठी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी एवं नीम संरक्षण अभियान से जुड़े नागरिक मौजूद रहे।

## मकान की छत गिरी, पति-पत्नी की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में रविवार रात मकान की छत गिरने से पति-पत्नी की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने दोनों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिल्ली दमकल विभाग के अनुसार, रविवार रात करीब 10:31 बजे उस्मानपुर स्थित हंसराज डेयरी के पास मकान गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही शास्त्री पार्क फायर स्टेशन से तीन वाटर टेंडर और एक इमरजेंसी रेस्क्यू टेंडर मौके पर भेजा गया। राहत एवं बचाव अभियान का नेतृत्व स्टेशन ऑफिसर सुनील सागर ने किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि करीब 120 वर्ग फुट क्षेत्रफल में बनी ग्राउंड प्लस वन मंजिला इमारत की छत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय घर के अंदर मौजूद पति-पत्नी मलबे के नीचे दब गए। दमकल विभाग के मौके पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने दोनों को मलबे से बाहर निकाल लिया और कैट्स एंबुलेंस की मदद से जगप्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. संतोष ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 32 वर्षीय टिंकू पुत्र सोरेन सिंह, और उनकी 30 वर्षीय पत्नी उर्मिला के रूप में हुई है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन पर अर्पण केंद्र का किया शुभारंभ




हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन पर अर्पण केंद्र का शुभारंभ किया। यह पहल दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) एवं दिल्ली मेट्रो लेडीज वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से शुरू की गई है। इसका उद्देश्य पुराने उपयोग योग्य वस्त्रों का संग्रह, रीयूज, रीसाइक्लिंग और अपसाइक्लिंग को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने क्यूआर कोड आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से वस्त्र दान प्रक्रिया का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित दिल्ली का निर्माण केवल सड़कों, पुलों और मेट्रो लाइनों से नहीं होता, बल्कि जिम्मेदार नागरिकों, संसाधनों के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक भावना से होता है। जब अपशिष्ट को संसाधन में बदला जाता है और विकास के साथ प्रकृति का संरक्षण सुनिश्चित किया जाता है, तभी वास्तविक अर्थों में विकसित समाज का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पुराने वस्त्रों का रीसाइक्लिंग केवल कचरा कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि जल, ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का भी प्रभावी उपाय है। प्रत्येक नागरिक द्वारा दान किया गया एक वस्त्र पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसी जरूरतमंद के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने बताया कि इस परिकल्पना के तहत दिल्ली मेट्रो के 10 प्रमुख स्टेशनों पर ये केंद्र स्थापित किए जा रहे है। जिसमें पहले चरण के तहत आज 5 प्रमुख स्टेशनों, शालीमार बाग, पंजाबी बाग वेस्ट, मयूर विहार फेस-1, शाहदरा और रोहिणी वेस्ट पर अर्पण केंद्रों की शुरूआत कर दी गई है। इसके लिए संबंधित संस्थाओं के बीच औपचारिक समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित हो चुका है।

सभी चयनित मेट्रो स्टेशनों पर टेक्सटाइल कलेक्शन-कम-सेल कियोस्क स्थापित किए जा रहे हैं, जहां नागरिक अपने उपयोग योग्य पुराने वस्त्र दान कर सकेंगे।

### महिला स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से जोड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें महिला स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया है। इन केंद्रों के संचालन, वस्त्रों के संग्रहण, पृथक्करण, पुनर्चक्रण और अपसाइक्लिंग की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उनके लिए सम्मानजनक आजीविका एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण का यह समन्वित मॉडल दिल्ली के सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली सरकार सदैव ऐसे इनोवेशन को प्रोत्साहित करती रहेगी जो पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, रोजगार सृजन तथा जनभागीदारी को एक साथ आगे बढ़ाते हों। यह पहल देश में सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूत करने और वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को व्यवहारिक रूप देने का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे अपने घरों में रखे उपयोग योग्य पुराने कपड़ों को अर्पण केंद्रों तक अवश्य पहुंचाएं।

# महापौर कार्यालय को आठवीं बार बम से उड़ाने की मिली धमकी



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर कार्यालय को सोमवार प्रातः एक बार फिर बम विस्फोट की धमकी प्राप्त हुई। यह आठवीं बार है जब महापौर कार्यालय को इस प्रकार बम से उड़ाने की धमकी प्राप्त हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए महापौर कार्यालय द्वारा तत्काल सुरक्षा एजेंसियों एवं दिल्ली पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को सक्रिय करते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। महापौर कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार आज प्रात 9 बजे एक अज्ञात स्त्रोत से ई-मेल के माध्यम से यह धमकी प्राप्त हुई, जिसमें दोपहर 2:11 बजे बम विस्फोट करने की बात कही गई थी। धमकी मिलते ही बिना किसी विलंब के संबंधित सुरक्षा एजेंसियों एवं दिल्ली पुलिस को सूचित किया गया, ताकि समय रहते आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा सकें। सूचना प्राप्त होने के उपरांत दिल्ली पुलिस एवं संबंधित सुरक्षा एजेंसियों ने महापौर कार्यालय परिसर की सघन एवं विस्तृत तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान कार्यालय के प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र, प्रवेश एवं निकास द्वार तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की गहन जांच की गई। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया। महापौर कार्यालय ने स्पष्ट किया कि यह पहली बार नहीं है जब इस प्रकार की धमकी प्राप्त हुई हो। इससे पूर्व भी सात बार महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। लगातार प्राप्त हो रही ऐसी धमकियों को अत्यंत गंभीर विषय मानते हुए महापौर कार्यालय द्वारा पूर्व में दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक औपचारिक पत्र भी प्रेषित किया गया था, जिसमें इन घटनाओं की विस्तृत जांच कर दोषियों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था।

### धमकी मिलना चिंता का विषय

महापौर कार्यालय ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों एवं संवैधानिक पदों से जुड़े कार्यालयों को बार-बार इस प्रकार की धमकियां मिलना चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की शरारतपूर्ण एवं भय उत्पन्न करने वाली घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## खबरें फटाफट

### विभिन्न जगहों पर महिला समेत चार लोगों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा के थाना ईकोटेक- तीन क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी में रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना ईकोटेक- तीन के प्रभारी निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि रिया चौरसिया (19 वर्ष) पुत्री हरनारायण थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी नियर पुलिस लाइन में रहती थी। उन्होंने बीती रात को उन्होने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उनके परिजनों ने फंदे से उतार कर उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई राज ने बताया कि वह कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बाल्मीकि मोहल्ला ग्राम कासना में रहने वाले विकास पुत्र ओमपाल (29 वर्ष) ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गंगा पुत्र मेवाराम उम्र 21 वर्ष निवासी सेक्टर 31 ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले नवीन कुमार पुत्र राजवीर उम्र 54 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते बीती रात को अपने घर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### थाईलैंड से 2.76 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा लेकर दिल्ली पहुंचा यात्री, कस्टम ने दबोचा

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फुकेत (थाईलैंड) से दिल्ली पहुंचे एक यात्री के पास से करीब 2.76 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है और यात्री से पूछताछ की जा रही है। कस्टम अधिकारियों के अनुसार, 2 अगस्त को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2377 से फुकेत से दिल्ली पहुंचे यात्री को एडवांस पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम के जरिए की गई प्रोफाइलिंग के आधार पर संदेह के चलते कस्टम के ग्रीन चैनल पर रोका गया। यात्री के सामान की एक्स-रे स्कैनिंग के दौरान बैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। इसके बाद यात्री की डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से जांच की गई, लेकिन कोई धातु संबंधी संकेत नहीं मिला। संदेह गहराने पर अधिकारियों ने बैग की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से हरे रंग के पदार्थ से भरे चार पैकेट बरामद हुए। जांच में यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) प्रतीत हुआ। इन पैकेटों का कुल वजन 2,759.5 ग्राम (पैकिंग सामग्री सहित) पाया गया। कस्टम विभाग ने मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है।

### पप्पू यादव के आवास पर हंगामे में दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के दिल्ली स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुए हंगामे के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के दौरान सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की गई और उन्हें सरकारी काम करने से रोकने की कोशिश की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला रविवार को उस समय सामने आया, जब दो युवक पप्पू यादव के आवास में प्रवेश कर गए और प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हंगामा शुरू हो गया। आरोप है कि एक युवक ने पप्पू यादव की ओर चप्पल फेंकी, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों और दोनों युवकों के बीच हाथापाई हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 221 (लोक सेवक को सरकारी कार्य करने से रोकना), धारा 121(1) (सरकारी कार्य से रोकने के उद्देश्य से लोक सेवक को चोट पहुंचाना), धारा 132 (लोक सेवक पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और धारा 3(5) (समान आशय) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सुमित को हिरासत में लिया है। घटना के वक्त उसके नशे में होने की बात सामने आई है।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर की ओर किया मार्च, कई कार्यकर्ता हिरासत में

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के हजारों कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में छात्र न्याय मार्च निकाला। यह मार्च जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ कथित हिंसा, पैलेट गन के इस्तेमाल और पुलिस कार्रवाई के विरोध में आयोजित किया गया।

मार्च एनएसयूआई के राष्ट्रीय कार्यालय से शुरू होकर जंतर-मंतर की ओर बढ़ा। इस दौरान छात्रों और कार्यकर्ताओं ने न्याय और जवाबदेही की मांग को लेकर नारे लगाए। मार्च को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और रास्ते में बैरिकेडिंग की गई। इस दौरान एनएसयूआई के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी निंदा की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए छात्रों के साथ हुए व्यवहार के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

विनोद जाखड़ ने कहा कि छात्र इस देश का भविष्य हैं, अपराधी नहीं। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठा रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस बल, पैलेट गन, बैरिकेडिंग और हिरासत का इस्तेमाल पूरी तरह अस्वीकार्य है। छात्रों की आवाज दबाने की हर कोशिश हमारे संघर्ष को और मजबूत करेगी।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा वाराणसी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर की भी कड़ी निंदा की।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की कार्रवाई विपक्ष के नेताओं को डराने और सरकार से सवाल पूछने वाली आवाजों को दबाने का प्रयास है।

## मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया फुटब्रिज निर्माण का शुभारंभ

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को उत्तर दिल्ली स्थित नजफगढ़ ड्रेन पर नए पैदल पुल (फुटब्रिज) के निर्माण का शुभारंभ किया। लगभग सात माह में पूरा होने वाला यह पुल हजारों लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा।

यह नया फुटब्रिज गुड़ मंडी, राजपुरा, रूप नगर, मुखर्जी नगर और यमुना मार्ग को आपस में जोड़ेगा। इसके बनने से विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, कार्यालय जाने वाले लोगों तथा स्थानीय निवासियों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

शुभारंभ के अवसर पर मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह परियोजना दिल्ली सरकार की नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर सार्वजनिक आधारभूत ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने कुछ महीने पहले हुई पुल दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि राजधानी में पुलों की नियमित संरचनात्मक जांच कितनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान पुलों का कोई व्यापक सुरक्षा ऑडिट नहीं कराया गया, जिसके कारण कई महत्वपूर्ण संरचनाओं की समय पर जांच नहीं हो सकी।

मंत्री ने कहा कि आज दिल्ली सरकार राजधानी के सभी पुलों, फ्लाईओवरों और फुटओवर ब्रिजों का व्यापक ऑडिट करा रही है ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही हम समस्याओं के बढ़ने का इंतजार नहीं कर रहे हैं।

## गाजियाबाद में मनोचिकित्सक महिला ने सोसाइटी से कूदकर की आत्महत्या

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के राजनगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी-टू सोसाइटी में रहने वाली महिला मनोचिकित्सक डॉ. हेमिका अग्रवाल पांचवीं मंजिल से रविवार की शाम को कूद गई थी। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल यशोदा अस्पताल ले भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें देर रात को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी पर रखवा दिया। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि डॉ. हेमिका बेहद सरल और मिलनसार स्वभाव की थीं। वह अक्सर लोगों को सकारात्मक और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करती थीं। कई बार सोसाइटी के निवासी मानसिक परेशानियों को लेकर उनसे सलाह लेने पहुंचते थे। वह उनसे किसी प्रकार का परामर्श शुल्क भी नहीं लेती थीं। उनके निधन से सोसाइटी के लोग स्तब्ध हैं। लोगों का कहना है कि वह संवेदनशील एवं मददगार चिकित्सक थी। पति से तलाक के बाद डॉ. हेमिका ऑफिसर सिटी-टू सोसाइटी के एफ टावर की पांचवीं पर फ्लैट में अकेली रहती थीं। वह निजी अस्पतालों में विजिट कर मरीजों का उपचार करती थीं।

## ओखला-निजामुद्दीन के बीच रेलवे ट्रैक पर मिले बुलंदशहर के युवक-युवती के शव

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली** राजधानी में ओखला और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर रविवार रात एक युवक और युवती के शव मिले। रेलवे पुलिस की शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है। दोनों की पहचान उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के रहने वाले युवक-युवती के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। मामले में बीएनएसएस की धारा 194(1) के तहत कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली रेलवे पुलिस के अनुसार, 2 अगस्त की रात करीब 8:47 बजे पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन को रेलवे मेमो के जरिए ओखला और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलने पर डीडी नंबर-49 दर्ज की गई और जांच की जिम्मेदारी एएसआई योगेंद्र कुमार को सौंपी गई। एएसआई योगेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो रेलवे ट्रैक पर एक युवक और एक युवती के शव पड़े मिले।

## केजरीवाल का प्रधानमंत्री आवास पर जाने की घोषणा आराजकता फैलाना: हर्ष मल्होत्रा

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की कल प्रधानमंत्री आवास पर जाने की घोषणा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का काम है विक्टिम कार्ड खेलना।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि अरविंद केजरीवाल की कल 100 लोगों के साथ प्रधान मंत्री आवास जाने की घोषणा उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच चल रही कौन आराजक का भाग है। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि जब से राहुल गांधी ने प्रधान मंत्री आवास पर प्रदर्शन करा है तब से अरविंद केजरीवाल खुद को आराजकता के खेल में पिछड़ा पा रहे थे और इसी की पूर्ति के लिए केजरीवाल ने एथनॉल मुद्दे पर बिना अनुमति प्रधानमंत्री आवास जाने की घोषणा की है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पहले आराजकता फैलाना फिर विक्टिम कार्ड खेलना अरविंद केजरीवाल की पुरानी पहचान है, अब कल जब पुलिस उनको प्रधान मंत्री आवास में बिना अनुमति प्रवेश से रोकेगी तब केजरीवाल विक्टिम कार्ड खेल कर कहेंगे की सरकार ने हमसे बातचीत करने से भी इंकार कर दिया।

हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि एथनॉल बलेंडिड पैट्रोल मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल एवं कांग्रेस दोनों के नाटक की पोल खुल चुकी है एथनॉल प्रयोग एक वक्त की जरूरत है ताकि जहां एक ओर वायु प्रदूषण घटे तो वहीं इससे किसानों की आय बढ़ेगी और साथ में देश को विदेशी मुद्रा की भारी बचत होगी।

# महापौर ने हिंदू राव अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं आधुनिक उपकरणों का किया लोकार्पण



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के हिंदू राव अस्पताल ने सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, आधुनिक स्वास्थ्य अवसंरचना एवं उन्नत उपचार सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। साथ ही वर्ष 2001 में प्रारंभ हुए डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) कार्यक्रम की शैक्षणिक उत्कृष्टता के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही रहें और स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा के साथ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमन मेहंदीरत्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहें। इस अवसर पर अस्पताल में उन्नत कैजुअल्टी (आपातकालीन) विभाग, धर्मशाला एवं फिजियोथेरेपी ब्लॉक, इंटीग्रेटेड ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर, नेत्र रोग विभाग में स्थापित अत्याधुनिक उपकरण, आधुनिक 4के लैप्रोस्कोपी सिस्टम, सी-आर्म मशीन सहित अनेक स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण किया गया।

### भगवान के बाद चिकित्सकों का महत्वपूर्ण स्थान

महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि चिकित्सक समाज में भगवान के बाद सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। हिंदू राव अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक मशीनें इस बात का प्रमाण हैं कि दिल्ली नगर निगम के अस्पताल अब निजी अस्पतालों के समकक्ष खड़े हैं और वही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आम नागरिकों को नि:शुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। महापौर ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतत मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सहयोग से निगम अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण हो रहा है।

# आज इथेनॉल नीति के विरोध में केजरीवाल प्रधानमंत्री के आवास तक निकालेंगे मार्च




हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार की इथेनॉल नीति का विरोध करते हुए मंगलवार (कल) को प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकालने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वह 100 लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथेनॉल के खिलाफ 2.33 लाख से अधिक लोगों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपने का प्रयास करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बिना पर्याप्त तर्क दिए देश पर इथेनॉल नीति थोप रही है, जिससे लोगों की गाड़ियों की माइलेज कम हो रही है और वाहन प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले के पीछे कोई एजेंडा है। केजरीवाल ने दावा किया कि हाल ही में कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित इथेनॉल मुद्दे पर पार्टी का टाउन हॉल कार्यक्रम सफल रहा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को लगभग सात लाख लोगों ने लाइव देखा। उन्होंने दावा किया कि इथेनॉल नीति का विरोध करने वाले लोगों, कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स को डराया-धमकाया जा रहा है तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नाम ऑनलाइन चलाई गई याचिका पर दो लाख 33 हजार से ज्यादा लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने लगभग एक महीने पहले प्रधानमंत्री से मिलने के लिए पत्र लिखकर समय मांगा था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए अब वे मंगलवार को दोपहर 12 बजे पार्टी कार्यालय से प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च करेंगे और याचिका व्यक्तिगत रूप से सौंपने का प्रयास करेंगे।

### केजरीवाल ने कॉमनवेल्थ गेम्स के समापन पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कॉमनवेल्थ गेम्स के समापन पर सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। केजरीवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि उन सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं जिन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लिया और देश के लिए मेडल जीते। सभी खिलाड़ियों पर देशवासियों को बहुत गर्व है। केजरीवाल ने उम्मीद जताते हुए कहा कि सभी की क्षमता को देखते हुए कहा जा सकता है कि भविष्य में भारत मेडल तालिका में सबसे ऊपर होगा। जमीनी स्तर पर सोच-समझकर किए गए निवेश और खिलाड़ियों को सही ढांचागत सहयोग अद्भुत परिणाम दे सकते हैं। केजरीवाल ने कुश्ती और शूटिंग जैसे खेलों को सीडब्ल्यूजी की सूची से हटाए जाने पर निराशा जताते हुए कहा कि यह देखना बहुत निराशाजनक है कि जिनमें हम पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट रहे हैं, उन्हें सीडब्ल्यूजी की सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत को इन अनुचित निष्कासनों का पुरजोर विरोध करना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की चीजों का सामना न करना पड़े।

## फ्लैट में चल रहा था देह व्यापार का धंधा, दंपति समेत चार गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की देर रात को न्यायखंड-तीन स्थित एक फ्लैट में छापेमारी कर देह व्यापार के अड्डे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने रेस्क्यू कर एक महिला को यहां से निकाला है। यहां से दंपति समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने आज बताया कि मुखबिर ने दंपति द्वारा फ्लैट में देह व्यापार संचालित किए जाने की सूचना दी थी। सूचना पर छापेमारी की गई। जहां से अजय गुप्ता, उसकी पत्नी अमिता, खोड़ा कॉलोनी निवासी आरिफ, शाहजहांपुर जलालाबाद निवासी शगुन गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मौके से एक महिला को रेस्क्यू कर निकाला गया। महिला का बयान दर्ज करने के बाद छोड़ दिया गया है। आरोपितों ने देह व्यापार संचालित करने की बात स्वीकारी है। उनके कब्जे से 8,800 रुपये और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में दंपति ने बताया कि कुछ माह पहले फ्लैट किराये पर लिया था। वे वॉट्सएप से महिलाओं, युवतियों से संपर्क करते थे। उनकी फोटो ग्राहकों को भेजकर डील करते थे। महिलाओं, युवतियों को नौकरी दिलाने और रुपयों का लालच देकर बुलाते थे। एसीपी ने बताया कि ग्राहकों से ली गई कुछ रकम ही महिलाओं को दी जाती थी।

# राष्ट्रमंडल खेल 2026: 'नारी शक्ति' बनी भारतीय अभियान की ताकत




## राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल के प्रदर्शन पर मांडविया ने जताया गर्व

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय दल के शानदार प्रदर्शन पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि भारत ने सीमित खेलों वाले इस संस्करण में भी अपनी बढ़ती खेल ताकत का शानदार परिचय दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2030 में अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों का शताब्दी संस्करण भारत इतिहास के सबसे यादगार आयोजनों में से एक बनाएगा। मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 का समापन शानदार चौथे स्थान के साथ किया। ग्लासगो 2026 का यह संस्करण सीमित खेलों वाला था और इसमें कई ऐसे खेल शामिल नहीं थे जिनमें भारत पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है। इसके बावजूद भारतीय दल ने बर्मिंघम 2022 में समान खेलों में जीते गए 30 पदकों की तुलना में इस बार 39 पदक जीतकर उल्लेखनीय सुधार किया है।

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत के शानदार प्रदर्शन के पीछे सबसे बड़ी ताकत देश की महिला खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन रहा। भारतीय दल के 13 स्वर्ण पदकों में से आठ स्वर्ण महिला खिलाड़ियों ने जीतकर यह साबित कर दिया कि भारतीय खेलों में अब 'नारी शक्ति' केवल भागीदारी नहीं, बल्कि सफलता की सबसे बड़ी पहचान बन चुकी है।

भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, जूडो और पैरा एथलेटिक्स जैसे विभिन्न खेलों में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर पूरे अभियान की अगुवाई की। यह भारतीय खेलों में महिलाओं की बढ़ती ताकत, आत्मविश्वास और निरंतर सफलता का प्रमाण है। भारोत्तोलन में ओलंपिक चैंपियन मीराबाई चानू ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीतकर अपनी महानता साबित की। पैरा एथलेटिक्स में शर्मिला धनखड़ ने महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया,




जबकि अस्मिता डे ने इतिहास रचते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। मुक्केबाजी में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। साक्षी चौधरी, प्रीति पवार, जैसमीन लांबोरिया, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय महिला मुक्केबाजी की बढ़ती ताकत का परिचय दिया। पिछले एक दशक में भारतीय महिला मुक्केबाजी ने जिस तरह प्रगति की है, उसका शानदार उदाहरण ग्लासगो में देखने को मिला। इन आठ स्वर्ण पदकों ने न केवल भारत के अभियान को नई ऊंचाई दी, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि भारतीय महिला खिलाड़ी अब केवल उभरती प्रतिभाएं नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार स्वर्ण जीतने वाली चैंपियन बन चुकी हैं।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व जताते हुए एक अधिकारिक बयान में कहा, ₹भारत के 13 स्वर्ण पदकों में से आठ महिलाओं के नाम होना बेहद गर्व की बात है। इन उपलब्धियों के पीछे खिलाड़ियों, उनके परिवारों, कोचों और सहयोगी स्टाफ की वर्षों की मेहनत और समर्पण है। हर पदक संघर्ष और त्याग की कहानी कहता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये चैंपियन देश की लाखों बेटियों को यह विश्वास दिला रही हैं कि वे भी भारत की जर्सी पहनकर विश्व मंच पर सफलता हासिल कर सकती हैं। यही 'नारी शक्ति' की सच्ची भावना है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ग्लासगो में मिली सफलता भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की व्यापक तस्वीर भी पेश करती है। शिक्षा, उद्यमिता, शासन और खेल सहित हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक असर अब खेल मैदानों पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

### 2030 की मेजबानी भारत को सौंपी गई

**ग्लासगो।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में 11 दिनों तक चले राष्ट्रमंडल खेल 2026 का भारतीय समयानुसार सोमवार को तड़के रंगारंग समारोह के साथ समापन हो गया। इसी के साथ भारत ने आधिकारिक रूप से 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की जिम्मेदारी संभाल ली। समापन समारोह के दौरान राष्ट्रमंडल ध्वज भारत को सौंपा गया और इसके साथ ही अहमदाबाद 2030 की उलटी गिनती भी शुरू हो गई। ग्लासगो के हाइड्रो एरिना में आयोजित समारोह में स्कॉटलैंड से भारत को मेजबानी सौंपने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी ऊषा की मौजूदगी में राष्ट्रमंडल ध्वज भारत को सौंपा गया। ध्वज हस्तांतरण के बाद भारत ने अहमदाबाद 2030 की झलक पूरी दुनिया के सामने पेश की। प्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार शंकर महादेवन और पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत 'वंदे मातरम्' से हुई, जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीत के माध्यम से भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को 'वसुधैव कुटुम्बकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार) की थीम के साथ प्रदर्शित किया गया। इसके बाद एक विशेष ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के जरिए भारत की खेल यात्रा और अहमदाबाद में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण की तैयारियों की झलक दिखाई गई।

## विश्व ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप के लिए असम के 16 खिलाड़ी भारतीय टीम में चयनित

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम के 16 ताइक्वांडो खिलाड़ियों का चयन भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुंचेओन 2026 विश्व ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप हेतु किया गया है। यह प्रतियोगिता 16 से 20 सितंबर, 2026 तक दक्षिण कोरिया के चुंचेओन स्थित एयर डोम में विश्व ताइक्वांडो (डब्ल्यूटी) के तत्वावधान में आयोजित होगी।

ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ असम (टीएमएसएए), जो इंडिया ताइक्वांडो से संबद्ध है, ने बताया कि चयनित खिलाड़ी कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग की व्यक्तिगत, युगल तथा समूह पूमसे स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में सरस्वती देवी काबराबाम (व्यक्तिगत कैडेट बालिका), देबाशीष दास (व्यक्तिगत जूनियर पुरुष), अरन्या दत्ता एवं दिशा पात्रा (कैडेट बालिका युगल), धीर कश्यप तालुकदार, मृगांक के. दत्ता एवं रिग्बी शर्मा (कैडेट बालक समूह), निशिता बोरा, प्रीति खाखलारी एवं अभिलाषा दास (कैडेट बालिका समूह), डेजडिमोना पाठक, श्यामंतिका बरुवा एवं दीया पात्रा (जूनियर बालिका समूह) तथा बेनला केम्पराई, पल्लबी हैंडिक और हत्तिका आलमयान (सीनियर महिला समूह) शामिल हैं। टीएमएसएए ने असम सरकार और विभिन्न कॉर्पोरेट संस्थानों से खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की अपील की है। संघ के अनुसार, खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यात्रा, आवास और पंजीकरण सहित सभी खर्च स्वयं वहन करने पड़ रहे हैं।

## श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर हुए बुमराह



आकिब नबी को मिला मौका

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने उनकी जगह जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को पहली बार भारतीय सीनियर टेस्ट टीम में शामिल किया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए उक्त जानकारी दी। बीसीसीआई के अनुसार, बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट से अभी पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। इसी वजह से उन्हें श्रीलंका दौरे के लिए उपलब्ध नहीं माना गया और चयन समिति ने उनके स्थान पर आकिब नबी को मौका दिया। आकिब नबी के लिए यह भारतीय सीनियर टीम में पहला चयन है। जम्मू-कश्मीर के इस युवा तेज गेंदबाज ने पिछले दो रणजी ट्रॉफी सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 104 विकेट अपने नाम किए हैं। इनमें 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन में 60 विकेट शामिल हैं। उनके बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने अपने इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता।

### श्रीलंका के खिलाफ भारत की संशोधित टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन , ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन और आकिब नबी।

**साई सुदर्शन का चयन फिटनेस मंजूरी मिलने के अधीन रहेगा।**

## बिजनौर सुपर लीग का प्राइस लॉन्च, विजेता टीम को मिलेगी कार व रनरअप को बाइक

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की बिजनौर सुपर लीग (बीएसएल) क्रिकेट टूर्नामेंट की प्राइज लॉन्चिंग सेरेमनी रविवार रात चांदपुर रोड स्थित एक निजी मैरिज हॉल में आयोजित की गई। कार्यक्रम में टूर्नामेंट के पुरस्कारों की घोषणा करते हुए विजेता टीम को निसान मैगनाइट कार और उपविजेता टीम को रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल देने का ऐलान किया गया। इस घोषणा के बाद खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बीएसएल के उद्घाटन समारोह में किरतपुर चेयरमैन अब्दुल मन्नान, पूर्व चेयरपर्सन शमशाद अंसारी, जावेद भट्टे वाले, योगी जलापुर और सपा नेता जाकिर हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं और जिले में खेल संस्कृति को मजबूत



करती हैं। आयोजकों के अनुसार, बिजनौर सुपर लीग का ऑक्शन 6 सितंबर से शुरू होगा। टीम मालिकों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 30 हजार रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि ओनर पर्स तीन लाख रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता में जिले और आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। बीएसएल के आयोजक एवं सभासद मोहम्मद शारिक ने बताया कि लीग का उद्देश्य जिले के युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में बिजनौर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख क्रिकेट केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में भी यह आयोजन महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## आईसीसी ने अमेरिकी क्रिकेटर अखिलेश रेड्डी पर लगाया आठ साल का प्रतिबंध

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण ने अमेरिका के क्रिकेटर बोदुगुम अखिलेश रेड्डी को आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तीन उल्लंघनों का दोषी पाए जाने के बाद आठ वर्ष के लिए सभी प्रकार के क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया है।

आईसीसी के अनुसार, यह प्रतिबंध 21 नवंबर 2025 से प्रभावी माना जाएगा, जिस दिन अखिलेश रेड्डी को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। उनका प्रतिबंध नवंबर 2033 तक लागू रहेगा। यह मामला अबू धाबी टी10 लीग 2025 से जुड़ा है, जहां एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड की ओर से आईसीसी ने नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) के रूप



में जांच की थी। जांच में अखिलेश रेड्डी को आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता की धारा 2.1.1 का दोषी पाया गया, जो किसी मैच के परिणाम, प्रगति, संचालन या किसी अन्य पहलू को फिक्स करने या अनुचित तरीके से प्रभावित करने के प्रयास से संबंधित है। इसके अलावा उन्हें धारा 2.1.4 के तहत भी दोषी पाया गया। इस धारा के तहत किसी अन्य खिलाड़ी या प्रतिभागी को मैच फिक्सिंग या भ्रष्ट गतिविधि के लिए उकसाने, प्रेरित करने, निर्देश देने या उसमें सहायता करने को अपराध माना जाता है। न्यायाधिकरण ने अखिलेश रेड्डी को धारा 2.4.7 के उल्लंघन का भी दोषी ठहराया। जांच के दौरान उन्होंने अपने मोबाइल फोन से ऐसे डेटा और संदेश हटा दिए थे, जो जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकते थे। इसे जांच में बाधा डालने का प्रयास माना गया। अखिलेश रेड्डी ने अप्रैल 2025 में अमेरिका के लिए चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। वह इस वर्ष आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन में दोषी पाए जाने वाले अमेरिका के दूसरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं।

## विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए 36 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के यूजीन में 5 से 9 अगस्त तक आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2026 के लिए भारत की 36 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय दल में 23 पुरुष और 13 महिला एथलीट शामिल हैं, जो कुल 18 स्पर्धाओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरुष वर्ग में मोहम्मद अशफाक, पीयूष राज (400 मीटर), वेंकटराम रेड्डी मोगाली, उविन आनंद (800 मीटर), अमित कुमार (400 मीटर बाधा दौड़), बसंत और अम्ब्रीश कार्तिकेयन (ऊंची कूद), शाहनवाज खान और जितिन अर्जुनन रमन (लंबी कूद), रॉयशन चंद्रशेखर और धनुष राज मनप्पट्टी (त्रिकूद), निश्चय (डिस्कस थ्रो), आशीष यादव और धरनीधरन थियागराजन (भाला



फेंक), नितिन गुप्ता (5000 मीटर रेस वॉक) शामिल हैं। इसके अलावा अंशु राजक, आदित्य तात्या पिसाल, निवेद कृष्णा ज्योतिप्रकाश, नील समराज और रुद्र सचिन शिंदे पुरुष 4x100 मीटर रिले टीम का हिस्सा होंगे, जबकि रंजीत कुमार, सबीर सैयद और नकुल प्रभु पुरुष 4x400 मीटर रिले में चुनौती पेश करेंगे। महिला वर्ग में तनु चौधरी (400 मीटर बाधा दौड़), पूजा (ऊंची कूद), अंशु (गोला फेंक), अमानत कंबोज (डिस्कस थ्रो) और पूनम (भाला फेंक) भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी।

## विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप से पहले कोरिया मास्टर्स में तैयारियों को अंतिम रूप देने उतरेंगे भारतीय शटलर

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) वर्ल्ड टूर का अगला पड़ाव कोरिया मास्टर्स 2026 होगा, जहां भारतीय शटलर इस महीने नई दिल्ली में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप से पहले अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेंगे।

चार से नौ अगस्त तक आयोजित होने वाला यह सुपर 300 टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक हासिल करने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने का भी बेहतरीन अवसर होगा। टूर्नामेंट का 18वां संस्करण इस बार दक्षिण कोरिया के आसन शहर स्थित आसन यी सुन-सिन जिम्नेजियम में खेला जाएगा।



पिछले तीन संस्करण क्रमशः ग्वांगजू (2022, 2023) और इक्सान (2024, 2025) में आयोजित हुए थे। इस बार प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 2.50 लाख अमेरिकी डॉलर रखी गई है, जो पिछले वर्ष के 2.40 लाख डॉलर से अधिक है।

भारतीय चुनौती की अगुवाई पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत, किरण जॉर्ज, तरुण मन्नेपल्ली, मिथुन मंजूनाथ, रौनक चौहान और सनीत दयानंद करेंगे। वहीं क्वालीफाइंग दौर में एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम और तुषार सुवीर अपनी किस्मत आजमाएंगे। महिला एकल में हाल ही में शानदार फॉर्म में चल रहीं तन्वी शर्मा पर विशेष नजर रहेगी। उनके अलावा मालविका बंसोड़, अनमोल खरब, आकांक्षा कश्यप, अश्मिता चालिहा, तान्या हेमंत, ईशारानी बरुआ, श्रीयंशी वालिशेट्टी, रक्षिता श्री संतोष रामराज और मानसी सिंह भी भारतीय चुनौती पेश करेंगी। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय/कृष्ण प्रसाद गरगा, भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोब्बुरु तथा पोचाना अर्जुन रेड्डी/अचुतादित्य राव डोड्डावरापु की जोड़ियां कोर्ट पर उतरेंगी।

# BUSINESS

## गोयल ने भारत-उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत आर्थिक साझेदारी का किया आह्वान




**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान को अगले तीन साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखना चाहिए। खनन, दवा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

गोयल ने नई दिल्ली में इंडिया-उज्बेकिस्तान बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में व्यापार को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। दोनों देशों के बीच में द्विपक्षीय व्यापार लगभग 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर का है।

इंडिया-उज्बेकिस्तान बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आइए, अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य रखें। वाणिज्य मंत्री ने दोनों देशों के कारोबारियों से एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था में निवेश करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य अधिक निवेश, व्यापार बाधाओं में कमी और स्वास्थ्य सेवा तथा फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में गहन सहयोग के जरिए से प्राप्त किया जाएगा। गोयल ने कहा कि जहां भारत सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), कुशल कार्यबल और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में मजबूत है। वहीं उज्बेकिस्तान खनन तथा कपास उत्पादन जैसे क्षेत्रों में अवसर प्रदान करता है।

यदि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करने पर विचार करें, तो यह एक अच्छा विचार है। हम इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर उज्बेकिस्तान के निवेश, उद्योग एवं व्यापार मंत्री लाजिज कुदरातोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार वास्तविक संभावनाओं की तुलना में काफी कम है।

## लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 2.98 लाख करोड़ का फायदा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर प्रस्तावित अभी तक के सबसे बड़े हमले को टालने का ऐलान करने, पश्चिम एशिया में एक बार फिर शांति समझौते की उम्मीद बनने और कच्चे तेल की कीमत में पांच प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट आने की वजह से दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार में आज रौनक का माहौल बना रहा। ग्लोबल



ट्रेंड के मुताबिक ही घरेलू शेयर बाजार में भी आज लगातार तेजी बनी रही, जिसके कारण भारतीय शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ।

बाजार के उत्साह का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेंसेक्स इंट्रा-डे में 800 अंक से अधिक उछल गया। इसी तरह निफ्टी भी 390 अंक से अधिक की छलांग लगाने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली के सपोर्ट से इन दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.70 प्रतिशत और निफ्टी 1.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 788.70 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ 78,883.34 अंक के स्तर पर खुला।

## आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट में बदलाव की संभावना कम

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक यहां सोमवार को शुरू हो गई है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में अयोजित ये बैठक पांच अगस्त तक चलेगी। इस बैठक के निर्णय की




जानकारी संजय मल्होत्रा पांच अगस्त को सुबह 10 बजे देंगे। आरबीआई ने एक्स पोस्ट में केहा कि इनसाइट्स, आकलन और आगे की राह, जल्द ही आ रही है। बैंक ने कहा कि 5 अगस्त को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति समिति स्टेटमेंट के लिए बने रहें। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी बैठक जून में की थी। इसमें रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा था। हालांकि 2027 में महंगाई दर के अनुमान को 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5.1 फीसदी कर दिया था। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट और महंगाई के जोखिमों को देखते हुए आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में इस बार कोई बदलाव नहीं करेगा। केंद्रीय बैंक रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर यथावत रख सकता है। उल्लेखनीय है कि इस वित्त वर्ष 2026-27 में एमपीसी की कुल 6 बैठकें होनी हैं, ये एमपीसी की तीसरी बैठक है। पहली बैठक अप्रैल में हुई थी।

## वित्त मंत्री ने लोकसभा में 'बैंकर्स बुक्स एविडेंस विधेयक पेश किया

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में 'बैंकर्स बुक्स एविडेंस विधेयक, 2026' को पेश किया। ये विधेयक औपनिवेशिक काल के 125 वर्ष पुराने बैंककार बही साक्ष्य अधिनियम-1891 का स्थान लेगा।

सीतारमण ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच यह विधेयक पेश किया। विपक्षी सदस्य अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दों को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस नए कानून का मकसद बैंकिंग रिकॉड्र्स के लिए कानूनी ढांचे को आधुनिक बनाना, डिजिटल तौर-तरीकों को अपनाना और बैंकों को गैर-जरूरी कानूनी कार्यवाही से बचाना है।

इस विधेयक में प्रस्तावित कानून में बैंककार बही की परिभाषा का दायरा बढ़ाकर डिजिटल, क्लाउड-आधारित और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को भी शामिल किया गया है।



ये विधेयक औपनिवेशिक दौर के 'बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट, 1891' की जगह लेगा। ये विधेयक बैंकर्स की किताबों से जुड़े सबूतों के लिए कानून बनाने और इसे आज के डिजिटल बैंकिंग तरीकों के अनुरूप बनाने, साथ ही इससे जुड़े या उससे संबंधित मामलों के लिए है।

विधेयक में अदालतों के समक्ष डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में पेश करने तथा उनके प्रमाणन के लिए स्पष्ट और एकसमान नियम निर्धारित करने का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा, बैंक अधिकारियों को बिना ठोस आधार के बार-बार अदालतों में तलब किए जाने से बचाने के लिए विशेष कारण (स्पेशल कॉज) परीक्षण का प्रावधान भी किया गया है।

### हरियाणा में सुनियोजित शहरी विस्तार की दिशा में बड़ा कदम, सीएम नायब सैनी की अध्यक्षता में एसएलसी बैठक

# 2047 के लक्ष्य के साथ तैयार हों हरियाणा के शहर: नायब सैनी

- **नारायणगढ़-2031 और कुरुक्षेत्र, नारनौल, पानीपत-2041 विकास योजनाएं बैठक में प्रस्तुत**
- **विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप आधुनिक, टिकाऊ और संतुलित शहरी विकास पर जोर**
- **औद्योगिक, आवासीय और हरित क्षेत्रों के संतुलन तथा बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता**
- **परिवहन, जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की आबादी को ध्यान में रखकर योजनाओं के निर्देश**



हरियाणा मेल ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में भूमि के उपयोग, शहरी विकास और भवनों के निर्माण को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न जिलों के ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान पर विचार-विमर्श तथा अनुमोदन हेतु सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा सिविल सचिवालय में एसएलसी (स्टेट लेवल कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा नारायणगढ़ की 2031 की विकास योजना तथा कुरुक्षेत्र, नारनौल व पानीपत की 2041 की विकास योजनाएं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गईं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में जहां भी शहरी विकास की योजना तैयार की जाए उसमें विकसित भारत-2047 के विजन को ध्यान में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास योजनाओं को भविष्य की जनसंख्या, आधुनिक शहरी आवश्यकताओं, पर्यावरणीय संतुलन, बेहतर परिवहन व्यवस्था तथा टिकाऊ एवं सुव्यवस्थित शहरी विकास को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दिया जाए ताकि प्रदेशवासियों को भविष्य में किसी भी मूलभूत सुविधा की कमी का सामना न करना पड़े। इसी प्रकार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अलावा बिजलीघरों, एंटरटेनमेंट जोन तथा अन्य सभी सुविधाओं का भी समुचित ध्यान रखा जाए।

नारायणगढ़-2031 विकास योजना के संबंध में हरियाणा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नारायणगढ़ को 2031 में संभावित 95000 की आबादी के अनुसार विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसके तहत नारायणगढ़ में 6 रिहायशी सेक्टर विकसित किए जाएंगे। अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-72 के विकास के बाद उत्पन्न नई विकास संभावनाओं, औद्योगिक क्षेत्र के विकास, प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था के संरक्षण तथा ग्रीन जोन सहित विकास योजना का प्रारूप प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारायणगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र तथा आवासीय क्षेत्र के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए ताकि आमजन को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र-2041 विकास योजना के तहत जिला के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए ज्योतिसर क्षेत्र के संरक्षण, सरस्वती नदी के अनुरूप विकास योजना बनाने, हरित क्षेत्रों के विकास, बाढ़ सुरक्षा उपायों तथा अन्य आवश्यक संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र में आइकॉनिक डेस्टिनेशन स्कीम के तहत 250 एकड़ में विकसित किए जाने वाले क्षेत्र के लिए पर्याप्त भूमि आरक्षित की जाए, क्योंकि यह योजना कुरुक्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में सरस्वती नदी के कैचमेंट एरिया में बाढ़ की समस्या का समाधान करने के लिए पुख्ता योजना बनाई जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नारनौल-2041 विकास योजना के अंतर्गत कुल 20 रिहायशी सेक्टर विकसित करने की योजना बनाई गई है। इस दौरान नारनौल में एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच) के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, नए बाईपास को योजना में शामिल करने तथा आवासीय, औद्योगिक, परिवहन एवं हरित क्षेत्रों के संतुलित विकास पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित विकास योजना में वन क्षेत्र के संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कुछ एरिया इको-टूरिज्म के लिए भी आरक्षित किया जाए।

इसी प्रकार पानीपत-2041 विकास योजना में शहर की बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 2021 के मास्टर प्लान के अनुरूप बसे शहर के दाएं व बाएं नए आवासीय क्षेत्र विकसित करने सहित सड़क नेटवर्क, एसटीपी, बूस्टिंग स्टेशन तथा अन्य आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत-शामली राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ एक-एक किलोमीटर तक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई जाए। उद्योगों में पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए यहां रेनीवैल इत्यादि की व्यवस्था करने के संबंध में भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सेक्टर-34 स्थित पुरानी शुगर मिल की भूमि को स्पेशल जोन अथवा मिक्स यूज के रूप में विकसित करने के साथ-साथ जिला से संबंधित अन्य विकास योजनाओं पर भी राज्य स्तरीय समिति के समक्ष विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव आरके खुल्लर, अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, डॉ. सुमिता मिश्रा, एके सिंह, अनुराग अग्रवाल, डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, श्रीमती आशीमा बराड़, अशोक कुमार मीणा, अमित खत्री तथा कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**पंचकूला के सकेतड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए मुख्यमंत्री सैनी**

## नूंह के गांव दादू में नए राजकीय नर्सिंग कॉलेज को मिली मंजूरी

- **स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात**

हरियाणा मेल ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नूंह जिले के गांव दादू में नया राजकीय नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस नए सरकारी संस्थान में वार्षिक 60 सीटें स्वीकृत की गई हैं, जिससे मेवात और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को अपने ही इलाके में उच्च स्तरीय नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा प्राप्त करने का सीधा अवसर मिलेगा।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस दूरगामी परियोजना को दी गई हरी झंडी पर उनका सहृदय आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नूंह जैसा सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक संस्थानों की प्रतीक्षा कर रहा था। गांव दादू में इस कॉलेज की स्थापना से न केवल स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ तैयार होगा, बल्कि क्षेत्र के प्राथमिक और द्वितीयक स्वास्थ्य केंद्रों को कुशल जनशक्ति मिलेगी। विशेषकर स्थानीय बेटियों के लिए यह संस्थान वरदान साबित होगा, जिन्हें अब नर्सिंग की पढ़ाई के लिए दूरदराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

राज्य सरकार का यह निर्णय नूंह जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और ग्रामीण इलाकों में आधुनिक चिकित्सा नेटवर्क का विस्तार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वास जताया कि यह नर्सिंग कॉलेज न केवल क्षेत्र में स्वास्थ्य मानकों को ऊंचा उठाएगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलकर पूरे इलाके के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव लाएगा।

## हरियाणा में सुशासन का अभिन्न अंग बनेगी ड्रोन प्रौद्योगिकी

- **ड्रोन व एआई से अवैध निर्माण, खनन और प्रदूषण पर निगरानी**
- **800 वर्ग किमी का डिजिटल मैपिंग, बड़ा डाटाबेस तैयार**
- **हाई-टेक सर्वे से पारदर्शिता और डेटा-आधारित शासन मजबूत**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा में ड्रोन प्रौद्योगिकी अब सुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है। राज्य सरकार अवैध निर्माण, अवैध खनन, नागरिक अवसंरचना, लिगेसी वेस्ट स्थलों और प्रदूषण की निगरानी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सिस्टम और हाई रेजोल्यूशन जियोस्पेशियल मैपिंग का उपयोग कर रही है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक सटीक व प्रभावी बनेगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ हरियाणा (दृश्या) की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन तकनीकी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि साक्ष्य-आधारित शासन और सेवा वितरण को मजबूत किया जा सके।

बैठक में एआई आधारित चेंज डिटेक्शन एप्लीकेशन की प्रगति पर विशेष चर्चा हुई। यह तकनीक हाई रेजोल्यूशन ड्रोन इमेजरी के माध्यम से अवैध निर्माण और अतिक्रमण की स्वत: पहचान करने में सक्षम है। इसके तहत फरीदाबाद, हिसार, करनाल, पानीपत और यमुनानगर में लगभग 800 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का डिजिटल मैपिंग किया जा चुका है, जिससे राज्य का बड़ा भू-स्थानिक डाटाबेस तैयार हो रहा है। यह शहरी नियोजन और निगरानी को अधिक सुदृढ़ बनाएगा।

गुरुग्राम में नगर निगम परिसंपत्तियों की डिजिटल मैपिंग का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसके अंतर्गत सड़कों, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज और बर्म का डिजिटलीकरण किया गया है। साथ ही लगभग 60 हजार मैनहोल और गली ट्रैप का सेंटीमीटर स्तर की सटीकता के साथ जियो-रेफरेंसिंग की जा रही है, जिससे शहरी अवसंरचना के रखरखाव और आपातकालीन सेवाओं में सुधार होगा।

खनन क्षेत्र में भी ड्रोन तकनीक का उपयोग बढ़ रहा है। खानक स्टोन माइंस में मासिक ड्रोन सर्वेक्षण किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से खनन गतिविधियों की सटीक निगरानी और उत्खनन की मात्रा का वैज्ञानिक आकलन संभव हुआ है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत लिगेसी वेस्ट स्थलों का भी ड्रोन आधारित आकलन किया जा रहा है, जिससे कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में भी ड्रोन सर्वेक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रमुख नालों की थर्मल इमेजिंग और वीडियोग्राफी के जरिए अवैध अपशिष्ट जल निकासी बिंदुओं की पहचान की जा रही है, जिससे पर्यावरणीय उल्लंघनों पर प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

इन सभी परियोजनाओं में डीजीपीएस, सीओआरएस नेटवर्क, हाई रेजोल्यूशन ड्रोन और उन्नत जियोस्पेशियल सॉफ्टवेयर जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे अत्यधिक सटीक डेटा प्राप्त हो रहा है।

## महिला अध्यापिका की स्कूल में चाकू से गोदकर हत्या

- **मुंह ढककर आए आरोपी ने गेट पर किया हमला, वारदात के बाद मौके से फरार**
- **पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, सीसीटीवी खंगाले जा रहे, टीमें गठित**

हरियाणा मेल, एजेंसी



**फरीदाबाद।** गांव सिकरोना में सोमवार को दिनदहाड़े एक निजी स्कूल की महिला शिक्षिका की चाकू से हत्या कर दी गई। वारदात से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। मृतका की पहचान संध्या के रूप में हुई है, जो गांव के एक निजी स्कूल में अध्यापन कार्य करती थीं। बताया गया कि वह रोज की तरह स्कूल पहुंची थीं। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधकर एक युवक स्कूल पहुंचा और उनसे मिलने की बात कही।

संध्या जैसे ही स्कूल के गेट पर पहुंचीं, आरोपी ने अचानक उन पर चाकू से कई वार कर दिए। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई शिक्षिका ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर स्कूल स्टाफ ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह चाकू लहराते हुए मौके से फरार हो गया।


सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दी पीजीटी कंप्यूटर साइंस के परिणाम पर प्रतिक्रिया

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है एचपीएससी

- **भर्तियों में देरी और धांधली का आरोप**
- **पीजीटी कंप्यूटर साइंस भर्ती में पद खाली रहने का दावा**
- **बाहरी उम्मीदवारों के चयन का आरोप**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि आयोग प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार ने आयोग को निर्देश दे रखे हैं कि भर्तियों में जानबूझकर देरी और गड़बड़ियां की जाएं। हुड्डा ने आरोप लगाया कि पेपर लीक, प्रश्न पत्र में गलतियां, गलत उत्तर और अन्य अनियमितताओं के कारण भर्तियां वर्षों तक लटकी रहती हैं और जब पूरी होती हैं तो भी बड़ी संख्या में पद खाली छोड़ दिए जाते हैं।

हुड्डा ने पीजीटी कंप्यूटर साइंस भर्ती को इसका ताजा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से लंबित इस भर्ती में 1711 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। लेकिन 5100 अभ्यर्थियों में से केवल 1101 को ही क्वालीफाई किया गया। उन्होंने दावा किया कि इससे 600 से अधिक पद खाली रहने की संभावना है। एससी वर्ग के 342 पदों में से केवल 53 अभ्यर्थियों का चयन होगा, जिससे 289 पद खाली रह जाएंगे। बीसी-ए वर्ग में 171 पदों के मुकाबले 105 अभ्यर्थी ही चयनित होंगे और 66 पद खाली रहेंगे। वहीं ईडब्ल्यूएस वर्ग में 171 पदों में से केवल 62 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब भर्तियों में ऐसे हालात सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण हरियाणा के युवाओं को रोजगार के अवसरों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर इंग्लिश भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि 613 पदों पर केवल 151 अभ्यर्थियों का चयन किया गया और बाकी पद खाली छोड़ दिए गए। डीएससी वर्ग की 60 आरक्षित सीटों में से केवल एक उम्मीदवार के चयन का भी उन्होंने जिक्र किया।

हुड्डा ने दावा किया कि असिस्टेंट प्रोफेसर साइकोलॉजी भर्ती में 85 पदों के लिए 400 अभ्यर्थियों में से केवल 3 पास किए गए। हरियाणा पावर यूटिलिटीज में असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती के लिए 214 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया, जिनमें केवल 29 हरियाणा के थे। उन्होंने कहा कि एसडीओ इलेक्ट्रिकल भर्ती में 80 में से 78 उम्मीदवार बाहरी राज्यों के चयनित हुए। उन्होंने तकनीकी शिक्षा विभाग की लेक्चरर भर्ती, विकास एवं पंचायत विभाग की एसडीओ सिविल भर्ती और कृषि विभाग की एडीओ भर्ती का भी हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कई पदों पर दूसरे राज्यों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता मिली। हुड्डा ने कहा कि वर्ष 2019 की असिस्टेंट प्रोफेसर पॉलिटिकल साइंस भर्ती में 18 में से 11 उम्मीदवार बाहरी राज्यों के चयनित हुए। उन्होंने सरकार से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और हरियाणा के युवाओं के हितों की रक्षा करने की मांग की।

## संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता शुरू, युवा बढ़-चढ़कर लें भाग

हरियाणा मेल ब्यूरो

**चंडीगढ़।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता शुरू हो गई है। mygov.in के सहयोग से आयोजित यह राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता आगामी 15 सितंबर, 2026 तक चलेगी।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में युवाओं, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों तथा आम नागरिक अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता केवल एक ऑनलाइन क्विज नहीं, बल्कि देश के इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत विभाजन के दौरान लाखों लोगों ने जिन कठिन परिस्थितियों का सामना किया, उनके संघर्ष, त्याग और राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझना आज की युवा पीढ़ी के लिए आवश्यक है। इस प्रकार की पहल युवाओं में इतिहास के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करेगी।

उन्होंने बताया कि सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकगण विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने में सहयोग करें।

प्रवक्ता ने बताया कि प्रतियोगिता पूरी तरह निःशुल्क है तथा इसमें सभी भारतीय नागरिक भाग ले सकते हैं। यह एक समयबद्ध ऑनलाइन क्विज होगी, जिसमें सफलतापूर्वक भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को MyGov की ओर से डिजिटल ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी क्विज डॉट माईजीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## लाखों रुपये की हेरोइन बरामद, महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी



**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से 54 लाख रुपये की हेरोइन बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

डबवाली पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर ने सोमवार को बताया कि आरोपी हेरोइन बेचने की फिराक में था। पुलिस ने सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि सीआईए डबवाली पुलिस गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान मंडी कालांवाली में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक स्कूटी सवार युवक बड़ी मात्रा में हेरोइन लेकर ओढ़ा-कैंचियां कालांवाली पर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने योजनाबद्ध घेराबंदी की और मौके से आरोपी हरमीत सिंह को स्कूटी सहित काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 270 ग्राम 550 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने गांव कालांवाली क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार जसप्रीत सिंह व एक महिला आरोपी को सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान देसू रोड कालांवाली क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति महिला आते दिखाई दिए जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़ गए। पुलिस ने शक के आधार पर उनका पीछा कर दोनों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ कालांवाली थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**पदनाम संशोधन**

### हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला, ईएसआई कर्मचारियों को मिली नई पहचान

## स्टाफ नर्स अब कहलाएंगे नर्सिंग ऑफिसर: अनिल विज

- **नर्सिंग सिस्टर बनेंगी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर: विज**
- **मैट्रन का पदनाम हुआ मुख्य नर्सिंग ऑफिसर, सहायक मैट्रन अब सहायक मुख्य नर्सिंग ऑफिसर**
- **स्टाफ नर्स से चीफ नर्सिंग ऑफिसर तक नए पदनाम: विज**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) विभाग में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ के विभिन्न पदों के पदनामों को स्वास्थ्य विभाग की तर्ज पर संशोधित कर दिया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय के बाद ईएसआई विभाग के नर्सिंग कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग के अनुरूप समान पहचान और पदनाम मिल सकेंगे।

विज ने बताया कि ईएसआई विभाग के नर्सिंग कैडर के पदनामों में बदलाव किया गया है। इसके तहत स्टाफ नर्स का पदनाम अब नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग सिस्टर का पदनाम सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, सहायक मैट्रन का पदनाम सहायक मुख्य नर्सिंग ऑफिसर और मैट्रन का पदनाम मुख्य नर्सिंग ऑफिसर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव नर्सिंग स्टाफ की भूमिका, जिम्मेदारियों और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

श्रम मंत्री ने स्पष्ट किया कि पदनामों में यह परिवर्तन केवल प्रशासनिक स्तर पर किया गया है और इससे राज्य सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य ईएसआई विभाग में भी स्वास्थ्य विभाग की तरह पदों में समानता स्थापित करना, प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाना और कार्य प्रणाली में बेहतर समन्वय लाना है।

अनिल विज ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होता है। मरीजों की देखभाल से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन तक नर्सिंग कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पदनामों में बदलाव से कर्मचारियों को सम्मानजनक पहचान मिलेगी और उनके मनोबल में भी वृद्धि होगी। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच पदों की समानता स्थापित होने से कामकाज में अधिक प्रभावशीलता आएगी।

विज ने कहा कि जब उन्हें हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिला था, तब भी उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के पदनामों में समय के अनुसार बदलाव करने की पहल की थी। उनका उद्देश्य कर्मचारियों को आधुनिक और गरिमापूर्ण पहचान दिलाना था। उसी पहल को आगे बढ़ाते हुए अब ईएसआई विभाग के नर्सिंग कैडर के पदनाम भी स्वास्थ्य विभाग के अनुरूप किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय नर्सिंग कर्मचारियों के लिए सकारात्मक संदेश लेकर आया है। इससे उनकी पेशेवर पहचान और मजबूत होगी तथा विभागीय कार्यों में बेहतर तालमेल स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने और उन्हें सम्मानजनक पहचान देने के लिए लगातार कदम उठा रही है।

## संसद में विपक्ष की आवाज दबाना और जनप्रतिनिधियों पर हमले लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता: कुमारी सैलजा

- **सांसद पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुई घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग**

हरियाणा मेल, एजेंसी



**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि संसद केवल सरकार की नीतियां रखने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आवाज और लोकतांत्रिक असहमति की सबसे बड़ी संस्था है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार बढ़ रहा टकराव संसदीय लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। सरकार की जिम्मेदारी है कि विपक्ष को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिले और सदन में सार्थक चर्चा हो। कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी करोड़ों मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। राष्ट्रीय मुद्दों पर उनकी बात सुनना संसदीय परंपराओं का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। संख्या बल के आधार पर विपक्ष की आवाज को दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करता है।

सांसद ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई घटना की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उन पर जूता-चप्पल फेंकने और चाकू रखने का आरोप सामने आया है, जिसकी जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के साथ हिंसा या धमकी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दोषियों पर निष्पक्ष जांच के बाद सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

सैलजा ने केंद्र सरकार से संसद में गतिरोध खत्म करने, विपक्ष के साथ संवाद बढ़ाने और सभी जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती अलग-अलग विचारों को सुनने और उनका सम्मान करने से होती है।

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक **ऋषि नारायण आचार्य** द्वारा स्वत्वाधिकारी शिवा पब्लिकेशन के लिए मैसर्स आर डी प्रिन्टर्स एंड पब्लिशर्स प्रा. लि., बी-48, सेक्टर-8, नोएडा गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 201301 से मुद्रित तथा सी-2589, सुशांत लोक-1, चकरपुर गुरुग्राम हरियाणा 122001 से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालयः द्वितीय तल आपका सिटी प्लाजा, सिविल लाईन रोड गुड़गांव। RNI No. HARHIN/2012/47672, फोन. 9990909797, Email: haryanamail.info@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गुरुग्राम न्यायालय होगा।